सुप्रभात
रांची, मंगलवार
17.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 332



12 आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भारत विश्व में अग्रणी बनने की ओर : शाह

## न्यूज डायरी

### इडी ने रॉबर्ट वाड्रा को फिर भेजा समन, 17 को तलब

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद और प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के घेरे में आ गये हैं। ईडी ने उन्हें 17 जून को पूछताछ के लिए दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय में पेश होने का नोटिस भेजा है। यह कार्रवाई लंबे समय से चर्चा में रहे हथियार डीलर संजय भंडारी से कथित संबंधों और लंदन स्थित एक विवादित प्रॉपर्टी के सिलसिले में की जा रही है। इससे पहले 10 जून को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन वे उस दिन उपस्थित नहीं हो सके थे। उन्होंने नई तारीख की मांग की, जिसे ईडी ने स्वीकार करते हुए अब 17 जून की तारीख तय की है।

### पीएम मोदी को साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान

**नयी दिल्ली।** साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने पीएम मोदी को सोमवार को साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, साइप्रस के ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय सम्मान को प्राप्त करके मैं बहुत खुश हूं। मैं इसे हमारे देशों के बीच की मित्रता को समर्पित करता हूं। यह पुरस्कार 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित करते हुए कहा कि यह भारत-साइप्रस की भरोसेमंद दोस्ती का सम्मान है।

### रांची पुलिस ने बरामद की सेना के फर्जी मुहर

**रांची।** भारतीय सेना का फर्जी मुहर बनाने वाले गिरोह का पदार्फाश हुआ है। रांची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बिहार के कैमूर निवासी सर्वेश सिंह और रांची के पीपी कंपाउंड निवासी आशीष दास को गिरफ्तार किया है। सोमवार को एसएसपी चंदन सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मिलिट्री हॉस्पीटल नामकुम के परिसर में राठौर जनरल स्टोर, नामक एक फर्जी संस्था के माध्यम से भारतीय सेना के उच्च अधिकारियों के स्टाम्प बनाकर फजीर्वाडा किया जा रहा है।

### देश का सवाल हो तो तथ्यहीन बात नहीं करनी चाहिए: सिन्हा

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर की जनता के आतंकवाद के विरुद्ध खड़े होने को बड़ा बदलाव बताया है और विपक्षी नेताओं को नसीहत दी है कि जब देश की एकता-अखंडता का सवाल हो तो वहां जिम्मेदारी दिखानी चाहिए, तथ्यहीन बातें नहीं करनी चाहिए। श्री सिन्हा ने सोमवार को शाम यहां इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) के कला निधि प्रभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तक ह्यरिइमैजिनिंग जम्मू एंड कश्मीर : ए पिक्टोरियल जर्नी का विमोचन किया।

## कार्टून कोना




# रातू रोड फ्लाईओवर का काउंट डाउन शुरू, 19 को उद्घाटन



**एक नजर**

- निर्माण में 279 करोड़ रुपये खर्च हुए
- करीब 550 करोड़ रुपये कुल लागत आयी
- यह एलिवेटेड कॉरिडोर कुल 101 पिलर हैं
- रातू रोड पर 3.57 किमी लंबा फ्लाई ओवर
- जाम से मिलेगी निजात

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी वासियों को एक और फ्लाईओवर बड़ी सौगात शीघ्र मिलने जा रही है। जाम की समस्या से परेशान रातू रोड पर 3.57 किमी लंबा फ्लाई ओवर बनकर तैयार हो गया है। इसका उद्घाटन 19 जून को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी करेंगे। यह जानकारी खुद रांची के भाजपा सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने साझा की है। खास बात है कि चंद माह के भीतर

**शहर को एक और सौगात**

रांचीवासियों को तीसरा फ्लाई ओवर मिलने जा रहा है। इससे पहले हेमंत सरकार ने कांटा टोली और सिरमटोली फ्लाई ओवर की सौगात दी थी।

नवंबर 2022 में शुरू रातू रोड फ्लाई ओवर पूरा करने का लक्ष्य जनवरी 2025 रखा गया था, लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से थोड़ा विलंब हो गया। इसके निर्माण में 279 करोड़ रुपये की लागत आयी। इसके अलावा (जमीन अधिग्रहण व शिफ्टिंग के लिए अलग से राशि खर्च हुआ। करीब 550 करोड़ रुपये कुल लागत आयी। राजभवन के बगल में मौजूद नागा बाबा खटाल के पास इसका रैंप बना है। पिस्का मोड़ के बाद यह फ्लाईओवर दो हिस्सों में बंट गया है। एक हिस्से का रैंप हेहल के पास है तो दूसरे हिस्से का इटकी रोड पर करीब 800 मीटर आगे है। इसको तैयार करने में कुल 101 पिलर्स का इस्तेमाल हुआ है। इसका निर्माण एनएचएआई ने केसीसी बिल्डकॉन नाम कंपनी से करवाया है।

# जाति गणना के साथ 16वीं जनगणना की अधिसूचना जारी

## 35 लाख कर्मी 2027 तक दो चरणों में पूरी करेंगे जनगणना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को भारत की 16वीं जनगणना का ऐलान कर दिया। वर्ष 2027 में जाति गणना के साथ भारत की 16वीं जनगणना कराने के लिए अधिसूचना (गैजेट नोटिफिकेशन) जारी कर दी। जनगणना दो चरणों में की जायेगी। इस जनगणना का आधार एक मार्च 2027 माना जायेगा। इस अधिसूचना के साथ ही जनगणना को लेकर कवायद शुरू हो गयी। जनगणना में पहली बार जाति गणना भी शामिल होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। इससे पहले जनगणना वर्ष 2011 में हुई थी।

**दो चरणों में होगी जनगणना :** जनगणना दो चरणों में की जायेगी।



पहले चरण में हाउसलिस्टिंग ऑपरेशन होगा। इसके तहत प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जायेगा। वहीं दूसरे चरण में जनसंख्या गणना, जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी जुटायी जायेगी। इसके लिए प्रत्येक घर में हरएक व्यक्ति का विवरण लिया जायेगा।

**35 लाख कर्मचारी कार्य में लगेंगे :** केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने अपने पोस्ट में कहा कि 34 लाख कर्मचारी और पर्यवेक्षक तथा लगभग 1.3 लाख जनगणना अधिकारी इस कार्य को अंजाम देंगे। (शेष पेज 11 पर)

**क्या है अधिसूचना में**

केंद्रीय गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि एक मार्च 2027 ही जनगणना के लिए आधार होगा। हालांकि बर्फबारी वाले क्षेत्रों जैसे केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए ये एक अक्टूबर 2026 माना जायेगा। नयी दिल्ली में केंद्रीय गृह सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गृह मंत्री ने रविवार को आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की थी।

# बिना अनुमति आइपीएस का ट्रांसफर नहीं करें

## पुलिस मुख्यालय को फटकार, पुराना तबादला आदेश भी रद्द

### गृह विभाग का आदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के पुलिस मुख्यालय की ओर से 10 जून को 8 आइपीएस अधिकारियों को दिये गये अतिरिक्त प्रभार के आदेश आदेश को रद्द कर दिया गया है। इस मामले में गृह विभाग की ओर से पुलिस मुख्यालय को कड़ी फटकार लगायी गयी है। विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि ऐसा कोई भी आदेश पुलिस मुख्यालय अपनी मर्जी से जारी नहीं करे। अगर प्रभार या तबादले जैसा मामला फंसता है, तो एक महीना



तक रुके। एक महीने के बाद मुख्य सचिव से किसी को प्रभार देने की आज्ञा लें। मामला एक महीने से ज्यादा का हो तो मुख्यमंत्री की सहमति लेकर ही ऐसा कोई आदेश पारित करें। जो नियम संगत भी है।

**किन्हें मिला था किस पद का प्रभार :** पिछले दिनों पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी कर जैप-10 कमांडेंट सौरभ को जैप 1 कमांडेंट का कार्यभार सौंपा था। धनबाद के ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी को जैप-3 कमांडेंट का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया था। (शेष पेज 11 पर)

**क्या है गृह विभाग का आदेश**

गृह विभाग ने इस संबंध में डीजीपी पत्र जारी किया है। पत्र में साफ कहा है कि अखिल भारतीय सेवा के पदाधिकारियों के अल्प अवधि के लिए मुख्यालय से अनुपस्थिति और अवधि में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एक माह के अवधि के लिए अतिरिक्त प्रभार की व्यवस्था करने के लिए मुख्य सचिव स्तर से अंतिम निर्णय लेने का प्रावधान है। एक महीने से अधिक की अवधि होने पर मुख्यमंत्री का आदेश प्राप्त करना जरूरी है। वहीं हमेशा देखा जा रहा है कि पुलिस मुख्यालय द्वारा बिना सक्षम प्राधिकार से सहमति लिये बिना आदेश दे दिये जाते हैं। अतिरिक्त प्रभार या काम देखने का आदेश निर्गत किया जा रहा है, जो नियम के मुताबिक नहीं है। वर्तमान उदाहरण महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय से आदेश जारी कर 8 आईपीएस को रिक्त पदों पर अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया था। यह नियम के अनुकूल नहीं है। इसलिए अब से ऐसे किसी भी आदेश जारी करने के लिए नियम संगत काम किया जाना चाहिए।

# डीजीपी नियुक्ति व नियमावली पर हाइकोर्ट ने मांगा जवाब

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में लागू की गयी डीजीपी नियुक्ति नियमावली और इस पद पर अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने प्रतिवादी राज्य एवं केंद्र सरकार के अलावा अन्य प्रतिवादियों को जवाब के लिए एक और मौका दिया है, आज मामले में सरकार सहित अन्य प्रतिवादियों की ओर से जवाब दाखिल नहीं हो सका। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को पिछले सुनवाई में बताया गया था कि डीजीपी नियुक्ति नियमावली से राज्य सरकार ने यूपीएससी की भूमिका को हटा दिया है जो असंवैधानिक है, इसे निरस्त किया जाये। मामले में पूर्व की सुनवाई में हाई कोर्ट ने राज्य सरकार, यूपीएससी, डीजीपी, केंद्रीय गृह मंत्रालय को नोटिस जारी किया था। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने आज मामले की सुनवाई की। याचिका में कहा गया है कि अनुराग गुप्ता को 25 जुलाई 2024 को एक्टिंग डीजीपी बनाया गया था, जो कि 3 जुलाई 2018 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद 28 नवंबर 2024 को तत्कालीन डीजीपी अजय कुमार सिंह को हटाकर अनुराग गुप्ता को फिर से एक्टिंग डीजीपी बनाया गया, यह भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि जब तक राज्य सरकार कोई नया कानून नहीं बनाती, तब तक डीजीपी की नियुक्ति यूपीएससी की प्रक्रिया से ही होगी।

# दिल्ली-रांची फ्लाइट टेक ऑफ के बाद लौटी

- एयर इंडिया विमान में तकनीकी खराबी
- रनवे पर सकुशल लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** एयर इंडिया की आफत कम होने का नाम नहीं रही है। सोमवार को दिल्ली से रांची जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआइ-9695 में तकनीकी खराबी आ गयी। टेक ऑफ के तुरंत बाद उसे वापस दिल्ली डायवर्ट करना पड़ा। पायलट की सूझबूझ से विमान सकुशल उतर गया। यह




विमान दोपहर 4:25 बजे दिल्ली से रवाना हुआ था और रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर शाम 6:20 बजे उतरने वाला था। तकनीकी खराबी का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है।

**12 जून को अहमदाबाद में हुआ था हादसा :** याद रहे कि 12 जून को गुजरात के अहमदाबाद में लंदन जा रहा एअर इंडिया का एक विमान क्रैश हो गया था। इसमें 12 क्रू मेंबर सहित 242 लोग सवार थे। 241 लोगों की मौत हो गयी थी। एक शख्स चमत्कारिक तरीके से सुरक्षित बच गया। घटना में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी की भी मौत हो गयी। सोमवार को ही रूपाणी का अंतिम संस्कार किया गया। (शेष पेज 11 पर)

**हांगकांग-दिल्ली फ्लाइट भी लौटी**

इससे पहले आज ही एअर इंडिया की हांगकांग से दिल्ली आनेवाली फ्लाइट में तकनीकी खराबी के कारण डायवर्ट करना पड़ा था। एअर इंडिया की हांगकांग-दिल्ली फ्लाइट एआइ-315 में भी तकनीकी खराबी की सूचना मिली थी। इसके बाद वापस उसे हांगकांग लौटना पड़ा। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:16 बजे हांगकांग से उड़ान भरी थी, लगभग एक घंटे के बाद फ्लाइट उड़ान भरने के तुरंत बाद रनवे पर लौट गयी।

# ईरानी परमाणु ठिकाने पर बमबारी से धमाका, आ गया भूकंप

## तेहरान का 100 मिसाइलों से पलटवार, परमाणु युद्ध की आशंका से दुनिया टेंशन में

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ईरान और इजरायल के बीच लड़ाई भीषण रूप लेती जा रही है। सोमवार सुबह भी दोनों ओर से भयावह हमले जारी हैं। ईरान के फोर्डो परमाणु साइट के पास इजरायल के हमले सोमवार सुबह जोरदार धमाके हुए हैं। ईरानी शहर कोम के बाहर फोर्डो न्यूक्लियर फैसिलिटी पर कई जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गयी। इसी दौरान परमाणु साइट के आसपास के इलाकों में भूकंप के झटके भी महसूस किये गये। भूकंप



की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.5 मापी गई है। जोरदार धमाकों को भूकंप आने की वजह माना जा रहा है। वहीं ईरान ने भी पलटवार करते हुए करीब 100 मिसाइलों से इजरायल पर हमला किया है।

**कोम शहर के पास धमाके**

ईरान इंटरनेशनल ने एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो में बताया है कि कोम शहर से करीब 20 किलोमीटर दूर बड़े धमाके दिखाई दे रहे हैं। इन धमाकों के साथ भूकंप आने की पुष्टि स्थानीय मीडिया ने की है। हालांकि इन धमाकों में जानमाल का कितना नुकसान हुआ है, इसकी जानकारी अभी ईरान की ओर से नहीं दी गई है। फोर्डो परमाणु साइट पर बड़े नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है। इजरायल ने दावा किया है कि उसने ईरान की मिसाइल प्रणाली का 30% हिस्सा नष्ट कर दिया है।

**परमाणु जंग की तैयारी में ईरान :** ईरान- इजरायल संघर्ष अब केवल दो देशों के बीच की लड़ाई नहीं रही, यह अब वैश्विक स्थिरता के लिए खतरा बनता जा रहा है। ईरान ने परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) से हटने का संकेत दे दिया है। इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चिंता और तनाव बढ़ गया है। (शेष पेज 11 पर)

# छोटी सी लापरवाही ने पिता- पुत्र की ली जान

**हुसेनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बड़ेपुर पंचायत के सहियारा गांव में सोमवार को अहले सुबह एक छोटी सी लापरवाही से दो लोगों की जान चली गयी। एक सूखे कुआं से लोटा निकालने के चक्कर में पिता जगत रजवार (65) और पुत्र मुन्ना रजवार (35) की दम घुटने से मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ गौरांग महतो समेत तमाम अधिकारी पहुंचे। ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने शव को निकाला। दोनो शवों को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार की सुबह मुन्ना रजवार कुआं के पास एक लोटा लेकर कुछ काम कर रहा था। लोटा कुआं में गिरने के बाद वह उसे निकालने कुआं में उतर गया। जब काफी देर हो गई तो उसे देखने पिता जगत रजवार भी कुआं में उतर गया। बताया जाता है की कुआं में पानी नहीं था। काफी संकरा कुआं होने की वजह से पिता पुत्र दोनो की दम घुटने से मौत हो गयी। गौरांग महतो ने मृतक के आश्रितों को हर संभव मदद दिलाना का भरोसा दिलाया।

# जनगणना अधिसूचना पर झामुमो का हमला, एनपीआर को बताया 'साजिश'

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भप्ताचार्य ने केंद्र सरकार पर जनगणना अधिसूचना को लेकर बड़ा हमला बोला है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने हाल ही में जारी जनगणना संबंधी अधिसूचना को 'भ्रामक' और 'राजनीतिक साजिश' करार दिया।

भप्ताचार्य ने कहा कि जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में जनगणना कार्य 1 अक्टूबर 2026 से शुरू होगा, जबकि देश के अन्य हिस्सों में यह प्रक्रिया 1 मार्च 2027 से शुरू की जाएगी।

जनगणना दो चरणों में की जाएगी - पहला, मकान आधारित गणना और दूसरा, व्यक्ति आधारित गणना. इसमें जनसांख्यिकीय और जातिगत आंकड़े एका किए जाएंगे। पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी और एकत्रित डेटा को राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) में दर्ज किया जाएगा।

उन्होंने जनगणना के समय-निर्धारण को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' के कार्यान्वयन में एक बाधा बताया। भप्ताचार्य ने कहा कि जब 2029 के आम चुनाव जनवरी से पहले घोषित होंगे और आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी, उस समय तक जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया अधूरी रहेगी। इसका मतलब है कि महिलाओं को 33% आरक्षण देने वाला यह कानून एक बार फिर टल जाएगा।

उन्होंने इस प्रक्रिया को 'प्रलोभन देकर थाली खींच लेने' जैसा बताया और सवाल उठाया कि अब तक ठढफ का फॉर्मेट सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह 'डिजिटल जनगणना' एक सुनियोजित रणनीति है, जिसका उद्देश्य विशेष वर्गों, धर्मों और जातियों को लक्षित करना है।

कहा कि यह एक तरह की 'पॉपुलेशन हैकिंग' की योजना है, जो आदिवासी, दलित, ईसाई और मुस्लिम समुदायों के लिए गंभीर खतरा बन सकती है, उन्होंने यह भी मांग की कि केंद्र सरकार स्पष्ट करे कि क्या इस जनगणना में 'सारण धर्म कोड' को शामिल किया जाएगा या नहीं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में उन्होंने चेतावनी दी, एनपीआर और डिजिटल जनगणना के माध्यम से भाजपा एक ऐसा दस्तावेज तैयार कर रही है, जो देश के आम नागरिकों की पहचान को संकट में डाल सकता है। एक दिन ऐसा भी आ सकता है, जब एक हिंदुस्तानी को खुद को हिंदुस्तानी साबित करने के लिए दर-दर भटकना पड़े।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान को जन जन तक पहुंचायें : मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान को जन-जन तक किसान मोर्चा पहुंचाये। श्री मरांडी सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक गांवों में जाकर किसानों को आधुनिक एवं प्राकृतिक खेती के लिये प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रगतिशील किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती एवं बाजार से जुड़ने के नये विकल्पों की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत केवल आर्थिक विकास का एजेंडा नहीं। बल्कि हर भारतीय के सपनों और अधिकारों का प्रतिबिंब है। मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लिये प्रस्तुत पांच प्रण देश को प्रगति की दिशा में अग्रसर कर रहे हैं। 11 संकल्प जैसे- कर्तव्य पालन, समावेशी विकास, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस, कानून के शासन का सम्मान, महिला नेतृत्व में विकास, वंशवादी राजनीति का अंत, आरक्षण की सुरक्षा आदि, भारत को आत्मनिर्भर और वैश्विक शक्ति बनाने के हैं। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि झारखंड में भाजपा किसान मोर्चा ने घोषणा की किसानों की समस्याओं को लेकर 24 जून को सभी प्रखंड कार्यालयों पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर रंजय भारती, रीता प्रसाद, विक्रांत उपाध्याय, मनमीत अकेला, प्रभात रंजन, सदानंद महतो, टोनी जैन, अजय दुबे, अरविंद सिंह खुराना, राजेश कुशवाहा, विनोद ठाकुर, सुरेंद्रनाथ, अवधेश दुबे सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# अंतर जिला स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि 21 तक बढ़ी

## राज्य के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को बड़ी राहत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के लिए बड़ी खबर है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने अंतर जिला स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। अब शिक्षक 21 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इससे पहले अंतिम तिथि 14 जून थी। लेकिन पोर्टल में तकनीकी समस्या आने के कारण विभाग ने ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाई है। इसके अलावा, आवेदन के सत्यापन और स्वीकृति देने की समय सीमा भी बढ़ाई गई है।

**क्या है नई शिक्षक स्थानांतरण नीति :** राज्य सरकार ने हाल ही में शिक्षक स्थानांतरण नीति में संशोधन किया है। इसके तहत अब प्राथमिकता के तौर पर असाध्य रोग से ग्रसित शिक्षकों, दिव्यांग शिक्षकों के अलावा 50 वर्ष से अधिक आयु की महिला शिक्षकों, विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यकता महिला शिक्षिका, एकल अभिभावक शिक्षक या शिक्षिका का भी स्थानांतरण हो सकेगा।

### फैक्ट फाईल

**ऑनलाइन आवेदन :** शिक्षक 21 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

**सत्यापन और स्वीकृति :** प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का जिला शिक्षा अधीक्षक और माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों का जिला शिक्षा पदाधिकारी 26 जून तक आवेदनों का सत्यापन करेंगे।

**स्थानांतरण के अनुमोदन :** जिला शिक्षा स्थापना समिति में स्थानांतरण के अनुमोदन और राज्य स्तरीय समिति को ऑनलाइन भेजने की प्रक्रिया 27 जून से 11 जुलाई तक पूरी की जाएगी।

# सही अवसर और प्रशिक्षण मिलने पर ग्रामीण महिलाएं विकास में दे रही है योगदान : दीपिका

## दीपिका पांडे ने किया ओरिएंटल टेक्सटाइल का दौरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** राज्य की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सोमवार को रांची स्थित ओरिएंटल टेक्सटाइल का दौरा कर वहां दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर कार्यरत महिलाओं के कार्यों का निरीक्षण किया।

दीपिका पांडेय सिंह ने महिलाओं द्वारा अर्जित कौशल, आत्मविश्वास और कार्यस्थल पर उनके समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि डीडीयू-जीकेवाई जैसी योजनाएं ग्रामीण महिलाओं के जीवन में व्यापक और सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। यह पहल उन्हें न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि सामाजिक पहचान भी दिला रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सही अवसर और समुचित प्रशिक्षण मिलने पर ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं राज्य के विकास में उल्लेखनीय योगदान दे सकती हैं। ऐसे कार्यक्रम नारी शक्ति को केंद्र में रखकर समावेशी विकास को गति देते हैं।

दीपिका पांडे सिंह ने प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को झारखंड की बदलती तस्वीर का प्रतीक बताते हुए कहा कि राज्य सरकार ऐसी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और विस्तार के लिए संकल्पबद्ध है, ताकि हर गांव की महिला आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ सके।

इस दौरान ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के. श्रीनिवासन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में महिलाओं की भागीदारी, कौशल विकास, आजीविका संवर्धन और कर्मचारियों के हितों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

## विधानसभा में ध्यानाकर्षण के विशेष समिति की बैठक

**रांची।** विधायक चंद्रदेव महतो एवं अरूप चटर्जी के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पर सोमवार को धनबाद जिला के बलियापुर अंचल के सुरूंगा एवं एटी देवप्रभा कंपनी द्वारा जबरन ओबी डम्प किए जाने से संबंधित मामले पर सत्र के दौरान गठित विशेष समिति विभागीय बैठक आयोजित हुई। समिति ने मामले से संबंधित विभिन्न विषयों पर विमर्श किया जाना था। लेकिन, विभागों के वरीय पदाधिकारियों के बैठक में नहीं आने के कारण बैठक नहीं हो पायी। समिति के संयोजक मथुरा महतो ने समिति शाखा को निर्देशित किया है कि बैठक में सचिव स्तर के पदाधिकारी के अनुपस्थित रहने की सूचना स्पीकर रवींद्र नाथ महतो को दे दी जाये। बैठक में विशेष समिति के संयोजक मथुरा प्रसाद महतो, अरूप चटर्जी, राज सिन्हा, उमाकांत रजक एंव चंद्रदेव महतो के साथ-साथ संयुक्त सचिव रंजीत कुमार, उप सचिव अनूप लाल उपस्थित थे।

## आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मिल रही सिद्धि : संजय सेठ

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि पीएम नमो के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्धि मिल रही है। श्री सेठ सोमवार को भाजपा महानगर की ओर से आयोजित संकल्प सभा में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। यह आयोजन धुर्वा मंडल में की गई थी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रप्रथम के साथ सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित सरकार के 11 वर्ष पूर्ण हुये। उन्होंने कहा कि पीएम नमो ने आतंक के मुद्दे पर हमने जीरो टॉलरेंस की नीति रखी। ऑपरेशन सिंदूर से आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। संकट काल में युद्धग्रस्त देश से नागरिकों को सुरक्षित भारत लाया। भारत के इतिहास में नरेंद्र मोदी का कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जायेगा। विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्धि मिल रही है। रक्षा क्षेत्र में हमें नई ऊंचाई मिली है। प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3०7 लाख करोड़ दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि 81 करोड़ लोगों को मुफ्त 5 किलो अनाज दिये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक पक्के घर बने।

## हेमंत सरकार का भ्रष्टाचार पर वार

# निबंधन विभाग के चार अधिकारियों पर गिरी गाज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। राज्य सरकार ने रजिस्ट्री ऑफिस में भ्रष्टाचार के मामलों पर बड़ी कार्रवाई की है। सरकार ने चार अधिकारियों को चिन्हित किया है, जिनपर निबंधन कार्यालयों में पदस्थापन अवधि में गंभीर आरोप लगे हैं। इन अधिकारियों पर सरकारी जमीनों के निबंधन में धांधली के आरोप हैं। राज्य सरकार ने इन पदाधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई चलाने का निर्णय लिया है।

### इन पदाधिकारियों पर चलेगी विभागीय कार्रवाई

जिन पदाधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई चलेगी। उनमें, संतोष कुमार सहायक निबंधक महानिरीक्षक-1 मुख्यालय, श्वेता कुमारी उप निबंधन महानिरीक्षक मुख्यालय, भू-राजस्व विभाग,सुजित कुमार निबंधन कार्यालयों के निरीक्षक, कोल्हान प्रमंडल चाईबासा और मिहिर कुमार गोविंदपुर निबंधन कार्यालय शामिल है। विभागीय जांच के लिए सेवानिवृत्ति आइएएस इकबाल आलम अंसारी को विभागीय जांच संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है।

### क्या है आरोप

अधिकारियों पर आरोप है कि निबंधन के कागजातों का विधिवत सत्यापन नहीं किया। भूमि के निबंधन के दस्तावेज सत्यापन को गंभीरता से नहीं लिया। दस्तावेज जांच एवं भूमि-विवरणी का सत्यापन नहीं किया और संवेदनशील मामलों में नियमों एवं प्रावधानों के अनुपालन के लिए यथोचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया।

# गौतम सागर ने राजद के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव को दी बधाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव को राजद नेताओं ने बधाई दी है। बधाई देने के क्रम में राजद के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक गौतम सागर राणा एवं महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने संजय सिंह यादव को पुष्पगुच्छ एवं मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर गौतम सागर राणा ने नवनिर्वाचित प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय सिंह यादव को सुझाव दिया कि राज्य में संगठन को पंचायत स्तर पर मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य में राजद का अनेक स्थानों पर मजबूत जनाधार है। इसको बचाये रखना भी जरूरी है। श्री राणा के सुझाव पर प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि आपका मार्गदर्शन स्नेहपूर्वक स्वीकार्य है। पार्टी को पंचायत स्तर पर मजबूत बनाने के लिए संगठन को ताकतवर बनाया जाएगा। 5 जुलाई को पटना में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद पार्टी झारखंड में अपनी मजबूती के लिए रोड मैप तैयार करेगा।

बधाई देने वाले नेताओं में राजद के मुख्य प्रवक्ता कैलाश यादव,मदन यादव, सुनीता चौधरी, डॉ मनोज कुमार, मो इरफान अंसारी, मनोज पांडेय, आबिद अली, इंद्रदेव ठाकुर, चंद्रशेखर भगत, सुधीर गोप, रामकुमार यादव, इम्तियाज हुसैन, मोहर सिंह यादव, धर्मेंद्र महतो, रामभजन सिंह, रामप्रवेश सिंह, मोहर सिंह यादव, रंजीत कुमार सहित अन्य नेता शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### आरोपी की जमानत अर्जी पर अब 24 को होगी सुनवाई

**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन और बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन फर्जीवाड़े के मुख्य आरोपी निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद ने जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की है। दाखिल याचिका पर सोमवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। आगे की सुनवाई के लिये अदालत ने 24 जून की तारीख निर्धारित की है। भानु प्रताप प्रसाद सेना के कब्जे वाली जमीन फजीर्वाड़े में 13 अप्रैल 2023 से जेल में है। जबकि, बड़गाई अंचल जमीन फर्जीवाड़े में वह अगस्त 2023 से जेल में है। आरोपी ने 13 जून को जमानत याचिका दाखिल की है।

### जीएसटी घोटाले के आरोपियों की 30 जून तक बढ़ी हिरासत अवधि

**रांची।** 800 करोड़ रुपये से अधिक के बहुचर्चित जीएसटी घोटाले के एक मुख्य आरोपी कारोबारी विक्की भालोटिया उर्फ अमित अग्रवाल समेत चार की न्यायिक हिरासत अवधि अदालत ने 30 जून तक बढ़ा दी है। जेल में बंद आरोपियों को सोमवार को पीएमएलए कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 30 जून निर्धारित की है। फर्जी शेल कंपनियों के नाम पर इनपुट टैक्स क्रेडिट ;आईटीसीद्ध का अवैध लाभ उठाकर बड़े पैमाने पर राजस्व चोरी मामले में शिवकुमार देवड़ाए जमशेदपुर के जुगसलाई निवासी विक्की भालोटियाए कोलकाता के कारोबारी अमित गुप्ता और मोहित देवड़ा जेल में है।

### चार्जशीटेड तीन आरोपियों को मिली एबीपी की सुविधा

**रांची।** जेपीएससी द्वितीय नियुक्ति घोटाले में चार्जशीटेड तीन आरोपियों को अदालत ने अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की है। सीबीआई कोर्ट ने 13 जून को दाखिल याचिका पर सुनवाई पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने आरोपी शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव, सियाराम सिंह यादव और रोहित सिन्हा को अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार किया गया। इनलोगों ने अप्रैल महीने में अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की है। वहीं, प्रकाश कुमार, मौसमी नागेश एवं हरि शंकर बड़ाईक की याचिका पर 17 जून को भी सुनवाई जारी रहेगी। अदालत ने बीते 7 मार्च को 26 भ्रष्ट अफसरों समेत 64 आरोपियों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुये समन जारी किया है। इसके बाद से आरोपियों का अदालती दौड़ जारी है।

### हत्या के मामले में दोषी को उम्र कैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त अरविंद कुमार नंबर 2 की अदालत ने सोमवार को पांच साल पुराने हत्या मामले में दोषी करार सनातन बेदिया को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अदालत ने उसे 13 जून को दोषी ठहराया था। इसी मामले में ट्रायल फेस कर रहा आरोपी सनातन बेदिया के पिता प्राण बेदिया और मां सरिता देवी को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। हत्या की घटना सिल्ली थाना क्षेत्र के बूढ़ाबेहरा गांव की है। घटना को लेकर मृतक की पत्नी सरस्वती देवी ने 26 जून 2020 को सिल्ली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया था कि 25 जून 2020 को शाम 6 बजे गांव के ही सनातन बेदिया और उसके पिता प्राण बेदिया और मां सरिता देवी तीनों ने मिलकर लाठी डंडे के साथ सोमनाथ बेदिया के घर पहुंचा। सभी ने लाठी-डंडे से मारकर सोमनाथ बेदिया को जख्मी कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को बीस वर्ष कैद की सजा

**रांची।** नाबालिग का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी युवक पवन लोहरा को अदालत ने 20 साल कैद की सजा सुनाई है। यह सजा पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश बीके श्रीवास्तव की अदालत ने सोमवार को सुनाई है। साथ ही, उस पर 75 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त डेढ़ साल जेल काटनी होगी। अदालत ने उक्त आरोप में उसे12 जून को दोषी करार दिया था। उस पर नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर पुणे ले जाने और शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप था। अभियुक्त अनगड़ा थाना क्षेत्र निवासी है। अपहरण की घटना को लेकर पीड़िता के पिता ने लालपुर थाना में अप्रैल 2023 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर 14 जून 2023 को अभियुक्त पवन लोहरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोप है कि परीक्षा के बाद वह ट्यूशन गई थी।

## जबरन जमीन कब्जा मामले को लेकर राज्यपाल से मिले देवेन्द्र महतो, कहा

# समस्या समाधान किया जाये अन्यथा शुरू करेंगे जमीन बचाओ यात्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी में जबरन जमीन कब्जा का मामला तुल पकड़ते जा रहा है। रांची में तेजी से हो रही अवैध जबरन जमीन कब्जा का मामला को जेएलकेएम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो समेत नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार तक पहुंचाया। महतो ने बताया कि इस ओर राज्यपाल संतोष गंगवार जी को ध्यान आकृष्ट कराया गया है। उन्हें बताया गया कि रांची में पूंजीपति वर्ग द्वारा लगातार जबरन सीएनटी एक्ट जमीन, गैर मजरूआ आम खास, कृषि भूमि, वन भूमि, पहनाई, कायमि, सिकमि, बकास्त, जिरात, बकाश्त भूइहरी, हिंद केसरी, इत्यादि प्रकार के जमीन को सीएनटी एक्ट, भूमि अधिग्रहण अधिनियम का उलंघन करते हुए अवैध रूप से जबरन कब्जा किया जा रहा है।

### बीआईटी मेसरा कर रहा है जमीन पर कब्जा

बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा द्वारा मेसरा, रुदिया, हुंबई, मौजा का 281 एकड़ जमीन बिना अधिग्रहण दस्तावेज के जबरन कब्जा किया जा रहा है। मेसरा के अनुसार 1964-65 में भूमि अधिग्रहण किया जा चुका है। लेकिन इस जमीन का बीआईटी मेसरा और भू-अर्जन विभाग, जिला भू-अभिलेखागार के पास जमीन अधिग्रहीत का कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं है, जबकि इस जमीन का रैयत वर्तमान समय 2024-25 में जमीन का लगान भर रहें हैं।

वहीं, कांके नगड़ी मौजा में रिम्स टू के नाम से 277 एकड़ खतियानी, कटवार, पहनाई, कायमी इत्यादि प्रकार का जमीन को बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी द्वारा 1956-57 में अधिग्रहीत का नाम से जबरन कब्जा किया जा रहा है, जबकि 1956-57 से लेकर 2012 तक स्थानीय रैयत द्वारा जमीन का लगान भी भरा जा चुका है। इसी जगह पर स्थानीय रैयत द्वारा जब 2012 ई में आईआईएम/ ट्रिपल आईटी कॉलेज निर्माण का विरोध किया गया था, तब से कांके नगड़ी मौजा के समस्त जमीन का लगान वसूली कार्य बंद कर दिया गया था। इस जमीन का रैयत द्वारा 2012 तक नियमित रूप से लगान भरा गया है, जबकि बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी और जिला भू-अर्जन कार्यालय, जिला भू-अभिलेखागार कार्यालय कहीं भी जमीन अधिग्रहीत का कोई भी प्रमाण दस्तावेज उपलब्ध नहीं है।



देवेंद्र ने कहा कि टाटीसिल्वे हरातु मौजा में डीआरएम दक्षिण पूर्वी मंडल रेल द्वारा अवैध रूप 78.139 एकड़ जमीन जबरन कब्जा किया जा रहा है। आरटीआई के जवाब में रेलवे के पास जमीन अधिग्रहीत का कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। भू-अर्जन कार्यालय में संपर्क करने का लिखित जवाब दिया था। भू-अर्जन विभाग के अनुसार लगभग 7 एकड़ जमीन अधिग्रहण करने करने का दस्तावेज है। लेकिन रेलवे इंजिनियरिंग नक्शा के अनुसार 1957-58 में 38.74 एकड़ जमीन अधिग्रहण का दावा ठोकती है। ग्रामीणों का शिकायत है कि वर्तमान में जमीन का मापी करने से 77 एकड़ जमीन पर अवैध जबरन कब्जा करने का शिकायत है। उन्होंने यह भी जानकारी दिया कि कांके चामा, बुकरु, नगड़ी मौजा में 500 एकड़ से ज्यादा बखास्त, मुंडा, भुईहरि, पहनाई, डाली कतारी जमीन का नेचर को बदल कर बड़े बड़े भू माफिया जमीन को जबरन अवैध रूप से बेचा जा रहा है। महतो ने बताया कि पूंजीपति वर्ग, भू-माफिया और सरकारी अधिकारीयों के मिलीभगत द्वारा साजिश के तहत राजधानी रांची आस पास के किसानों को भूमिहीन बनाने का षडयंत्र रचा जा रहा है। सीएनटी एक्ट की धारा 49 और भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 की धारा 101 के अनुसार अगर सरकार द्वारा जमीन किसी जमीन को अधिग्रहीत करने के पांच साल तक उक्त जमीन पर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता है तो वह जमीन रैयत को वापस करने का प्रावधान है।

फिर भी रैयत का जमीन को जबरन कब्जा किया जा रहा है। नियम अनुसार जमीन का समस्या का समाधान किया जाये अन्यथा राजधानी रांची चारों तरफ से जमीन बचाओ यात्रा आंदोलन किया जायेगा। राज्यपाल से मिलनेवालों में देवेन्द्र नाथ महतो समेत नौ प्रतिनिधिमंडल में करमु मुंडा, नागेंद्र महतो, बाबूलाल महतो, जयंती देवी, संजय महतो, मालती देवी, चंदन महतो, धनेश्वर महतो, रजनीश कुमार महतो, शांति देवी शामिल थे ।

# सेना का फर्जी मुहर बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** राजधानी पुलिस ने भारतीय सेना के नाम पर फर्जी मुहर बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से भारी मात्रा में फर्जी रबर स्टांप, मोबाइल, कम्प्यूटर उपकरण समेत अन्य आपत्तिजनक सामग्री पुलिस ने बरामद की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी कि नामकुम स्थित मिलिट्री हॉस्पिटल परिसर के पास संचालित राठौर जनरल स्टोर के माध्यम से सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के नाम पर फर्जी मुहरें बनाई जा रही हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने नामकुम थाना से एक विशेष टीम गठित कर कार्रवाई का निर्देश दिया।

पुलिस टीम द्वारा की गई छापेमारी में राठौर जेनरल स्टोर से सेना के अधिकारियों के नाम पर बने कई रबर स्टांप, प्री-इंक्ड फ्लैश स्टांप, एक मोबाइल फोन, मुहर बनाने का नमूना और वॉट्सएप स्क्रीनशॉट बरामद किए गए।

दुकान के संचालक सर्वेश कुमार सिंह (उम्र 43 वर्ष), निवासी कैमूर, बिहार को गिरफ्तार किया गया। जब उससे भारतीय सेना की मुहर बनाने संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका।

पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह विगत चार वर्षों से इस कार्य को अंजाम दे रहा है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने फर्जी मुहरें तैयार करने वाले दास साउंड नामक दुकान के संचालक आशीष दास (उम्र 47 वर्ष) को भी गिरफ्तार किया। उसकी दुकान से एक कंप्यूटर का सीपीयू भी बरामद किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में सर्वेश कुमार सिंह, निवासी - चाय बगान, इंटर काउंसिल, नामकुम, जिला रांची (मूल निवासी- कैमूर, बिहार), रांची के हिंदपीढ़ी थाना के लोअर पीपी कंपाउंड निवासी आशीष दास शामिल हैं।

**एसएसपी चंदन सिन्हा ने दी जानकारी**

इस संबंध में रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि पुलिस इस मामले में और भी लोगों की संलिप्तता की जांच कर रही है। उनका कहना है कि फर्जीवाड़े की यह श्रृंखला सुरक्षा के लिहाज से बेहद गंभीर है, जिस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस भवन में स्वास्थ्य मंत्री का जनता दरबार आज

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने आम लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए अपनी नई पहल के तहत प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस कोटे के मंत्रियों का जनता दरबार लगाने की क्रमवार कार्यक्रम की शुरूआत की है। इसी कड़ी स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी 17 जून दिन मंगलवार को 11 बजे से कांग्रेस भवन में जनता दरबार लगाएंगे, जहां आम लोगों की समास्याओं को सुनेंगे और उसका निदान करने का प्रयास करेंगे। जनता दरबार में आमलोग भी अपनी समस्याएं लेकर पहुंच सकते हैं।

इस क्रम में इससे पहले कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने 5 जून को जनता दरबार का आयोजन किया था, जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपनी समस्याओं को सामने रखा था। जिसका समाधान मंत्री द्वारा तत्काल कराने का प्रयास किया गया। आनेवाले दिनों में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर और ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह द्वारा भी जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जनता संबंधित विभागों से जुड़ी अपनी समास्याये मंत्री के सामने रख सकते है। यह जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने दी है।

## शैडो डीजीपी से स्पष्टीकरण मांग रहा झारखंड का गृह विभाग : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को राज्य सरकार पर डीजीपी को लेकर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि डीजीपी अनुराग गुप्ता अब न अखिल भारतीय सेवा में हैं, ना सस्पेंड हो सकते हैं, ना उनपर कोई विभागीय कार्रवाई लागू होती है। ना तो उन्हें वेतन मिल रहा है कि मुख्यमंत्री उनका वेतन रोक सकते हैं। आज झारखंड की पुलिस व्यवस्था शैडो डीजीपी के हाथों में है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के सारे तुगलकी आदेश वही दे रहे हैं। सिपाहियों तक की ट्रांसफर-पोस्टिंग पैसे ले-देकर हो रही है। उन्होंने कहा कि 10 जून को 8 आईपीएस अधिकारियों को डीजीपी पद पर बैठे असंवैधानिक व्यक्ति ने असंवैधानिक तरीके से अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया तो इसमें हैरान होने वाली क्या बात है। बिना यूपीएससी की सूची में नाम वाले व्यक्ति ने बिना मुख्यमंत्री की स्वीकृति और बिना किसी विधिक अधिकार के ये सब कर दिया। उन्होंने कहा कि सुनने में आया है कि अब गृह विभाग ने उसे रद्द कर श्स्पष्टीकरण मांगा है। लेकिन, स्पष्टीकरण किससे मांग रहे हैं। उस व्यक्ति से जिसे आप नियमों के दायरे में ला ही नहीं सकते हैं। जब वे अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी रहे ही नहीं तो जाहिर है वो सेवा के नियम को क्यों मानेंगे। उन्होंने कहा कि ये बात कैसे समझ में नहीं आ रही मुख्यमंत्री को। उनकी चुप्पी और बेबसी क्या दर्शाती है। उन्होंने कहा कि या तो मुख्यमंत्री को पता नहीं, या वे पूरी तरह अयोग्य हैं। या फिर उनको सब पता है कि इस हालात के लिये वे स्वयं दोषी हैं। उन्होंने कहा कि यह कौन नहीं जानता है कि झारखंड के कुछ बेलगाम अफसर अब संविधान से नहीं, सत्ता के साथ नेटवर्क से चलते है।

### भाजपा ने चुनाव में इतना टॉर्चर किया कि बांग्ला बोलना सीख गया : डॉ इरफान अंसारी

**रांची।** कांग्रेसी नेता और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा ने झारखंड में बांग्ला बोलने वालों को बांग्लादेशी कहकर झारखंडियों की अस्मिता का अपमान किया। जिन्हें बांग्ला नहीं आती थी। भाजपा की नफरत ने उन्हें बांग्ला सिखा दिया। और हां, मैं भी अब बांग्ला सीख गया। मंत्री ने कहा कि भाषा अपराध नहीं होती। भाषा हमारी पहचान है, हमारी संस्कृति है। मंत्री ने कहा कि अब बिहार में चुनाव है। वहां भी लाखों लोग बांग्ला बोलते हैं। देखना कहीं भाजपा उन्हें पाकिस्तानी न कह दे। डॉ इरफान ने कहा कि झारखंड जीत चुका हूं और अब बंगाल के बाद बिहार की बारी है। भाजपा की नफरत की राजनीति अब नहीं चलेगी। मैं भाजपा की दाल गलने नहीं दूंगा। भाषा नहीं झुकेगी, झारखंड नहीं रुकेगा।

### आजसू पार्टी के संगठन सचिव ने छोड़ी पार्टी



रांची। आजसू पार्टी के संगठन सचिव, रांची सह खूंटी जिला प्रभारी अभिषेक हरेंज ने निजी कारणों से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने सोमवार को पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो को इस बाबत पत्र भेजा है। जिसमें कहा है कि विगत आठ वर्षों से पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया। जो भी जिम्मेवारी दी गयी, ईमानदारी पूर्वक उसका निर्वहन किया।

## झारखंड में महिला आयोग का न होना, एक अपराध : राफिया नाज

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा है कि झारखंड में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा करने वाले सबसे महत्वपूर्ण संवैधानिक मंच राज्य महिला आयोग का गठन अब तक नहीं हो पाया है। यह न केवल एक प्रशासनिक विफलता है। बल्कि सरकार की महिलाओं के प्रति सोच को भी बेनकाब करता है। उन्होंने कहा कि अब यह पूरी तरह साफ हो गया है कि सरकार महिला सशक्तिकरण और महिला अधिकारों के मुद्दों को लेकर कतई गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो गया था। लेकिन, तब से लेकर अब तक आयोग का पुनर्गठन नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि आयोग के अभाव में आज 5,200 से अधिक मामले लंबित हैं। जिनमें यौन शोषण, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, बाल विवाह और कार्यस्थल पर उत्पीड़न जैसे गंभीर मामले शामिल हैं। उन्होंने कहा कि महिला अपराधों के तेजी से निपटारे के लिये विशेष अदालतों की स्थापना की घोषणायें तो हुईं। लेकिन, जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि महिला पुलिस पिकेट की स्थापना भी राज्य सरकार की घोषणाओं तक ही सीमित रही है। विशेषकर ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में महिलाओं के पास कोई सुरक्षा तंत्र नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत जी की सरकार केवल नारों और घोषणाओं की राजनीति कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग की अनुपस्थिति से खासकर आदिवासी और ग्रामीण इलाकों की महिलायें सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि जब संवैधानिक संस्थायें ही निष्क्रिय हो जायें, तो सामाजिक कुरीतियों और अपराधों के खिलाफ लड़ाई कैसे लड़ी जायेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड की हर बेटी को न्याय दिलाने तक संघर्ष जारी रखेंगे।

### पासवा के सम्मेलन में झारखण्ड राज्य को मिला बेस्ट स्टेट का अवार्ड




**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा पश्चिम बंगाल में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर में संचालित निजी स्कूलों के संचालक व संगठन के 500 से भी अधिक पदाधिकारी शामिल हुए और संगठन द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में स्किल इंडिया, नर्सरी शिक्षक प्रशिक्षण अभियान का शुभारंभ, निजी स्कूलों की जमीनी बाध्यता एवं नई शिक्षा नीति के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए रणनीति तय की गई। सम्मेलन मे झारखंड राज्य को बेस्ट स्टेट के अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने तथा संचालन फरजाना शकील और फौजिया खान ने मुख्य रूप से किया।

### आदित्य ने हार्वर्ड से एमबीए की डिग्री हासिल कर बढ़ाया झारखंड का मान




रांची। राजधानी रांची के एक और युवा ने वैश्विक मंच पर अपने शहर और राज्य का नाम रोशन किया है। आदित्य शंकर प्रसाद, जो रांची के जेपीएम श्यामली स्कूल से केजी से बारहवीं तक की पढ़ाई पूरी की है। उन्होंने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एमबीए की डिग्री प्राप्त की। यह क्षण उनके माता-पिता के लिए बेहद भावुक भरा था। आदित्य ने हार्वर्ड से पहले मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बोस्टन से इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री भी हासिल की है। बीते आठ वर्षों में वे टेस्ला, एप्पल, और क्लाउडकिचन जैसी दिग्गज वैश्विक कंपनियों में कार्य कर चुके हैं।

### नामकुम प्रखंड कांग्रेस कमेटी के पदधारियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोलीं यशस्विनी सहाय

## कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचायें

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन वर्ष अभियान के तहत सोमवार को नामकुम के पदधारियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में यशस्विनी सहाय शामिल हुईं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं। उन्हीं की बदौलत पार्टी को मजबूती मिलती है।

उन्होंने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव के दौरान क्षेत्र के मतदाताओं का उन्हें भरपूर समर्थन प्राप्त हुआ। लोगों ने काफी प्यार और समर्थन दिया। उन्होंने लोकसभा चुनाव में खिजरी विधानसभा के कार्यकर्ताओं सहित मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने की कार्यकर्ताओं से अपील की। उन्होंने संगठन के पदधारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुये उनसे पार्टी हित में कार्य करने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर शाहजादा अनवर, राकेश किरण महतो, सुन्दरी तिर्की, अशोक मिश्रा, माधो कच्छप, अर्चना मिश्रा, विजय टोप्पो, जीतो कच्छप, मदन मोहन मिश्रा, अंजू लकड़ा, बीजो लकड़ा, रोज लकड़ा, मेरी तिर्की, सिलास टूटी आदि शामिल थे।

## आजसू छात्र संघ 22 जून को बलिदान दिवस मनायेगा, बनी रणनीति

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता और आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने सोमवार को रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित आजसू छात्र संघ की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 22 जून को बलिदान दिवस के माध्यम से राज्य के नवनिर्माण के लिए हुंकार भरेंगे।

श्री प्रभाकर ने कहा कि झारखंड राज्य के निर्माण में छात्रों और युवाओं की ऐतिहासिक भूमिका रही है और अब समय आ गया है कि वे पुनः जनता के हक और अधिकारों की लड़ाई में आगे आयें। बैठक की अध्यक्षता आजसू छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने की, जबकि संचालन कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो ने किया।

ओम वर्मा ने बताया कि 22 जून को रांची में आयोजित बलिदान दिवस ऐतिहासिक होगा। इसे सफल बनाने के लिए छात्र संघ के कार्यकर्ता पूरी ताकत से जुट गये हैं। इस समारोह में राज्यभर से कार्यकर्ताओं के जुटने की संभावना है।

कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो ने झारखंड सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने छात्रों और युवाओं से सिर्फ वादे किये, लेकिन उन्हें निभाया नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो सरकार रोजगार और बेरोजगारी भत्ते के मुद्दे पर विफल रही है। शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी कोई ठोस प्रयास नहीं किये गये हैं।

## राष्ट्र विरोधी बयान दे रहे झामुमो के प्रवक्ता : भाजपा

- भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने कहा कि तुष्टीकरण से पॉपुलेशन हैकिंग तो झामुमो कांग्रेस के डीएनए में

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने झामुमो महासचिव प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा पर झामुमो का बयान सिर्फ असंवैधानिक और अमर्यादित टिप्पणी ही नहीं बल्कि राष्ट्र विरोधी बयान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जब विदेश जाते हैं तो वे पूरे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। आज अनेक राष्ट्र प्रधानमंत्री को अपने राष्ट्र के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित कर रहे हैं। इससे देश का सम्मान बढ़ रहा है। सोमवार को भी साइप्रस ने अपने सर्वोच्च सम्मान से प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया है। लेकिन, झामुमो इतनी छोटी मानसिकता से ग्रसित है कि उसे इसमें गर्व महसूस नहीं होता है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत कंज्यूमर नेशन नहीं बल्कि दुश्मन के घर में घुसकर मारने वाला स्ट्रांग नेशन बना है। विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि कंज्यूमर नेशन तो कांग्रेस ने बनाकर रखा था। उन्होंने कहा कि जनगणना के संबंध में बयानबाजी से झामुमो अपनी नासमझी को उजागर कर रहा है। एक तरफ सरकारी कार्य अब तेजी से डिजिटल हो रहे। बैंकों के लेनदेन से लेकर सरकारी योजनाओं का लाभ तेजी से भ्रष्टाचार मुक्त तरीके से धरातल पर उतर रहा है। झारखंड की सरकार भी योजनाओं को डिजिटल रूप में नीचे तक पहुंचा रही है। कोविड काल में तो भारत ने डिजिटल क्रांति का ऐसा नमूना पेश किया कि दुनिया चकित रह गई। टीकाकरण के साथ ही डिजिटल सर्टिफिकेट मिलना यह अमेरिका जैसे विकसित देश में भी संभव नहीं हो पाया था। इसे भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सफलता पूर्वक पूरा किया।

उन्होंने कहा कि जनगणना की अभी अधिसूचना जारी हुई है और झामुमो की बौखलाहट सामने आने लगी। इनकी चिंता स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि कोविड टीकाकरण पर भी झामुमो ने खूब दुष्प्रचार किये थे। लेकिन जनता की स्वीकृति के आगे इनकी एक भी नहीं चली। बाद में झामुमो के नेता टीका भी लगवाने लगे और अपने नाम का श्रेय भी लेने लगे। उन्होंने कहा कि जनगणना से इनके राजनीतिक झूठ उजागर होंगे। स्पष्ट आंकड़े जनता के सामने आयेंगे।

# आईआईएम रांची में शैक्षणिक सत्र 2025 की हुई शुरुआत

- उत्साह, दृढ़ता और प्रेरणात्मक विचारों के साथ शुरू हुई प्रबंधन यात्रा

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची में सोमवार से शैक्षणिक सत्र 2025 की शुरूआत हुई। स्वामी विवेकानंद सभागार में विद्यार्थियों का औपचारिक स्वागत किया गया। शैक्षणिक सत्र 2025-2027 में देश के विभिन्न राज्यों से 400 से अधिक विद्यार्थियों ने एमबीए, एमबीए-बीए, एमबीए-एचआर और पीएचडी प्रोग्राम के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव और डीन अकादमिक प्रो. तनुश्री दत्ता ने की। इस अवसर पर मेजर जेनरल परमवीर सिंह डागर, वीएसएम बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। दीप प्रज्वलन कर शैक्षणिक यात्रा को ज्ञानयात्रा के मार्ग परआगे बढ़ाया गया।

मुख्य अतिथि मेजर जनरल डागर ने विद्यार्थियों को अनुशासन और लक्ष्य की महत्ता से प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन एक नियम नहीं, बल्कि आदत होनी चाहिए, जिससे लगातार प्रेरित होते रहने की जरूरत है। विद्यार्थी अपनी शैक्षणिक यात्रा में आत्मचिंतन, आत्म-विश्वास, विनम्रता और जिज्ञासा को बनाये रखें, इससे ज्ञान का संचार बना रहेगा। जिज्ञासा को शांत करने के लिए किताबों और शोध-पत्र से जुड़े, इससे ज्ञान को बल मिलेगा और प्रभावी सोच विकसित होगी।

निदेशक, प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को अपनी योग्यता और दक्षता बढ़ाने के लिए प्रभावी व समग्र शिक्षा हासिल करने पर जोड़ दिया। उन्होंने कहा कि बी-स्कूल में आकर आंकड़ों के फेर में ना उलझे, अपनी कुशलता से समाज को नयी दिशा देने की सोच विकसित करें। प्रो. दीपक ने विद्यार्थियों को आईआईएम रांची की शिक्षण पद्धति और सामाजिक दायित्वों पर आधारित पाठ्यक्रम से प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बहुमुखी विकास के लिए जिज्ञासा और अनुशासन को जीवन का मंत्र बनाने की शिक्षा दी। साथही शैक्षणिक विकास के लिए आईआईएम रांची में हो रहे नियमित बदलाव और भविष्य के लक्ष्यों से अवगत कराया।

## हाईकोर्ट में बायो मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल पर सुनवाई : प्रदूषण बोर्ड को जांच कर जवाब देने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** हाईकोर्ट में राज्य के नर्सिंग होम और हॉस्पिटल से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण को लेकर सुनवाई हुई। इस मामले को लेकर झारखंड ह्यूमन राइट कनफेडरेशन ने जनहित याचिका दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि राज्य में बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण सही तरीके से नहीं किया जा रहा है।

**क्या है पूरा मामला**

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य के सभी जिलों के डीसी से शपथ पत्र मांगा था, जिसमें उनसे पूछा गया था कि उनके जिले में स्थित नर्सिंग होम और हॉस्पिटल से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण की क्या व्यवस्था है। डीसी की ओर से जवाब दाखिल किया गया है, जिसमें बताया गया है कि अस्पतालों से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट का सही तरीके से निस्तारण किया जा रहा है।

**क्या है कोर्ट का निर्देश**

कोर्ट ने झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को डीसी द्वारा दिए गए वक्तव्य की जांच करने और जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब इस मामले की सुनवाई 1 सितंबर को होगी।

**याचिका के जरीए क्या की गई है मांग**

याचिका में झारखंड में एनवायरमेंटल प्रोटेक्शन एक्ट के अंतर्गत बायो मेडिकल वेस्ट डिस्पोजल मैनेजमेंट रूल को लागू कराने का आग्रह किया गया है। कहा गया है कि राज्य में अस्पतालों, क्लीनिकों और नर्सिंग होमों से निकलने वाले बायोमेडिकल वेस्ट का निष्पादन करने के लिए एनवायरमेंटल प्रोटेक्शन एक्ट के तहत बायो वेस्ट मैनेजमेंट हैंडलिंग रूल का प्रावधान झारखंड में लागू होना चाहिए।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं, समाधान के दिये निदेश

# सामने आया कांके अंचल में जमीन हड़पने के प्रयास का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** थैंक यू डीसी सर, मेरी जमीन का म्यूटेशन हो गया, भू-माफियाओं द्वारा जमीन हड़पने का मंसूबा नाकाम हो गया... आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। ये शब्द रामेश्वर कुमार यादव के हैं, जिनकी समस्या का समाधान जनता दरबार के माध्यम से हुआ और आज उन्होंने उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री को धन्यवाद दिया। दरअसल रामेश्वर कुमार यादव ने शहर अंचल में जमीन खरीदी थी, साल 2020 से ही वे म्यूटेशन के लिए प्रयासरत थे, इस बीच भू-माफियाओं द्वारा फर्जी डीड बनाकर दूसरे व्यक्ति को जमीन बेचने का प्रयास किया जा रहा था। जनता दरबार में अपनी समस्या लेकर आने के बाद उपायुक्त द्वारा संबंधित अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया जिसके बाद आवेदक की समस्या का समाधान हुआ।



### जनता दरबार पदाधिकारियों को बुलाकर ली अद्यतन जानकारी

जनता दरबार में सड़क दुर्घटना में मृतक के पिता प्राकृतिक आपदा के तहत मुआवजा भुगतान हेतु आवेदन लेकर पहुंचे थे। पूरे मामले और दस्तावेज की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को जनता दरबार में बुलाकर मुआवजा भुगतान को लेकर अग्रेतर कार्रवाई के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। ग्राम प्रधान संघ, अनगड़ा के सदस्यों द्वारा ग्राम प्रधान के विभिन्न समस्याओं के संबंध में आवेदन दिया गया। इनमें ग्राम प्रधानों को विगत एक वर्ष से राशि भुगतान न होने के मामले से उपायुक्त को अवगत कराया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कोषागार पदाधिकारी को जनता दरबार में बुलाकर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली, टीओ द्वारा बताया गया कि आईएफएससी कोड गलत होने के कारण भुगतान नहीं हो पा रहा था, उन्होंने सुधार कर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

### जनता दरबार में नशे के खिलाफ लोगों को जागरुक करते रहे उपायुक्त

जनता दरबार में लोगों की समस्याओं को सुनने और समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश देने के बाद उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री लोगों को नशे के खिलाफ जागरुक करते रहे। उन्होंने कहा कि अपने आस पास नशा का कारोबार न होने दें, मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री होने की जानकारी अबुआ साथी पर दें। महिला आवेदकों से उपायुक्त ने मंईयां सम्मान योजना मिलने की भी जानकारी ली।

**कांके अंचल में मिलीभगत कर जमीन हड़पने का प्रयास :** जनता दरबार में एक बार फिर से कांके अंचल में मिलीभगत कर जमीन हड़पने के प्रयास का मामला सामने आया। भजन्त्री द्वारा फौरन मामले की जांच कर नियमसंगत कार्रवाई का आदेश जारी किया गया। आवेदक द्वारा अंचल के मौजा मदनपुर में मिलीभगत से फर्जी दस्तावेज के आधार पर म्यूटेशन कर जमीन हड़पने का प्रयास, मानसिक प्रताड़ना और पूरे परिवार को भयभीत करने से संबंधित शिकायत आवेदन के माध्यम से किया गया था। मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा एसडीएम को पूरे मामले की जांच का निर्देश दिया गया है।

**शहर अंचल के कर्मचारी को शो-कॉज, प्रपत्र- क गठित करने का निर्देश :** रंजीत मोहन ने 31 मार्च 2025 को म्यूटेशन के लिए आवेदन दिया था, निर्धारित समय-सीमा बीतने के बाद भी दाखिल-खारिज हेतु अग्रेतर कार्रवाई नहीं होने पर वे जनता दरबार में पहुंचे। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि कर्मचारी द्वारा फाइल आगे न बढ़ाकर टाल-मटोल का रवैया अपनाया जा रहा है। उपायुक्त द्वारा फौरन कर्मचारी को शो-कॉज करने और एक सप्ताह में म्यूटेशन हेतु अग्रेतर कार्रवाई नहीं करने पर प्रपत्र-क गठित करने का निर्देश दिया गया।

**इसी महीने बेटी की शादी, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ दिलाने का निर्देश :** रामवृक्ष उरांव की बेटी की शादी इसी महीने है, वे अर्थिक सहायता के संबंध में जनता दरबार में फरियाद लेकर आये थे। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा तत्काल जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को फोन पर मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।

**लगातार जनता दरबार में आनेवाले लोगों की बढ़ रही है संख्या :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की जनता दरबार में अपनी समस्या लेकर आनेवाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सोमवार को आयोजित जनता दरबार में जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों की संख्या काफी ज्यादा रही। जनता दरबार में राजस्व, पेंशन, प्रमाण-पत्र, स्थानांतरण, भूमि पर अवैध कब्जा एवं बिक्री आदि से संबंधित शिकायतों को सुनते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर समाधान करने के निर्देश दिये गये।

## खबर एक नजर में

### नीरजा सहाय डीएवी स्कूल में दूसरा संस्मरण समारोह आयोजित



रांची। नीरजा सहाय डीएवी में सोमवार को दूसरा संस्मरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हवन से की गयी। वहीं, पूर्व छात्रों का स्वागत चंदन तिलक लगाकर तथा गुलाब की कली भेंट कर किया गया। सभी पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए। रंगारंग कार्यक्रमों द्वारा उनका मनोरंजन किया गया तथा विभिन्न प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्या ने पूर्व छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्मरण समारोह का उद्देश्य पूर्व छात्रों की छात्र जीवन की यादों को ताजा करना और उनके अनुभवों को जानना है उन्होंने कहा पूर्व छात्र किसी भी संस्था की नींव होते हैं और उनको आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। पूर्व छात्रों ने समारोह में उत्साह पूर्वक भाग लिया और विद्यालय के साथ सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### अंतराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व योग उत्सव कार्यक्रम आयोजित

**रांची।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व सोमवार को योग उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। रिलेशंस संस्थान के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नटराज योग संस्थान के योगासन खिलाड़ियों ने संगीतमय नृत्य प्रस्तुत किया कर सभी दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। खिलाड़ियों ने कलात्मक नृत्य, थलात्मक नृत्य, युगल नृत्य, योगासन सामूहिक नृत्य कर सभी दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और गणेश वंदना के साथ हुआ। सभी खिलाड़ियों ने एक से एक बढ़कर कई महत्वपूर्ण योग आसान की प्रस्तुति भी दी। साथ ही साथ योगा सन ग्रुप के खिलाड़ियों ने महाभारत का प्रदर्शन, शिव तांडव की भी प्रस्तुति से सब का दिल जीता। इस मौके पर रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, डीएवी स्कूल गांधीनगर कि जूनियर विंग की इंचार्ज डॉ जया जायसवाल, प्रवीश कुमार ने सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने किया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने सोमवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समर्पण शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल ने किया। इसमें ब्लड शुगर, थायराइड , बीपी, बॉडी वेइट, हिमोग्लोबिन और भी तरह-तरह की जांच किए गए। इस शिविर से 62 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष कंचन सोमानी ,आशा संथालिया, सोनल शर्मा, कोमल पोद्दार अन्य सदस्य मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

### सीएमपीडीआई में स्वच्छता पखवाड़ा-2025 का शुभारंभ




**रांची।** सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने सोमवार को स्वच्छता पखवाड़ा-2025 की शुरुआत अपने संस्थान के कर्मियों को स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों के लिए प्रति सप्ताह दो घंटे समर्पित करने की शपथ दिलाकर की। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक (तकनीकी/ पीएंडडी/आरडीएंडटी) अजय कुमार, मुख्यालय-रांची तथा क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। 2025 की थीम 'स्वच्छता हर किसी का काम है' के साथ तालमेल बिठाते हुए सीएमपीडीआई स्वच्छता अभियान, अपशिष्ट निपटान और एकल-उपयोग प्लास्टिक को कम करने और स्वच्छ पेयजल को बढ़ावा देने के बारे में जागरूकता अभियान सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन मुख्यालय-रांची के साथ-साथ अपने सभी क्षेत्रीय संस्थानों में करेगा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत कोल इंडिया लिमिटेड और इसकी सभी सहायक कंपनियां 16 से 30 जून, 2025 तक स्वच्छता पखवाड़ा मना रही है, जो महात्मा गांधी के स्वच्छ और स्वास्थ्यकर भारत के दृष्टिकोण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता दर्शाती है।

### गुरुनानक सेवक जत्था के 25 वर्ष पूरे होने पर श्री सहज पाठ की शुरुआत आज से

**रांची।** गुरुनानक सेवक जत्था के पच्चीस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज से श्री सहज पाठ की शुरूआत होगी। गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा रोजाना सजाए जाने वाले सुबह के दूसरे दीवान में सुबह नौ बजे श्री सहज पाठ साहिब की शुरूआत जत्था द्वारा होगी और इस पाठ का भोग श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के दिन पांच नवंबर को संगत द्वारा इस उपलक्ष्य में पढ़े जाने वाले श्री सहज पाठों के साथ सामूहिक रूप से होगा। जत्था के मनीष मिढ़ा ने बताया कि कल से पांच दिसम्बर तक यह पाठ जत्था के सदस्यों द्वारा ही पढ़ा जाएगा। **चुनाव 22 को :** एक अन्य जानकारी देते हुए सत्संग सभा के नरेश पपनेजा ने बताया कि सत्र 2025-27 के लिए गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा, गुरुनानक भवन कमेटी और गुरुनानक बाल मंदिर स्कूल कमेटी का द्विवार्षिक चुनाव 22 जून को होगा, मतदान सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक गुरुनानक भवन के हॉल में होगा और रात नौ बजे तक तीनों संस्थाओं के परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी। मुख्य चुनाव पदाधिकारी पूर्व पार्षद देवराज खत्री, डॉ अजय छाबड़ा, प्रकाश अरोड़ा और हरीश नागपाल द्वारा नामांकन की प्रकिया 15 जून से चालू कर दी गई है।

### राज्यपाल के निर्णय के विरोध में अनुबंध शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का पैदल मार्च, सड़क पर किया भिक्षाटन



**रांची।** झारखंड के अंगिभूत महाविद्यालयों में कार्यरत अनुबंध शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने आज राज्यपाल और राज्य सरकार के निर्णय के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। यह पैदल मार्च राजभवन से शुरू होकर फिरायालाल चौक तक गया, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से आए दर्जनों कर्मचारी शामिल हुए। प्रदर्शन का मुख्य कारण राज्यपाल द्वारा लिया गया हालिया निर्णय है। इसके तहत अंगिभूत महाविद्यालयों में नामांकन और शिक्षण कार्य पर रोक लगा दी गई है। इस फैसले के चलते इन महाविद्यालयों में कार्यरत कई अनुबंध कर्मचारी अचानक बेरोजगार हो गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतरकर तख्तियों और बैनरों के माध्यम से नारेबाजी की और लोगों से भीख मांगकर अपना विरोध दर्ज कराया। उनका कहना था कि राज्यपाल का यह फैसला अन्यायपूर्ण है और इससे उनके जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि राज्यपाल ने तो आदेश दे दिया, लेकिन हमारे लिए कोई विकल्प नहीं छोड़ा। हम बिना किसी गलती के सजा भुगत रहे हैं। हमारी रोजी-रोटी छिन गई है और सरकार ने हमारी सुध तक नहीं ली। कर्मचारियों ने सरकार से मांग की कि या तो उन्हें वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध कराया जाए, या फिर अंगिभूत महाविद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया और शिक्षण कार्य को पुन: प्रारंभ किया जाए, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित रह सके। यह पैदल यात्रा न केवल विरोध का प्रतीक थी, बल्कि सरकार और शिक्षा विभाग के प्रति कर्मचारियों की गहरी नाराजगी को भी दर्शा रही थी।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 को खुले रहेंगे सरकारी स्कूल, होगा योग संगम का आयोजन

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर झारखंड में एक अनोखा आयोजन होने जा रहा है। राज्य के सभी सरकारी स्कूल 21 जून को खुले रहेंगे। इस दिन सरकारी स्कूलों में योग संगम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में स्कूल के बच्चे, शिक्षक, अभिभावक और विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य शामिल होंगे। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार, सभी सरकारी स्कूलों में सुबह 6:30 बजे से 7:45 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और अन्य गणमान्य लोगों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### रांची में जल्द बनेगी एक और फोरलेन सड़क, लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

**रांची।** राजधानी वासियों को जल्द ही एक और फोरलेन सड़क मिलेगी। यह सड़क डीएवी पुंदाग से डीएवी हेहल तक बनाई जाएगी, ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा मिले। बताते चलें कि इस फोरलेन सड़क की लंबाई करीब 1.878 किलोमीटर होगी। प्रशासन ने इसके निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कुल 29 भूखंडों का अधिग्रहण किया जाएगा, जिसमें रैयत और गैर मजरूआ मालिक की जमीनें शामिल हैं। प्रशासन ने प्रस्तावित जमीनों की खरीद-बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। साथ ही इन जमीनों पर किसी भी तरह के निर्माण कार्य पर भी सख्त पाबंदी लगा दी गई है। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया में कोई बाधा न आये। इस फोरलेन सड़क के निर्माण से लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। इससे शहर के यातायात में सुधार होगा और लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में आसानी होगी।

## गो सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियां एवं संभावनाओं पर होगा राष्ट्रीय सेमिनार

- **19-20 जून को रांची में होगा सेमिनार, उद्घाटन कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की करेंगी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गो सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियों और दूसरे पहलुओं को लेकर 19-20 जून को राजधानी रांची में झारखंड गौ सेवा आयोग के द्वारा राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी सोमवार को आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने संवाददाताओं से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय इस सेमिनार में देश के विभिन्न राज्यों से विशिष्ट वक्ता एवं प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यशाला का उद्घाटन कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की 19 जून को करेंगी। उद्घाटन सत्र में विभागीय सचिव अबु बकर सिद्दिकी एवं निदेशक पशुपालन किरण पासी भी शामिल रहेंगी। यह कार्यशाला गौ संरक्षण एवं गौ संवर्धन के दृष्टिकोण से झारखंड राज्य में नीति निर्धारण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। आगे उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यशाला के मंथन से निकलने वाले सकारात्मक विचारों से भविष्य में हमारी गौशालाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। साथ ही साथ झारखंड राज्य की गौ संरक्षण एवं संवर्धन नीति और अधिक सशक्त सिद्ध होंगी। मौके पर गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी, सचिव डॉ संजय प्रसाद, निबंधक डॉ मुकेश मिश्रा एवं पशु चिकित्सक डॉ प्रभात पांडेय उपस्थित थे।

## दो दिवसीय रांची जिला ताइक्वांडो प्रशिक्षण कैंप संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 14 एवं 15 जून 2025 को रांची जिला यूनाइटेड ताइक्वांडो एसोसिएशन के बैनर तले बी.एन.एन. इंटरनेशनल स्कूल इरबा ओरमांझी और गेतलसूद डैम के समीप दो दिवसीय ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें जिला भर से लगभग 36 जूनियर्स ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर के मुख्य कोच मोहम्मद जमील अंसारी व इबरार कुरैशी थे तथा सहायक कोच के रूप में जयपाल महतो और मोहित मुंडा थे। यह प्रशिक्षण शिविर झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन के सचिव सकील अंसारी की देखरेख में संपन्न हुआ। शिविर का मुख्य उद्देश्य ताइक्वांडो खिलाड़ियों को नेशनल लेवल पर खेलने और मेडल जीतने की कई टिप्स प्रदान करना था। शिविर में खिलाड़ियों को ताइक्वांडो के बेसिक एडवांस किक, पंच, पूमसे, सेल्फ डिफेंस, स्टिक, लाठी की ट्रेनिंग दी गई। सकील अंसारी ने बताया कि ताइक्वांडो प्रशिक्षण से बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप मजबूत होते हैं साथ ही आत्मविश्वास से भरपूर हो जाते हैं। हर प्रकार के नशे से बिल्कुल दूर हो जाते हैं। ताइक्वांडो एक बहुत ही शानदार खेल है, क्योंकि यह ओलम्पिक गेम में शामिल है। अगर किसी खिलाड़ी में लगन हो तो वो बहुत आगे तक बढ़ सकता है और एक कोच के रूप अपना भविष्य भी बना सकता है।

### सीएमपीडीआई में तीसरे दिन भी योग गहन शिविर का आयोजन

**रांची।** सप्ताह भर चलने वाले योग गहन शिविर के तीसरे दिन भी सीएमपीडीआई मुख्यालय, रांची तथा इसके क्षेत्रीय संस्थानों में कर्मियों और उनके परिवार जनों की ओर से बड़ी भागेदारी रही। 14 जून से 20 जून, 2025 तक चलने वाले गहन शिविर, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 की जीवंत प्रस्तावना के रूप में काम करेंगे। इस वर्ष की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' को अपनाते हुए सीएमपीडीआई द्वारा आयोजित योग गहन शिविर अपने कर्मियों और उनके प्रियजनों के बीच स्वास्थ्य, एकता और समग्र कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन की गयी है। संगठन ऐसी आकर्षक और सार्थक गतिविधियों के माध्यम से कल्याण और एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्प है।

## लेट सेशन से परेशान छात्रों ने घेरा परीक्षा नियंत्रक का कार्यालय, किया धरना-प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार रौशन के नेतृत्व में आरयू की छात्र-छात्राओं ने सोमवार को रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय का घेराव किया। छात्रों ने न सिर्फ कार्यालय को घेरा, बल्कि ऑफिस के सामने धरना पर भी बैठ गये। विवि में एक ओर एकेडमिक कांउसिल की बैठक हो रही थी। वहीं दूसरी ओर छात्र जिंदाबाद, मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे। छात्र इस बात से नाराज बताए जा रहे थे कि विश्वविद्यालय का सेशन 1 साल विलंब चल रहा है। नर्सिंग की छात्राओं ने बताया कि सत्र 2020-24 का सत्र जो कि पिछले वर्ष ही पूर्ण हो जाना चाहिए था, परंतु अब तक चौथे वर्ष की परीक्षा नहीं हुई है। 2022-24 पोस्ट बेसिक के द्वितीय वर्ष की अब तक परीक्षा नहीं ली गई है। छात्रों का कहना था कि ऐसा प्रतीत होता है कि परीक्षा होने, रिजल्ट आने एवं रजिस्ट्रेशन मिलने तक इनका सत्र 2 साल विलंब हो जाएगा। घंटों चले धरना प्रदर्शन एवं हंगामे के बाद यूनिवर्सिटी प्रबंधन की ओर से सहायक परीक्षा नियंत्रक सहित अन्य पदाधिकारी धरने पर बैठे छात्रों से बात करने पहुंचे। परंतु छात्र कुलपति को बुलाने की मांग कर रहे थे। उन्होंने कुलपति के अलावा किसी से भी बातचीत करने से इनकार कर दिया। घंटों नारेबाजी के बीच रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिंह स्वयं छात्रों से वार्ता के लिए उनके बीच पहुंचे। उन्होंने छात्रों की समस्या से अवगत होते हुए तुरंत सहायक परीक्षा नियंत्रक सहित तमाम पदाधिकारियों को तलब किया एवं मौके पर सभी मांगों को मानने की घोषणा कर दी। कुलपति ने कहा कि बहुत ही जल्दी इसका निराकरण हो जायेगा। उन्होंने नर्सिंग के लेट सेशन पर चिंता व्यक्त करते हुए तुरंत फार्म भरे जाने की घोषणा की तिथि की घोषणा की एवं विश्वविद्यालय को तुरंत इसका नोटिफिकेशन निकालने के आदेश दिये। उन्होंने त्वरित कार्रवाई की बात कही एवं छात्रों से धरना समाप्त करने की अपील की। इसके बाद छात्रों ने धरना खत्म कर दिया।

# रांची विवि में 3 वर्षीय एलएलबी में अंक की जगह सीजीपीए

## 5 वर्षीय एलएलबी में करना होगा 6 इंटर्नशिप

खबर मन्त्र ब्यूरो

- **एकेडमिक काउंसिल की बैठक में फिजियो थेरेपी, बीपीएड-एमपीएड के सिलेबस के ड्राफ्ट को दी स्वीकृति**
- **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर लॉ, इनसॉल्वेंसी और बैंकक्रप्सी सिलेबस में शामिल**

**रांची।** रांची यूनिवर्सिटी में सोमवार को एकेडमिक कांउसिल की बैठक हुई। इसमें इसी सत्र से कानून के सिलेबस में बड़ा बदलाव किये जाने का निर्णय लिया गया। अब 3 वर्षीय एलएलबी सेशन 2025-26 में च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) से पढ़ाई होगी। इस सिस्टम के लागू होने के बाद छात्रों को अंक की जगह सीजीपीए (कमुलैटिव ग्रेड प्वाइंट एवरेज) दिए जाएंगे। अभी तक अंकों के आधार पर फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड डिविजन में नतीजे घोषित किए जाते थे। वीसी डॉ. अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई एकेडमिक काउंसिल की बैठक में प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी गई। तीन वर्षीय एलएलबी के सिलेबस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर लॉ, इनसॉल्वेंसी और बैंकक्रप्सी शामिल किया गया है। वहीं 5 वर्षीय इंटीग्रेटेट एलएलबी में 6 इंटरर्नशिप करना अनिवर्य होगा। सेमेस्टर-4 से सेमेस्टर-10 के बीच छात्रों को इंटरर्नशिप पूरा करना होगा। इसमें 5 इंटर्नशिप कानून से संबंधित होगा, जबकि एक इंटर्नशिप प्रबंधन से होगा। अभी तक इटर्नशिप को लेकर किसी प्रकार नियम नहीं था। आरयू बीपीएड, एमपीएड, बीपीईएस की पढ़ाई होनी है, जिसके सिलेबस और संचालन रेगुलेशन को स्वीकृति प्रदान कर दी गई। इसके अलावा फिजियो थेरेपी कोर्स की पढ़ाई इसी सेशन से की जानी है, जिसके सिलेबस को एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों ने सवीकृति प्रदान कर दी। बैठक में वीसी के अलावा सभी डीन, एचओडी, रजिस्ट्रार डॉ. जीसी साहू, डीआर डॉ प्रीतम कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

**4 वर्षीय टेक्सटाइल कोर्स की होगी पढ़ाई**

झारखंड इंस्टीट्यूट ऑफ क्राफ्ट एंड डिजाइन द्वारा रांची विवि को 4 वर्षीय टेक्सटाइल कोर्स की पढ़ाई शुरू करने का प्रस्ताव को एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों ने चर्चा के बाद स्वीकृति प्रदान कर दी। इसके अलावा क्राफ्ट कल्चर, कम्युनिकेशन एंड परफार्मिंग आर्ट और क्राफ्ट मैनेजमेंट कोर्स शुरू करने और इसका सिलेबस व संचालन रेगुलेशन को स्वीकृति प्रदान कर दी गई।

**यूजी में भारतीय ज्ञान परंपरा की पढ़ाई**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार स्नातक स्तर पर पढ़ाई हो रही है। इसी शैक्षणिक सत्र से सिलेबस में भारतीय ज्ञान परंपरा को शामिल करने पर सहमति प्रदान कर दी गई। भारतीय ज्ञान परंपरा की पढ़ाई 9 क्रेडिट की होगी। इसके सिलेबस को सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान कर दी।

**जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा का बदलेगा स्ट्रीम**

जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग (टीआरएल) के स्ट्रीम में एक बार फिर बदलाव किया गया है। अब टीआरएल ह्यूमिनिटी स्ट्रीम के अंतर्गत पहले की तरह आ गया है। पिछले पांच वर्षों से टीआरएल का स्वतंत्र स्ट्रीम है। यह टीआरएल के नाम से जाना जाता था। इस कारण यहां के पास आउट छात्रों को दूसरे राज्यों में प्रॉब्लम होता था। क्योंकि देश के किसी भी राज्य में टीआरएल नाम से अलग स्ट्रीम नहीं है।

**रीमोट सेंसिंग कोर्स की इसी सेशन से पढ़ाई**

रांची यूनिवर्सिटी के भूगोल विभाग में एक वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रीमोट सेंसिंग (जीआईएस) कोर्स की पढ़ाई होगी। इसके लिए सिलेबस और संचालन रेगुलेशन संबंधित विभाग द्वारा तैयार कर लिया गया है। यह जॉब ओरिएंटेट कोर्स है। इसका संचालन वोकेशनल कोर्स के तहत किया जाएगा।

# सीसीएल में फ्रंटलाइन माइनिंग पर्यवेक्षकों के सेंसिटाइजेशन पर कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय, रांची में सोमवार को फ्रंटलाइन माइनिंग सुपरवाइजरों के सेंसिटाइजेशन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों की खदानों से आये 76 ओवरमैन और माइनिंग सरदारों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम का उद्घाटन सी.एस. तिवारी, निदेशक (तकनीकी/ संचालन), सीसीएल ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कार्यस्थल की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु फ्रंटलाइन सुपरवाइजरों द्वारा अधिक सक्रिय और जागरूक भूमिका निभाने की आवश्यकता पर बल दिया। तकनीकी सत्र का नेतृत्व बिनोद कुमार, महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) ने किया। उन्होंने हाल के खान दुर्घटनाओं की विस्तृत समीक्षा के माध्यम से सुरक्षा उपायों को मजबूत करने और रोकथाम रणनीतियों पर चर्चा की।

उन्होंने कार्यशाला में फ्लोरेसेंट जैकेट्स का अनिवार्य उपयोग, अल्कोहल ब्रेथ एनालाइजर, सीट बेल्ट्स का प्रयोग, और कार्यकाल के दौरान नींद न लेने जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा निर्देशों पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने फ्रंटलाइन माइनिंग सुपरवाइजरों की तुलना सेना में कप्तानों से करते हुए, उन्हें सुरक्षा नेतृत्व, ज़िम्मेदारी और प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया गया जो सबसे आगे रहकर अपने दल का मार्गदर्शन करते हैं।

कार्यशाला का समापन प्रतिभागियों द्वारा अपने-अपने कार्यस्थलों पर सुरक्षा संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की सामूहिक प्रतिज्ञा के साथ हुआ।

## एलिवेटेड रोड का नामकरण को लेकर सरगर्मी तेज

# शहीद विशुन महतो पथ करने की मांग उठी

- हटिया विधायक को मिला ज्ञापन
- डीसी भजंत्री को भी दी गयी अर्जी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विधायक को ज्ञापन सौंपते समिति के लोग।

**रातू (रांची)।** राजधानी के रातू रोड में करोड़ों की लागत से बने एलिवेडेड सड़क का नामकरण को लेकर राजनीतिक दल और सामाजिक संगठनों की सरगर्मी तेज हो गयी है। सोमवार को विशुन महतो स्मारक समिति के पदधारियों ने विधायक नवीन जयसवाल से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन सौंप पथ का नाम शहीद विशुन महतो कराने की मांग रखी। इससे पूर्व डीसी मंजूनाथ भजंत्री को भी अर्जी दी गयी। श्री जयसवाल और भजंत्री ने इस पर विचार किये जाने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में आरएन महतो, चिंतामणि मिंज, कुशवाहा शिवचरण मेहता, शिशिर कुशवाहा व संदीप ओहदार आदि शामिल थे।

### महाराजा का भी नाम आया सामने

झामुमो नेता पृथ्वीनाथ शाहदेव ने पथ का नाम छोटानागपुर के 68 वें और अंतिम महाराजा चिंतामणि शरण नाथ शाहदेव किये जाने की बात कही है। वहीं, आजसू के राजीव रंजन उर्फ चिंटू मिश्र ने पथ का नामकरण सरना नेता दिवंगत बीरेंद्र भगत करने की मांग दोहरायी। इसके अलावा भी कई नामों की चर्चा हो रही है।

## सिल्ली में संकल्प सभा का हुआ आयोजन



सिल्ली। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार के दिन सिल्ली भाजपा मंडल के द्वारा कुतरु गांव मे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सफलता पूर्वक ग्यारह वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संकल्प सभा का आयोजन किया गया जिसमें पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया कि भारत को 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध हो कर शिक्षा पर्यावरण,जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण करना, भ्रष्टाचार समाप्त कर स्वच्छ समाज का निर्माण, वंशवाद की राजनीति को खत्म करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक एवं संचालन सुधीर कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी जैलेंद्र कुमार, जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ महतो, महिला मोर्चा अध्यक्ष स्नेहलता, महामंत्री अमिता देवी, चंदन गोस्वामी, गुणाधर बेदिया, रविन्द्र साहू, सुभाष मंडल, सुलोचना देवी, सुषमा समेत दर्जनों कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: टीआरडी-आरएनसी-25-26-05, दिनांक 13.06.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** रांची मंडल के तहत हाई रेटेड (1600ए) द्वारा लो रेटेड आइसोलेटरों का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु. 45,89,938.58; **ईएमडी मूल्य:** रु. 91,800; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 07.07.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देख सकते है। पिन कोड: 834003. (PR-277)



**कार्यालय- सिद्धो-कान्हो, कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि०, राँची**
**(कार्यालय,जिला सहकारिता पदाधिकारी, राँची)**

पत्रांक ................/ सह0, राँची, दिनांक ..........................

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

जिला राँची अन्तर्गत (सिद्धकोफेड) के अधीन कार्यालय सिद्धो–कान्हो, कृषि एंव वनोपज जिला सहकारी संघ लि0, के दैनिक उपयोग हेतु बाह्य स्त्रोत (Outsource) के तहत किराये पर वाहन लिये जाने हेतु इच्छुक ट्रेभल एजेन्सी/फर्म/वाहन आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| Sl.No. | Name of Work | Description |
|---|---|---|
| 01 | Requirement of Vehicle (Bolero Neo) on Rent | Rate Contract for vehicle(Bolero Neo) on Rent from out Source |
| 02 | Tender Fee | Rs. 2500(Two Thousend five hundred only) Non Refundable |
| 03 | EMD fee | Rs. 30,000.00(Thirty Thousand only) |
| 04 | Cost Date/Time for submission of bids | 23.06.2025 |
| 05 | Bid opening Date(Technical+Financial) | 25.06.2025, 02:00 PM |
| 06 | Name & Address of Office inviting Tender(Procurment officer) | Secretary,Sidho Kanho, Agriculture and Forest Produce District Co-operative Federation Limited-CUM-District Co-operative Office, Vikash Bhawan C-14 2nd Floor Ranchi- 834001 |
| 07 | Helpline Number | 9110017948 |

Note:- Further details Can be seen, downloaded through website http://ranchi.nic.in

सचिव,
सिद्धकोफेड, जिला संघ, राँची

PR.NO.355143 Co-opretive(25-26):D


## बिरहोर टोला मे धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खलारी।** खलारी प्रखण्ड के लपरा पंचायत स्थित धुमकुड़िया भवन बिरहोर टोला में धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लपरा मुखिया पुतुल देवी ने किया। इस कार्यक्रम में आदिम जनजाति बिरहोरों के परिवारों के लिए पेंशन, आवास, आधार, जन्मप्रमाण पत्र सहित अन्य सरकारी योजनाओं से वंचित रहे परिवारों को लाभान्वित योजनाओं से जोड़ा गया। कार्यक्रम में आदिम जनजाति लोगो को मुख्य रूप से पेंशन व आधार पर कार्य किया गया। अभियान में मनरेगा व बिरसा आवास योजनाओं से जोड़कर जॉब कार्ड त्वरित बनाया गया। अथवा बिरहोर परिवारों के लिए मेडिकल जांच कर दवाई का वितरण किया गया। वही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में बेटियों को अच्छी शिक्षा के लिए मदद व गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण आहार सम्बंधित के बारे में जानकारी दिया गया। मौके पर मुखिया पुतुल देवी, बीएसओ गोपाल रामदास, पंचायत सेवक रिशु ओझा, रोजगार सेवक विश्वरंजन कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## सोनाहातू प्रीमियर लीग कैनवस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सोनाहातू।** प्रखंड के थाना मैदान में सोमवार को सोनाहातू प्रीमियर लीग कैनवस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट प्रारंभ हुआ। टूर्नामेंट में चैलेंजर फाइटर दानाडीह, सुधीर स्पोर्टिंग तेलवाडीह, सोनाहातू ब्लॉक एलेवन, मुरली डेंजर एलेवन, सोनाहातू सुपर किंग्स, प्रेस एलेवन, दिगम एलेवन डोमाडीह, रियल टाइगर सोनाहातू टीम के खिलाड़ी अपना प्रदर्शन करेंगे। टूर्नामेंट के पहला मुकाबला चैलेंजर फाइटर दानाडीह और सुधीर स्पोर्टिंग तेलवाडीह के बीच हुआ। पहला मैच बिना हार जीत के संपन्न हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन सोनाहातू पंचायत के मुखिया विकास सिंह मुंडा और हारिन पंचायत के मुखिया मनोज सिंह मुंडा ने किया। मौके पर आयोजन समिति के रीत जयसवाल, विकास भगत, मनीष कुमार, सुधीर कुमार महतो सहित टीम के ऑनर मौजूद थे।


**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा।**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

एतद् द्वारा संवेदक अजमल अंसारी, ग्राम चिरी, पो0 कुड़ू, जिला– लोहरदगा के अधीन MMGSY के अंतर्गत तुरियाटोली मण्डप से झखराटोली तक पथ निर्माण कार्य लम्बाई 1.30 कि0मी0 पथ निर्माण कार्य का एकरारनामा दिनांक 06.07.2024 को किया गया था। जिसका एकरारनामा संख्या 01F2/2024-25 है एवं कार्य समाप्ति की तिथि 05.04.25 थी जो समाप्त हो चुका है। ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल लोहरदगा का पत्रांक 766 दिनांक 06.07.24, एवं पत्रांक 1317 दिनांक 19.12.24, द्वारा कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया था लेकिन आपके द्वारा कार्यान्वयन में कोई रूची नही ली गई एवं कार्य को बंद रखा गया, जिससे स्पष्ट प्रतित होता है कि उक्त योजना के कार्यान्वयन में कोई रूची नहीं है।

दिनांक 25.06.2025 के पूर्वा0 10:00 बजे संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के द्वारा उक्त योजना की कार्य स्थल का अंतिम मापी लिया जाएगा। निर्धारित तिथि को आप स्थल पर अंतिम मापी के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। यदि निर्धारित तिथि को आप स्थल पर अंतिम मापी हेतु उपस्थित नहीं होते है तो ऐसी स्थति में अंतिम मापी लेते हुए एकरारनामा विखंडित कर दिया जाएगा। एवं एकरारनामा की विभिन्न कंडिकाओं के तहत् कार्रवाई करते हुए अग्रधन एवं जमानत कि राशि जब्त कर ली जाएगी। एवं निबंधन को काली सूची में डालने हेतु विभाग को अनुसंशा कर दी जाएगी। जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। अंतिम मापी के पश्चात आपका किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

| कमांक | संवेदक का नाम | योजना का नाम | एकरारनामा की संख्या | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि | अंतिम मापी की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अजमल अंसारी, ग्राम चिरी, पो0 कुड़ू, जिला– लोहरदगा | MMGSY के अंतर्गत तुरियाटोली मण्डप से झखराटोली तक पथ निर्माण कार्य लम्बाई 1.30 कि0मी0 | 01F2/2024-25 | 05.04.25 | 25.06.2025 के पूर्वा0 10:00 बजे |

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR 355107 (Lohardaga) 25-26 (D)


## संत जॉन बर्कमंस चर्च में नई काथलिक सभा का गठन, सदस्यों ने ली शपथ



शपथ लेते काथलिक सभा के नवनियुक्त सदस्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के दिघीया स्थित संत जॉन बर्कमंस चर्च में रविवार को नई काथलिक सभा (कमेटी) का चुनाव एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अनुष्ठान कर्ता पल्ली पुरोहित फादर रोबर्ट मिंज की अगुवाई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नई कमेटी के सदस्यों को ईश्वर को साक्षी मानकर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

शपथ ग्रहण समारोह में नवनियुक्त सदस्यों ने कलीसिया के प्रति अपनी निष्ठा दोहराते हुए कहा कि मैं ईश्वर की उपस्थिति में शपथ लेता हूं कि कलीसिया के हर एक काम में सहयोग करूंगा एवं कलीसिया के विकास के लिए सदैव कार्यरत रहूंगा। फादर रोबर्ट मिंज ने नई कमेटी को शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्हें कलीसिया की उन्नति और विश्वासियों के आध्यात्मिक विकास के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रेरित किया।

नवगठित कमेटी में अध्यक्ष सुशील कुजूर, उपाध्यक्ष अल्फोंस तिर्की, सचिव लजरस खाखा, सहसचिव पतरस तिर्की, कोषाध्यक्ष दिलीप कुजूर व सहकोषाध्यक्ष के पद पर रियोन तिर्की के साथ साथ सलाहकार समिति में जॉन पीटर टोप्पो, जोसेफ उरांव, विजय एक्का, नथानियल तिग्गा, फादर रोबर्ट मिंज, विनय टोप्पो एवं प्रकाश निकोलस मिंज को शामिल किया गया।

मौके पर दिघीया पल्ली के विश्वासीगण और संत अन्ना की धर्मबहनें बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं और नई कमेटी का उत्साहवर्धन किया।

## बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती के उपलक्ष्य में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जानकारी प्राप्त करते ग्रामीण व स्वस्थ जांच कराते।

**इटकी।** इटकी प्रखंड अंतर्गत कुर्गी पंचायत के सेमरा गांव में सोमवार को बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती के उपलक्ष्य में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर प्रखंड द्वारा संचालित विभागों का स्टॉल लगाया गया। जहां ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई, और योजनाओं का लाभ उठाने के उपाय भी बताए गए। ज्ञात हो कि गौरव वर्ष के अवसर पर इटकी प्रखंड के अनूसूचित जनजाति गांवों में 16 से 28 जून तक जागरूकता और लाभ प्राप्त करने के उद्देश्यों के साथ शिविर का आयोजन किया जाएगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार, मुखिया रमेश महली, बीपीआरओ रईस मलिक, कल्याण पदाधिकारी रोशन सुधाकर कुजूर, बीएसओ हेमंत एक्का, बीटीएम सुमन बारला, प्रखंड समन्वयक सनी बाखला, पशु चिकित्सा पदाधिकारी शिवानंद काशी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## आजसू पार्टी स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर बैठक सम्पन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिल्ली।** आजसू पार्टी के स्थापना दिवस को लेकर सिल्ली विधानसभा स्तरीय तैयारी बैठक का आयोजनसिल्ली के आम बागान मे किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में आजसू पार्टी के सुप्रीमो श्री सुदेश कुमार महतो स्वयं मौजूद रहे। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई और पार्टी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। श्री महतो ने संगठन की मजबूती, कार्यकताओं की भूमिका और जनसंपर्क अभियान को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि जनता से जुड़ने और संगठन को आधारभूत स्तर तक मजबूत करने का अवसर है। बैठक में स्थानीय नेताओं, पंचायत प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही। आजसू अध्यक्ष ने युवाओं को आगे बढ़कर आजसू पार्टी को आगे लें जाने का आव्हान किया।


**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 10/2025–26**

दिनांक 14/06/2025

मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सदर | सिन्दुर | उच्च विद्यालय, सिन्दुर का उन्नयन कार्य। | 4959500.00 | 5000.00 | 100000.00 | छः माह |
| 2 | टाटीझरिया | डहरभंगा | उ0प्रा0वि0, डहरभंगा का उन्नयन कार्य। | 3735200.00 | 5000.00 | 75000.00 | चार माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 20.06.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 21.06.25 से 01.07.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 03.07.2025 पूर्वाह्न 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 355194 District(25-26)#D



**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

**पुनः अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 11/2025–26**
**दिनांक 14/06/2025**
**मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, हजारीबाग**

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | चुरचू | पंचायत चुरचू के ग्राम खुरण्डी झरना के बीच झरना नदी में पुल निर्माण। | 11435400.00 | 10000.00 | 229000.00 | एक वर्ष |
| 2 | सदर | कर्जन ग्राउण्ड के इन्डोर स्टेडियम (बैडमिंटन कोर्ट) में ए0सी0 का अधिष्ठापन | 7001600.00 | 10000.00 | 141000.00 | छः माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 20.06.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 21.06.25 से 05.07.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 07.07.2025 पूर्वाह्न 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 355193 (District)25-26*D


## पूर्व सरंपच के निधन की सूचना पर सुदेश पहुंचे गांव

**सोनाहातू।** प्रखंड के कुड़ियामु गांव निवासी 79 वर्षीय पूर्व सरपंच कुंवर सिंह मुंडा के आकस्मिक निधन सोमवार को हो गया। इनके निधन की सूचना पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सुकरा सिंह मुंडा, प्रमुख सिल्ली जितेंद्र बड़ाईक, सुशील महतो, संजय सिद्धार्थ, संजय महतो, सुषेण प्रमाणिक, वीरेंद्र मुंडा, वीरेंद्र लोहार, मुकेश महतो, दिलीप कोईरी अंतिम संस्कार में उपस्थित होकर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

## छात्रों में बढ रहा ताइक्वांडो के प्रति आकर्षण

- नेशनल खिलाड़ी तैयार करने का उदेश्य

### दो दिवसीय ताइक्वांडो प्रशिक्षण कैंप संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रशिक्षक के साथ ताइक्वांडो प्रशिक्षण में शामिल खिलाड़ी।

**ओरमांझी।** नेशनल ताइक्वांडो खिलाड़ी तैयार करने के उदेश्य से रांची जिला यूनाइटेड ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में बीएनएन इंटेनेशनल स्कूल इरबा ओरमांझी व हतवाल डैम स्थित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के बाद शिविर में शामिल सभी 36 खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान की गई। प्रशिक्षक जमील अंसारी व इबरार कुरैशी ने इसकी जानाकरी देते हुए बताया शनिवार व रविवार को दो दिन चली, इस ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर में रांची जिला के विभिन्न स्कूलों से जूनियर्स ताइक्वांडो खिलाड़ी शामिल हुए। झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन के सचिव सकील अंसारी के देख रेख में शिविर का आयोजन किया गया। सकील अंसारी ने कहा प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य ताइक्वांडो खिलाड़ियों को नेशनल लेवल के लिए तैयार कराना था। शिविर में शामिल खिलाड़ियों को ताइक्वांडो के बेसिक एडवांस किक, पंच, पूमसे, सेल्फ डिफेंस, स्टिक आदि की प्रशिक्षण दी गई। बताया गया कि ओलपिंक गेम में शामिल होने के कारण, आज ताइक्वांडो का भी महत्व बढ़ गया है। यही कारण है कि आज काफी संख्या में छात्र-छात्राएं ताइक्वांडो के प्रति आकर्षित हो रहे हैं। वहीं खेल प्रशिक्षक के रूप में भविश्य भी बनाया जा सकता है। सभी खिलाड़ियों को किसी भी प्राकर के नशे से दूर रहने की सलाह दी गई है। कार्यक्रम में सहायक कोच जयपाल महतो व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# भूमि घेराबंदी से उत्पन्न तनाव के मद्देनजर निषेधाज्ञा लागू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** रांची के एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने महादानी मैदान के समीप भूमि घेराबंदी से उत्पन्न तनाव व विवाद के मद्देनजर सोमवार को एक नोटिस जारी करते हुए बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान के 100 मीटर की परिधि में बीएनएसएस की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा लागू कर दिया है। यह निषेधाज्ञा 17 जून 2025 सुबह 6:00 से अगले आदेश तक के लिए प्रभावी रहेगी। इस धारा का प्रयोग करते हुए एसडीओ रांची ने महादानी मैदान बेड़ो के 100 मीटर की परिधि में पांच या उससे अधिक लोगों के एक जगह जमा होने, उक्त जमीन के आसपास हर्वे हथियारों में से लाठी, डंडा, तीर, धनुष, गड़ासा व भाला आदि लेकर चलने, अस्त्र शस्त्र या हथियारों में क्रमशः रायफल, बंदूक, पिस्टल व बम आदि लेकर उक्त जमीन के आसपास चलने, जमा होने, किसी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली या आम सभा का आयोजन करने तथा किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

सनद रहे कि एसडीओ रांची को यह सूचना मिली है कि बेड़ो मौजा की खाता संख्या 386, प्लॉट संख्या 989/2512 की 1.05 एकड़ की भूमि है। इस भूमि पर 17 जून मंगलवार की सुबह 10 बजे से कतिपय धार्मिक संगठनों ने घेराबंदी करने की घोषणा की है। इस भूमि का 0.87 एकड़ हिस्सा ऐतिहासिक महादानी मैदान में पड़ता है। जिसका उपयोग स्थानीय लोग पीढ़ियों से धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और खेलकूद के कार्यक्रमों के लिए करते आ रहे हैं। प्रशासन को यह आशंका है कि इस घेराबंदी के प्रयास से विधि व्यवस्था और शांति व्यवस्था भंग हो सकती है। साथ ही सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता है। इसी के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह निषेधाज्ञा लागू की गई है।

इस संदर्भ में बेड़ो के ग्रामवासियों ने एसडीओ रांची को एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपकर मामले का शांतिपूर्ण समाधान निकालने की मांग किया है।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची**

**अल्पकालिन निविदा /कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–24/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 03.07.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 04.07.2025 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 04.07.2025 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष राँची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान :– अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू.) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू.) | अग्रधन की राशि (रू.) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of B Type Qtr No-2186 ( (G.FL) in Sector-02 at HEC, Dhurwa, Ranchi. | 4,28,200.00 | 750.00 | 9000.00 | 1 Month |
| 2 | Fixing of G.I Shed and Aluminium Work in Partition of PA chamber, office and Visit ors of F Type Qtr No-35 in Sector-03 at H.E.C, Dhurwa, Ranchi. | 6,28,400.00 | 1250.00 | 13000.00 | 1 Month |
| 3 | Renovation of Room No-16,19,S2, 39,40,41,164,165 &166 at Old Vidhan Sabha Bhawan Campus, Russian Hostel Dhurwa, Ranchi. | 43,03,600.00 | 5000.00 | 87000.00 | 2 Months |
| 4 | Renovation of "A" type Qtr No-A 12/23 Doranda, Ranchi. | 9,99,000.00 | 1250.00 | 20000.00 | 2 Months |

नोट :– निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR.NO.355159 Building(25-26):D

खबर मन्त्र
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net
रांची.मंगलवार . 17 जून 2025




# बढ़ता तनाव

इजरायल खुफिया एजेंसी मोसाद की बड़ी भूमिका वाले इस ऑपरेशन के जरिये न केवल ईरान की मिसाइल क्षमता को कमजोर किया बल्कि हवाई रक्षा प्रणाली को भी बेअसर किया। जिसके बाद इस्राइली एयरफोर्स ने ताबड़तोड़ हमलों से ईरानी वायुक्षमता को बेदम कर दिया। लंबी खुफिया तैयारी के साथ इस्राइल ने ईरान के भीतर विस्फोटक ड्रोन बेस स्थापित किए ड्रोन ने ईरान के सैन्य ठिकानों में तबाही मचा दी।इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को चेताया है कि जब तक ईरान की ओर से खतरे की आशंका खत्म नहीं हो जाती, ये हमले आगे भी जारी रहेंगे। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने अमेरिका व इस्राइल को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। दूसरी ओर ईरान के सरकारी मीडिया ने इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कोर के कमांडर इन चीफ हौसैन सलामी सहित पांच शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत की बात स्वीकारी है। साथ ही दो महत्वपूर्ण परमाणु वैज्ञानिकों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। दरअसल, ईरान अमेरिका व इस्राइल के दावों को खारिज करते हुए कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये है। वह संवर्धित यूरेनियम से जुड़े प्रश्नों के तार्किक जवाब नहीं दे पाया है। कहा जा रहा है कि ईरान के गुप्त परमाणु ठिकानों का पता चलने के बाद उसके परमाणु कार्यक्रम की मंशा संदिग्ध बन गई है। उसने संवर्धित यूरेनियम भंडार के बारे में सटीक जानकारी भी नहीं दी। इस घटनाक्रम से मध्यपूर्व में इस्राइल-ईरान के बीच सीधे युद्ध की आशंका बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि इस्राइल और हमास, हिजबुल्ला व हूती विद्रोहियों के बीच पहले से जारी संघर्ष से संवेदनशील बने इलाके में पूर्ण युद्ध की आशंका बढ़ गई है। इस युद्ध के बढ़ते तनाव का असर पूरी दुनिया पर पढ़ने की आशंका है।

## आज का राशिफल

**मेष : मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-4-5-7**

**वृष : निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-3-5-7**

**मिथुन : कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेहमानों का आगमन होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9**

**कर्क : ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-2-6-7**

**सिंह : विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8**

**कन्या : भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-3-5-7**

**तुला : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-2-4-6**

**वृश्चिक : कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। हरि करे सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। मातृ पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-2-4-7**

**धनु : मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-3-5-8**

**मकर : स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-3-6-9**

**कुम्भ : अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। किसी से निकटता प्रेम-प्रसंग में बदलेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-3-5-7**


**मीन : नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-8-9**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# नये भारत का अमृतकाल

***विकसित भारत का बेस बनाया संकल्प, साधना और समर्पण का स्वर्णिम कालखंड : शाह। मोदी का नेतृत्व अकल्पनीय-अद्वितीय- जेपी नड्डा। रक्षा मंत्री बोले- मोदी के नेतृत्व में भारत का अभूतपूर्व विकास।***



**अविनाश ठाकुर**
(संपादक)

**दिल्ली, महाराष्ट्र और हरियाणा में एनडीए को प्रभावशाली जीत मिली। हरियाणा में अक्टूबर में हुए चुनाव में भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटी। इस प्रकार 27 वर्षों के बाद केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली की सत्ता में भाजपा की वापसी हुई। भाजपा ने 70 में से 48 सीटों पर जीत हासिल की। इसी तरह एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक सदन लोकसभा में पेश किया। चुनाव एक साथ कराने के लिए संविधान संशोधन विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने का प्रस्ताव संसद ने पारित किया।मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया गया। 06 जून को पीएम्र मोदी ने जम्मू- कश्मीर की अपनी यात्रा के दौरान दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज, चिनाब ब्रिज का उद्घाटन किया।**

### देश की आत्मा सबसे ऊपर

**नयी दिल्ली** में 11 जून को आयोजित झारखंड, बिहार व अन्य राज्यों के संपादकों/ पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री अश्विणी वैष्णव ने मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने अपने इन 11 साल के सफर में विकसित भारत के 4 स्तम्भ तय किये, जिनमें गरीब, युवा, किसान और महिला शामिल हैं। इन्हीं चार स्तंभों को मजबूती प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार ने इन योजनाओं की शुरूआत की। देश की आत्मा यानी गरीबों को सबसे ऊपर रखा। बिजली, पानी, शौचालय, सैनेटरी पैड जैसी बुनियादी सुविधाएं अब सिर्फ आंकड़े नहीं हैं बल्कि सम्मान और आत्मविश्वास का आधार बन गयीं। 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने वाली पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण, मुद्रा योजना, 112 आकांक्षी जिलों में विकास, आयुष्मान भारत, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया ये सब उसी नई सोच का हिस्सा हैं जिसने सिस्टम को सेवा में बदला।

किसान और नारी शक्ति , देश की सुरक्षा और विदेश नीति, ऑपरेशन सिंदूर और राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद, नक्सलवाद, इंफ्रास्ट्रक्चर व हेल्थ केयर का विकास, इज ऑफ लिविंग सहित कई योजनाओं ने देश के लोगों को विकास की नयी दिशा दी। पीएम मोदी के नेतृत्व ने देश की राजनीति, राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया।

### राजनीतिक संस्कृति बदल दी

पहले जहां समाज को बांटकर राजनीतिक कुर्सी बचाना आम बात थी, अव वैसा नहीं रहा। अब देश की राजनीतिक संस्कृति बदल गयी। राजनीति, उत्तरदायी और जवाबदेह सरकार, साथ ही रिपोर्ट कार्ड की राजनीति, यानी सरकार जवाबदेह। अब जो भी काम होता है, वह जनता के सामने है। यह एक ऐसी सरकार है जो आर्थिक अनुशासन लाती है।

11 वर्षों ने वास्तव में विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए एक मजबूत नींव रखी गयी। पिछली सरकारें जहां भ्रष्टाचार और नकारात्मकता की भावना से भरी थी, वहीं मोदी सरकार ने नकारात्मकता को आशावाद में बदल दिया और यही कारण है कि लोग गर्व से कहते हैं, 'मोदी है तो मुमकिन है।


**आर्थिक प्रदर्शनः** भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था। मई 2025: नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम के अनुसार भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और 2028 तक जर्मनी को पीछे छोड़ देगा। भारत की जीडीपी 2024-25 की चौथी तिमाही में 7.4 फीसदी बढ़ी, जिससे वित्त वर्ष 2025 में 6.5 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि अमेरिका के टैरिफ के कारण वैश्विक व्यापार में अनिश्चितताओं सहित कई गंभीर वैश्विक चुनौतियां थी। इसी क्रम में भारत-ब्रिटेन ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) किया। जीएसटी लॉन्च होने के बाद से सबसे अधिक टैक्स कलेक्शन भी हुआ। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा। मोदी काल में देश का विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 में 704.89 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

### राजनीतिक मोर्चा

दिल्ली, महाराष्ट्र और हरियाणा में एनडीए को प्रभावशाली जीत मिली। हरियाणा में अक्टूबर में हुए चुनाव में भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटी। इस प्रकार 27 वर्षों के बाद केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली की सत्ता में भाजपा की वापसी हुई। भाजपा ने 70 में से 48 सीटों पर जीत हासिल की। इसी तरह एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक सदन लोकसभा में पेश किया। चुनाव एक साथ कराने के लिए संविधान संशोधन विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने का प्रस्ताव संसद ने पारित किया।मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया गया। 06 जून को पीएम्र मोदी ने जम्मू- कश्मीर की अपनी यात्रा के दौरान दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज, चिनाब ब्रिज का उद्घाटन किया। मोदी सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 लाया गया जो 21 जून से लागू किया, इसमें परीक्षा में अनियमितताओं में शामिल लोगों के लिए कठोर दंड का प्रावधान है। तीन नये आपराधिक कानून लागू किये गये, जिसने पहले के आपराधिक कानूनों - भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली।

**सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास :** पीएम मोदी की नीतियों में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के कल्याण की परिकल्पना है। सभी के स्वस्थ और सुखी जीवन के लिए आयुष्मान भारत अभियान शुरू किया गया। इसमें 9 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त इलाज मिला है। सत्तर साल से ऊपर के लोगों को भी मुफ्त इलाज मिला है। 16 हजार से ज्यादा जन औषधि केंद्रों से सस्ती और अच्छी दवाएं उपलब्ध करायी गयी। कोरोना काल में देशवासियों को आपदा में अवसर का मंत्र देते हुए प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लिया और देशवासियों को स्वदेशी मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध करायी। **(समाप्त)**

# पंचायतों को बनायें सशक्त, जवाबदेह और प्रभावशाली



**- कविता साहू**

सतत विकास लक्ष्य के स्थानीयकरण के अनेक उद्देश्य हैं जैसे मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी आधारित रोजगार उपलब्ध कराकर गरीबी में कमी आए और आजीविका के साथ विकास और समृद्धि हो। सभी विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में महिलाओं की समान पहुंच सुनिश्चित हो। संचारी रोग एवं गैर संचारी रोगों की रोकथाम और उपचार के अलावा वृद्धावस्था देखभाल बच्चों और महिलाओं का पोषण मानसिक स्वास्थ्य और दिव्यांगता से संबंधित मुद्दे को स्वास्थ्य सुविधाओं के अवसर का प्रावधान कराना है। महिलाओं और बच्चियों के लिए सुरक्षित और निर्भय वातावरण प्रदान करना है ।

**स्थाई** समितियां :भारतीय लोकतंत्र में 73वा संविधान संशोधन अधिनियम स्थानीय स्वशासन को सशक्त और वैधानिक दर्जा देने वाला एक ऐतिहासिक कदम था। यह अधिनियम 24 अप्रैल 1993 से लागू हुआ। इस अधिनियम के जरिए भारतीय संविधान में पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा मिला। भारत में ग्राम स्वराज की स्थापना की दिशा में 73 व संविधान संशोधन एक क्रांतिकारी कदम माना जाता है। पहली बार पंचायत को संविधान में एक स्थाई संस्था के रूप में दर्जा दिया गया। संविधान के भाग 9 के शीर्षक ,₹द पंचायत,₹में अनुच्छेद 243 से 243 ₹ओ ₹जोड़ा गया। ग्रामीण भारत में भाग 9 ग्रामीण भारत में पंचायती राज और स्थानीय स्वशासन के लिए संवैधानिक ढांचा प्रदान करता है। संविधान संविधान के 243 जी के अनुसार राज्य कानून के द्वारा पंचायत को ऐसी शक्तियां और प्राधिकार प्रदान करते हैं जो उन्हें स्वायत शासन की संस्थाओं के रूप में कार्य करने के लिए सक्षम बनाने में आवश्यक हों । पंचायतों की त्रि स्तरीय संरचना ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, जिला परिषद में लागू हुई। पंचायत में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और महिलाओं को सीटों का आरक्षण प्राप्त हुआ। इसके माध्यम से ग्राम पंचायत को न केवल कानूनी पहचान मिली बल्कि उन्हें जिम्मेदारी और अधिकार भी मिले कि वह अपने क्षेत्र का विकास स्वयं तय कर सके। 73वें संविधान संशोधन का उद्देश्य लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण को बढ़ावा देना था। 73वें संविधान संशोधन ने झारखंड को स्वशासी स्वावलंबी, संपन्न, समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए एक नया द्वारा खोला। राज्य में जनतंत्र की जड़े मजबूत करने के लिए झारखंड में पंचायती राज व्यवस्था लागू हुई। राज्य के अनुसूचित क्षेत्र एवं गैर अनुसूचित क्षेत्र की सामाजिक जरूरत को पूरा करने के लिए झारखंड पंचायत राज अधिनियम 2001 एवं झारखंड पंचायत निर्वाचन नियमावली 2001 लाया गया। झारखंड में सामाजिक समता,सांस्कृतिक पुनर्जागरण ,आर्थिक समृद्धि और पारस्परिक सद्भाव के एक नए युग का शुरूआत हुई। झारखंड में पंचायत को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को धरातल पर लाने के लिए संविधान की 11वीं अनुसूची में वर्णित 29 विषयों से संबंधित कर्तव्यों के निर्वहन की शक्तियां एवं दायित्व दिए गए हैं।

भारत सरकार ने सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीय स्वशासन के साथ स्थानीयकरण किया। और प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए 17 सतत विकास लक्ष्य को 9 थीम के रूप में लाने की पहल की। पंचायतों द्वारा सतत विकास लक्ष्यों के स्थाईकरण के 9 निम्न प्रक्षेत्र हैं। जैसे गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका गांव,बाल मैत्री पंचायत,गांव में समान लैंगिक विकास,स्वच्छ और हरित पंचायत , जल की प्रचुरता वाला गांव, स्वास्थ्य गांव ,सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव ,आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव और सुशासन वाला गांव। इन स्थानीय लक्ष्यों की प्राप्ति से कौशल, प्रशिक्षण, उद्यमिता विकास और रोजगार के माध्यम से आय सृजन की संभावना है ताकि एक गरीबी मुक्त पंचायत सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करें। सतत विकास लक्ष्य के स्थानीयकरण के अनेक उद्देश्य हैं जैसे मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी आधारित रोजगार उपलब्ध कराकर गरीबी में कमी आए और आजीविका के साथ विकास और समृद्धि हो। सभी विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में महिलाओं की समान पहुंच सुनिश्चित हो। संचारी रोग एवं गैर संचारी रोगों की रोकथाम और उपचार के अलावा वृद्धावस्था देखभाल बच्चों और महिलाओं का पोषण मानसिक स्वास्थ्य और दिव्यांगता से संबंधित मुद्दे को स्वास्थ्य सुविधाओं के अवसर का प्रावधान कराना है। महिलाओं और बच्चियों के लिए सुरक्षित और निर्भय वातावरण प्रदान करना है ।समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है।स्कूलों और स्वास्थ्य केदो में गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करना है। आधुनिक कृषि और जल उपयोग प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना है। विकास की गतिविधियों में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बाल सभा का आयोजन करना है। वनों , जल निकायों और पवित्र उपवनों में प्राकृतिक संसाधनों का समुदाय आधारित प्रबंध करना है। आंगनबाड़ी केदो एवं स्कूलों में पौष्टिक वाटिका का निर्माण करना है साथी समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी सुनिश्चित करना है। बाल श्रम बाल विवाह बाल तस्करी के मामलों में कमी लाना स्कूलों में सुरक्षित पेयजल और हाथ धोने की इकाई सुनिश्चित करना, ग्राम पंचायत परिसर सहित सार्वजनिक स्थानों के शौचालय शौचालय का रखरखाव, जल निकायों की सुरक्षा, पेयजल आपूर्ति के बुनियादी ढांचे का संचालन, उत्तरदाई, समावेशी और सहभागी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए ग्राम सभा को सुदृढ़ बनाना है। गरीबों, बेसहारा, कमजोर लोगों की पहचान के लिए मानदंड विकसित करना और पीडीएस में पंजीकरण की सुविधा बढ़ाना आदि। इन लक्ष्यों के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर सात स्थाई समितियां गठित करने का प्रावधान है। यह साथ समितियां ग्राम पंचायत के नियंत्रण के अधीन होती हैं। सामान्य प्रशासन समिति विकास समिति महिला शिशु एवं सामाजिक कल्याण समिति स्वास्थ्य शिक्षा एवं पर्यावरण समिति ग्राम रक्षा समिति सार्वजनिक संपदा समीति अधो संरचना समिति के द्वारा ग्राम पंचायत अपने कार्यों तथा कर्तव्य का निर्वहन अपने पंचायत के निर्वाचित सदस्यों द्वारा करा सकती है। इन समितियां के माध्यम से पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधियों के द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से स्थानीय स्वशासन आवश्यकता आधारित योजनाएं लाभुकों का चयन किया जा सकता है। विगत कुछ वर्षों से सरकार के पंचायती राज विभाग के द्वारा प्रत्येक जिले में इन समितियों के निर्वाचित वार्ड सदस्यों ग्राम पंचायत विकास योजना के निर्माण, उनकी भूमिका एवं उत्तरदायित्व की अच्छी समझ बनाने के लिए अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य जिला एवं प्रखंड स्तर पर लगातार आयोजित किए गए। परंतु यहां विचार करने का यह विषय है कि पंचायतों में क्या यह समितियां अपनी जिम्मेवारी पूरी तरह से निर्वहन कर पा रही हैं। झारखंड में पंचायती राज व्यवस्था के तहत गांव के विकास और स्थानीय शासन की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ये समितियां हर पंचायत में मौजूद हैं। अधिकतर पंचायतों में ये समितियां क्रियाशील भी हैं। पर जमीनी हकीकत यह भी है कि इन समितियों के प्रशिक्षण और एक्पोजर करने पर भी कागजों में सीमित रह गई हैं। अधिकतर पंचायतों में इन समितियां की मासिक बैठक के नियमित नहीं होती हैं।

समितियां में शामिल निर्वाचित सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियों और भूमिका का ज्ञान नहीं है। समिति को किन योजनाओं में भागीदारी करनी है, जमीनी समस्याओं का समाधान खोजना है, मनरेगा का फंड है या 15वां वित्त का इसकी स्पष्ट नहीं है। कई बार तो उन्हें अपने अधिकार की भी जानकारी नहीं है। समितियां के सदस्यों का चुनाव केवल औपचारिकता बनकर रह जाता है। प्रभावशाली लोगों के हस्तक्षेप से काम के दबाव कम हो जाते हैं। सदस्यों में पंचायत के कार्य प्रणाली को भी लेकर, अन्य योजनाओं की समितियां के साथ अभिसरण, ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण में विभिन्न संस्थाओं, हिट धारकों के माध्यम से समन्वय और अभिसरण, झारखंड राज्य आजीविका मिशन एवं अन्य विभागीय द्वारा निर्मित स्वयं सहायता समूह, युवाओं , किसानों के समूह के मध्य अभिसरण की उदासीनता स्पष्ट झलकती है। पंचायत के विकास के लिए , सूचनाओं के आदान-प्रदान,पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पोर्टल और ऐप बनाए गए। इन अप पर हर समिति की बैठक की कार्यवाही, ग्राम सभा के बैठक की कार्यवाही, सालाना कार्य योजना एवं उनका क्रियान्वयन पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ऑनलाइन अपलोड किया जाता है। कई पंचायत की ये समितियां अच्छे ढंग से कार्य कर रही हैं। पर कई समितियां को इन अप की जानकारी नहीं है। पर क्या यह केवल सरकार की जिम्मेवारी है की इन समितियां को क्रियाशील बनाएं। हम यह भी समझ सकते हैं की पंचायत स्तरीय समितियां केवल प्रशासनिक इकाई ना होकर समाज सेवा और भावनात्मक लगाव की भावना से भी प्रेरित हो सकते हैं। योगदान गांव के बच्चों की शिक्षा, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की सेवा, किशोरियों की सुरक्षा, स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए गर्व का अवसर भी प्राप्त होगा।

## लेटर टू एडिटर

### संस्कारों की अनदेखी

हाल ही में हिसार में एक छात्र ने अपने सहपाठी से प्रतिशोध के लिए अपने सेना से सेवानिवृत्त दादा के हथियार से उसकी हत्या कर दी। यह चिंताजनक है कि बच्चों में आपराधिक सोच और हिंसा कैसे प्रवेश कर गई। इसके पीछे पारिवारिक कलह, समाज में बढ़ती असहनशीलता, मादक पदार्थों का सेवन, फिल्मों और वेब सीरीज का दुष्प्रभाव जैसे कारण हैं। समाधान परिवार और स्कूल से शुरू हो सकता है—संयम, संवाद, और कानून का डर जरूरी है ताकि बच्चे सही दिशा में बढ़ें।

**- कौशल, रांची**

### मूल्यों का समावेश हो

आज किशोरों में उग्रता और हिंसा की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है, जो समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इसका समाधान घर से शुरू होता है—माता-पिता का कर्तव्य है कि वे बच्चों को अच्छे संस्कार दें और उनकी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखें, विशेषकर मोबाइल और इंटरनेट के उपयोग पर। विद्यालयों में शिक्षा के साथ मानव मूल्यों का समावेश हो और उन्हें अपने इतिहास व संस्कृति से जोड़ा जाए। मीडिया को भी हिंसक और भड़काऊ सामग्री से बचना चाहिए। **- सुदर्शन, जमशेदपुर**

### सकारात्मक संवाद

आज के बच्चे इंटरनेट, फिल्मों और सोशल मीडिया से गहराई से प्रभावित हो रहे हैं। जो वे देख रहे हैं, वही उनका व्यवहार बनता जा रहा है। माता-पिता की अनदेखी और स्कूलों में गलत संगत भी बच्चों को भटका रही है। सही परवरिश, नैतिक शिक्षा और सकारात्मक संवाद से उन्हें सही दिशा दी जा सकती है। स्कूलों में योग, मेडिटेशन और ब्रीदिंग एक्सरसाइज जैसी गतिविधियां शामिल कर बच्चों के मन को शांत और स्वभाव को संयमित बनाना जरूरी है।

**-अभिलाषा गुप्ता, रांची**

स्पीड न्यूज

## कुवैत में विष्णुगढ़ के श्रमिक की मौत से गांव में पसरा मातम, शव लाने की उठी मांग



मृतक की फाइल फोटो

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के बंदखारो गांव से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। गांव के 38 वर्षीय रामेश्वर महतो, जो बीते 10 वर्षों से कुवैत की इंको कंपनी में कार्यरत थे, उनकी 15 जून की रात करीब 8-9 बजे अचानक मृत्यु हो गई। परिजनों के अनुसार, रामेश्वर का रक्तचाप अचानक अत्यधिक बढ़ गया, जिससे उनकी जान चली गई। रामेश्वर महतो प्रवास के दौरान समय-समय पर अपने गांव आया करते थे। उनकी असमय मृत्यु की खबर जैसे ही परिजनों तक पहुंची, पूरे परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। पत्नी प्रमिला देवी, 18 वर्षीय पुत्र किशोर कुमार और 13 वर्षीय कुलदीप कुमार के साथ वृद्ध मां डलवा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। शव को भारत लाने की प्रक्रिया को लेकर गांव में हलचल मच गई है। मौके पर पहुंचे पंचायत मुखिया चेतलाल महतो और पूर्व मुखिया मुनीलाल महतो ने इंको कंपनी से उचित मुआवजे की मांग की है। चेतलाल महतो ने यह भी कहा कि वे विदेश मंत्रालय से शव भारत लाने में हर संभव मदद करेंगे। घटना की सूचना पर समाजसेवी नारायण महतो, दौलत महतो समेत कई ग्रामीण मृतक के घर पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे। गांव में शोक की लहर है, और सभी की जुबान पर एक ही सवाल है, रामेश्वर का शव कब गांव लौटेगा? सरकार और प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई करते हुए परिवार को राहत प्रदान की जाए।

## खनन विभाग की कारवाई, 2 जेसीबी एवं 9 ट्रैक्टर-ट्रॉली को किया जब्त

**इचाक।** इचाक थाना क्षेत्र अंतर्गत मौजा टेप्सा में पूर्व से बंद पड़ी खदान से संबंधित प्राप्त शिकायत के आलोक में खान निरीक्षक अजीत कुमार चौधरी के नेतृत्व में, जिला पुलिस बल एवं ईचाक थाना पुलिस बल के अवर निरीक्षक मंगल देव उराँव के साथ संयुक्त रूप से स्थल का निरीक्षण किया गया। जाँच के क्रम में यह पाया गया कि मौजा टेप्सा स्थित एक परित्यक्त खदान में अवैध रूप से पत्थर का खनन कार्य किया जा रहा था। यह अवैध खनन कार्य जे.सी.बी. मशीनों और ट्रैक्टरों की सहायता से संचालित किया जा रहा था। मौके से कुल 02 जे.सी.बी. मशीनें एवं 09 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया।

## बनाहप्पा के एड्स पीड़ितों के विद्यालय में हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात

**दारु।** दारू व टाटीझरिया प्रखंड़ में हाथियों के झुंड द्वारा पिछले कुछ दिनो से जमकर उत्पात मचाने व अमनारी की एक महिला को कुचलकर मार डालने के पश्चात सदर प्रखंड के बनाहप्पा में अनाथ व एड्स संक्रमित बच्चों के लिए अवस्थित विद्यालय में रविवार के रात को जमकर उत्पात मचाया। हाथियों के झुंड ने इस विद्यालय के चारदीवारी को कई जगहों पर तोड़ डाला। चारदीवारी तोड़ने के बाद विद्यालय के बागान में घुसकर लगे फसल को नष्ट कर दिया। इस संदर्भ में विद्यायल के वार्डन सह सचिव ने पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी को लिखित आवेदन दिया है,उन्होंने अपने आवेदन में हाथियों द्वारा की गई क्षति को दशार्ते हुए कहा है कि मेरे विद्यालय में अनाथ व एड्स संक्रमित बच्चों को विषम परिस्थिति में भरण पोषण किया जाता है। इस महाविद्यालय में अभी गुमला, जमशेदपुर, गिरिडीह, धनबाद, कोडरमा, गढ़वा, हजारीबाग, और बिहार के कई जिलों के 200 से अधिक एड्स. संक्रमित छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे है।वार्डन ने क्षतिपुर्ति हेतु मुवाअजे की मांग की है ताकि विद्यायल को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके।

# हजारीबाग-रामगढ़ में बिजली संकट को लेकर फूटा जनाक्रोश

### सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में बिजली कार्यालय के बाहर महाधरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग और रामगढ़ में भीषण गर्मी के बीच लगातार बिजली कटौती से परेशान जनता ने आखिरकार सड़कों पर उतर कर विरोध जताया। सोमवार को सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में हजारों लोगों ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर महाधरना दिया। प्रदर्शन में भाजपा विधायक, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। धरना करीब साढ़े पांच घंटे तक चला। बिजली आपूर्ति में अव्यवस्था, अधिकारियों की लापरवाही और राज्य सरकार की विफलता को लेकर जमकर नारेबाजी हुई। धरने के दौरान जब लोगों का आक्रोश बढ़ता गया, तब बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे और सांसद तथा विधायकों से वार्ता की। सांसद ने मांग की कि जब तक लिखित रूप से बिजली आपूर्ति बहाल करने का भरोसा नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। अंततः बिजली विभाग के महाप्रबंधक ने पत्र देकर तत्काल बिजली आपूर्ति सुधारने का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना समाप्त हुआ। मनीष जायसवाल ने चेतावनी दी कि यदि आश्वासन पर अमल नहीं हुआ तो मंत्री और अधिकारियों के बिजली कनेक्शन काटे जाएंगे और राज्यव्यापी जनआंदोलन होगा। बरही, बड़कागांव और सदर विधायक ने भी आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी। नेताओं ने कहा कि बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो कोयला ढुलाई और सरकारी कार्य ठप कर दिए जाएंगे। इस धरने में हजारों आम नागरिकों समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।




सांसद व अन्य

## भुरकुण्डा कोलियरी विस्थापित-प्रभावित रोडसेल समिति की हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुण्डा कोलियरी विस्थापित-प्रभावित रोडसेल समिति की एक आवश्यक बैठक सोमवार को सेल सेंटर में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता झरी मुण्डा एवं संचालन दर्शन गंझू ने किया। बैठक में चारो राजस्व ग्राम के दर्जनों विस्थापित व पूर्व सेल समिति के दर्जनों लोगों ने एक स्वर में कहा कि सीसीएल प्रबंधन भुरकुण्डा रोडसेल चालु करने को लेकर गंभीर नहीं है। बल्कि वह हमें बार-बार गुमराह करने का कार्य कर रही है। जबकि विस्थापित प्रभावित रोडसेल समिति लगभग सभी समस्याओं को सुलझा लिया है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 17 जून को पीओ कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन व सभा के माध्यम से अपनी जनशक्ति से सीसीएल प्रबंधन को आगाह कराया जायेगा। यदि जून महीने से कोयला का ऑफर नहीं किया गया तो आगामी 24 जून से बलकुदरा खुली खदान का कोयला सम्प्रेषण पूरी तरह अनिश्चितकाल के लिए ठप कर दिया जाएगा। मौके पर संतोष मांझी, संजय मांझी, राणा प्रताप सिंह, विजय मुण्डा, प्रदीप मांझी, सुनिल बेदिया, अनिल एक्का, फुलेश्वर राम, कैलाश प्रसाद, अजय कुमार साहु, अभिजीत सोरेन, बागेश करमाली, जुगल पासवान, अभय मेहता, अशोक तिवारी सहिज दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

## भूमि उपलब्ध कराने में आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें अधिकारी : उपायुक्त




उपायुक्त व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और सभी योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिले में संचालित फ्लैगशिप योजनाओं तथा रोड एवं कोल खनन परियोजनाओं की समीक्षा प्रधानमंत्री स्तर से की जाती है, अतः इन योजनाओं के निष्पादन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भारतमाला परियोजना से संबंधित भूमि मुआवजा भुगतान में तेजी लाने हेतु अंचल अधिकारियों को शीघ्र बोनाफाइड सर्टिफिकेट निर्गत करने का निर्देश दिया गया। जंगली हाथियों के हमलों से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षात्मक उपायों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने रोडमैप तैयार करने, सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने तथा अन्य आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रमाण-पत्रों के निबटारे में अनावश्यक रिजेक्शन से बचने की हिदायत दी। बैठक में जुडको द्वारा पाइपलाइन बिछाने के कारण क्षतिग्रस्त इंद्रपुरी चौक से छडवा डैम तक की सड़क की मरम्मत कार्य एक सप्ताह में प्रारंभ करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत गोंदलपुरा प्रोजेक्ट में पीएम-अभीम योजना से निमार्णाधीन स्वास्थ्य केंद्र के कार्य पर विमर्श करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व भूमि संबंधी समस्याओं का समाधान अनिवार्य है। पॉवर सब स्टेशन, खाद्य गोदाम, स्टेडियम, आंगनबाड़ी केंद्र आदि के लिए जमीन चिन्हित करने हेतु सभी अंचल अधिकारियों को शीघ्र प्रतिवेदन देने को कहा गया। मुख्यमंत्री पशुधन योजना और श्रमिकों के निबंधन पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी योजनाओं की गुणवत्ता की नियमित जांच करें तथा स्थल निरीक्षण सुनिश्चित करें। सभी विभागों को पारस्परिक सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारने की आवश्यकता बताई गई। बैठक में डीएफओ, उप विकास आयुक्त, प्रशिक्षु आईएएस,नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, डीआरडीए निदेशक, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड/अंचल अधिकारी, कार्यपालक अभियंता सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 21वीं राज्य स्तरीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला को तीसरा स्थान

**रजरप्पा।** 14 -15 मई को झारखंड वुशू एसोसिएशन के तत्वाधान में सिल्ली के दा विलेज रिसोर्ट में 21वीं राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें रामगढ़ जिला वुशू टीम के कुल 11वुशू खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लिया. जिसमें रजरप्पा वुशू एकेडमी के खिलाड़ी तीन गोल्ड मेडल मे क्रमशः अमन कुमार, ज्ञान गौरव और खुशी कुमारी तीन सिल्वर मेडल मे क्रमशः रानी कुमारी, सौरव कुमार, हर्ष सिंह तथा दो ब्रांच मेडल मे क्रमशः कृष सिन्हा और प्रीति कुमारी ये सभी लोग विभिन्न किलोग्राम भार में मेडल जीत कर रामगढ़ जिला को ओवरऑल तीसरा स्थान का खिताब दिलाने में कामयाब रहा। इस जीत की खुशी पर पूरे रामगढ़ जिला में हर्ष के साथ रजरप्पा क्षेत्र में भी खुशी का लहर दौड़ रहा है। इस जीत के मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक कल्याण जी प्रसाद, सीएसआर पदाधिकारी आशीष झा, समाजसेवी पीयूष चौधरी, समाजसेवी साहिल अनवर, रामगढ़ जिला वुशू एसोसिएशन के सचिव सह कोच एवं राष्ट्रीय जज गौरी शंकर महतो, चितरपुर महाविद्यालय के प्राचार्या डॉक्टर संज्ञा, अपेक्स स्कूल के डायरेक्टर भागीरथ महतो, श्रद्धानंद लारी के डायरेक्टर सुधीर सोनी, राष्ट्रीय खिलाड़ी गौतम सिंह बम इत्यादि ने जीत की बधाई के साथ अपनी - अपनी शुभकामनाएं दी है, तथा खिलाड़ियों को हमेशा हर संभव सहयोग करने की बात कही।

## ज्ञानदीप कोचिंग सेंटर में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

### टॉप टेन विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



शिक्षको के साथ सम्मानित विद्यार्थी व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर स्थित ज्ञानदीप कोचिंग सेंटर में सोमवार को वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप टेन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि लपंगा पंचायत के मुखिया आनंद दुबे, मां बनजारी आईटीआई के निदेशक जितेन्द्र कुमार मंडल एवं केकेसी प्लस-टू उच्च विद्यालय सयाल के प्रधानाध्यापक रुपेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र, डायरी एवं कलम देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुखिया आनंद दुबे ने कहा कि शिक्षा जीवन का अनमोल रत्न है, इसके बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि बच्चों ने एक बार फिर संस्था का नाम रौशन किया है, जो क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। वहीं जितेन्द्र कुमार मंडल ने संस्था के संचालक कैलाश राम के परिश्रम और समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि गुरू के मार्ग-दर्शन में बच्चों ने यह सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि गुरूओं के मार्ग-दर्शन में लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाए तो सफलता जरूर मिलती है। प्रधानाध्यापक रूपेश विश्वकर्मा ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। समय प्रबंधन के साथ लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी करें, जरूर सफल होंगे।

उन्होंने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपना आर्शीवचन दिया। संस्था के संचालक कैलाश राम ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ही संस्था का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर से बेहतर पठन-पाठन के लिए हर सार्थक कदम उठाया जायेगा। समारोह में उत्कर्ष, अनिकेत, पलवी गुप्ता, सिमरन, प्राची गुप्ता, रानी, डोली, वनसीखा, अनिशा, अस्मीत, निधि, प्रिया एवं सूरज को अतिथियों ने स्वागत किया। समारोह का आयोजन प्रेरणास्पद और सराहनीय रहा, जिसमें शिक्षा के प्रति बच्चों की लगन और शिक्षकों की मेहनत साफ झलकी। मंच संचालन निधि साहू एवं तन्नू कुमारी ने किया।

## भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में मीडिया की भूमिका अहम : बीके कोमल

### मीडिया की भूमिका पर सेमिनार का किया गया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



अतिथियों के साथ उपस्थित सम्मानित लोग



दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा जमशेदपुर के मेरीन ड्राइव स्थित यूनिवर्सल पीस पैलेस रिट्रीट सेंटर में रविवार को 'श्रेष्ठ समाज के निर्माण में मीडिया की भूमिका' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता बीके कोमल, मुख्य संपादक मधुबन न्यूज एवं शिव आमंत्रण समाचार पत्र (मुख्यालय माउंट आबू, राजस्थान) ने मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि मीडिया समाज को नई दिशा देने वाला शक्तिशाली माध्यम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मीडियाकर्मियों के सकारात्मक और संगठित प्रयासों से आने वाले वर्षों में भारत पुनः विश्वगुरु के रूप में स्थापित होगा।

उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्था को आत्मचिंतन का ऐसा मंच बताया जो आत्मिक चेतना और शांति का संदेश पूरे विश्व में फैला रहा है। वरिष्ठ राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अंजू दीदी (मुख्य प्रशासनिका कोल्हान क्षेत्र) ने कहा कि मीडियाकर्मियों को शांति और सत्य के मार्ग पर समाज का मार्गदर्शन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शांति जंगल में नहीं, कर्मशीलता में धैर्य, सरलता, पारदर्शिता और स्नेहपूर्ण व्यवहार से प्राप्त होती है। प्रेस क्लब अध्यक्ष संजीव भारद्वाज ने इस सम्मेलन को जीवन को संस्कारित करने वाला बताया और कहा कि आत्मा के सत्य को जाने बिना कोई भी प्रगति संभव नहीं। चमकता आईना के संपादक बृजभूषण सिंह ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य आत्म जागृति होना चाहिए। उन्होंने लोकतंत्र की आत्मा को बचाने और संवाद की संस्कृति को बढ़ावा देने पर बल दिया। असहमति को सौंदर्य न बनाकर सुधार की परंपरा अपनाने का संदेश दिया।

दैनिक भास्कर के संपादक श्री झा ने कहा कि भारत शांति का संदेशवाहक देश है और शांति के बिना कोई भी विकास संभव नहीं। उन्होंने राजयोग अभ्यास को जरूरी बताते हुए कहा कि मीडिया विश्व में शांति स्थापना के लिए सशक्त भूमिका निभा सकता है। इस कार्यक्रम में जमशेदपुर, बहरागोड़ा, चांडिल, पतरातू, घाटशिला, चाकुलिया सहित कई क्षेत्रों से लगभग 75 प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों ने भाग लिया।

सभी मीडियाकर्मियों को ईश्वरीय सौगात भेंट कर सम्मानित किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। सम्मेलन को सफल बनाने में ब्रह्माकुमारी रागिनी, सुधा, सुकन्या, संजू, कोमल, प्रीती, रुबी, आरती, बीके जया, बीके रामदेव, अरुण भाई, जितेन भाई, महेश भाई, दीपेश भाई, प्रसंचित भाई, दिनेश भाई, संजय भाई, रंजीत भाई आदि का विशेष योगदान रहा।

एक नजर में

### दारू में वन माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई

## अवैध लकड़ी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, भीड़ जुटाकर पुलिस पर बनाना चाहा दबाव



दो तस्कर गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** हजारीबाग जिले के दारू थाना क्षेत्र में पुलिस ने वन माफियाओं के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अवैध लकड़ी तस्करी के मामले में दो तस्करों को धर दबोचा। इन दोनों पर न सिर्फ जंगल से लकड़ी की चोरी का आरोप है, बल्कि पुलिस कार्रवाई में बाधा डालने और भीड़ जुटाकर कानून को चुनौती देने की भी कोशिश की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान करियातपुर, इचाक निवासी गुड्डू साव और राजू कुमार के रूप में हुई है। ये दोनों तीउज इलाके से पिकअप वैन पर भारी मात्रा में अवैध लकड़ी लादकर निकल रहे थे। गुप्त सूचना पर पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोककर जब कागजात की माँग की, तो दोनों आरोपियों ने बहाना बनाकर अपने साथियों को फोन कर बुला लिया। कुछ ही मिनटों में घटनास्थल पर 10 से अधिक लोग इकट्ठा होकर पुलिस पर दबाव बनाने लगे। लेकिन स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए दारू थाना प्रभारी शफीक खान ने तत्परता दिखाई और अतिरिक्त बल बुलाकर भीड़ को तितर-बितर कर दिया। मौके से लकड़ी लदी पिकअप वैन को जब्त कर लिया गया। थाना प्रभारी के अनुसार, आरोपियों ने पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया और सरकारी कार्य में बाधा पहुँचाई। इस पर क्ब्ठ की संगठित अपराध और सरकारी कार्य में बाधा की धाराओं के साथ फॉरेस्ट एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है और फरार साथियों की तलाश तेज कर दी गई है। इस कार्रवाई से इलाके में लकड़ी तस्करों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने साफ किया है कि जंगलों की लूट किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### बिजली संकट से उबल रहा दारू

## कवालू पावर हाउस पहुंची जनता, एसडीओ के आदेश के बाद बंद किया गया पावर हाउस



कवालु स्टेशन पहुंचे लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** उमस भरी गर्मी और दिनभर की बिजली कटौती ने दारू प्रखंड की जनता को इस कदर झुंझला दिया कि झुमरा गांव के दर्जनों ग्रामीण अपना सब्र खो बैठे और सीधे कवालू पावर हाउस पहुंच गए। शिकायत करने पहुंचे ग्रामीणों को उस वक्त और भी गुस्सा आया जब पावर हाउस कर्मियों ने बताया कि एसडीओ अमित कुमार के आदेश पर पावर हाउस ही बंद कर दिया गया है। इस आदेश से नाराज ग्रामीणों ने कहा कि एक जिम्मेदार अधिकारी से ऐसी गैरजिम्मेदाराना बात की उम्मीद नहीं थी। ग्रामीणों का कहना है कि पूरे दारू प्रखंड में बिजली की स्थिति बेहद खराब है, दिन में मुश्किल से चार से पांच घंटे ही बिजली मिल रही है। इस बदहाल व्यवस्था ने बच्चों की पढ़ाई से लेकर किसान की फसल, महिलाओं की रसोई और दुकानदारों का रोजगार सब चौपट कर दिया है। झुमरा, जिनगा, तिलैया, हरली, पेटो जैसे गांवों के लोगों का कहना है कि रोजाना कई बार बिजली बिना किसी सूचना के काट दी जाती है।

## चलकुशा में बिजली संकट के खिलाफ फूटा जनता का गुस्सा



विरोध जताते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चलकुशा।** चलकुशा प्रखंड में लगातार बिगड़ती बिजली व्यवस्था से तंग आकर सोमवार को स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने चलकुशा पावर हाउस के बाहर एकत्र होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि अगर जल्द ही बिजली आपूर्ति की स्थिति में सुधार नहीं किया गया, तो अगली बार वे धरना पर बैठने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन का नेतृत्व सलीम अंसारी, इम्तियाज अंसारी, सुदामा यादव, राजदेव यादव, दशरथ रजक, शमशेर आलम, फैयाज आलम, अयाज आलम और मंसूर अंसारी समेत दर्जनों लोगों ने किया। प्रदर्शन के बाद जब ग्रामीणों ने पावर हाउस के कर्मियों से बात की तो कर्मचारियों ने भी बिजली आपूर्ति की समस्या स्वीकार की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र को ठीक ढंग से बिजली देने के लिए कम-से-कम 100 अंपियर की जरूरत है, जबकि फिलहाल उन्हें सिर्फ 60 अंपियर ही मिल रहा है। इस भारी अंतर के कारण ही बार-बार बिजली कटौती करनी पड़ती है और गांवों को अघोषित बिजली संकट झेलना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने सरकार और बिजली विभाग से मांग की है कि चलकुशा में जरूरी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, वरना आंदोलन और तेज होगा। भीषण गर्मी और उमस में बिना बिजली के रहना अब बर्दाश्त से बाहर है झ यही आवाज अब पूरे प्रखंड में गूंज रही है।

# भारत में तकनीकी वस्त्र का बढ़ता दायराः एनटीटीएम और पीएलआई ने बदली तस्वीर

**श्री गिरिराज सिंह, केंद्रीय कपड़ा मंत्री**

कुछ साल पहले, तकनीकी वस्त्रों को एक सीमित खंड के रूप में देखा जाता था। इसका दायरा सीमित था, इसमें कम निवेश किया जाता था और आयात पर यह बहुत अधिक निर्भर था लेकिन आज, यह भारत के औद्योगिक परिवर्तन के केंद्र में हैं। यह बदलाव आकस्मिक नहीं है। यह माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के अनुरूप अपनाई गई रणनीति, नीतिगत दूरदर्शिता और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का परिणाम है। चाहे कोविड-19 संकट के दौरान पीपीई उत्पादन को बढ़ाना हो, स्वदेशी सुरक्षात्मक गियर के साथ सशस्त्र बलों को सुसज्जित करना हो या ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई के लिए महत्वपूर्ण सामग्रियों की आपूर्ति करना हो, तकनीकी वस्त्रों ने राष्ट्रीय तैयारियों और औद्योगिक प्रगति के कारक के रूप में अपनी भूमिका का प्रदर्शन किया है।

**श्रेष्ठ से रणनीतिक तकः नीतिगत अनिवार्यता**

राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) की समीक्षा बैठक के दौरान एक महत्वपूर्ण क्षण तब आया, जब मुझे इसरो के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ से बातचीत करने का अवसर मिला।

उन्होंने कार्बन फाइबर, अल्ट्रा-हाई मॉलिक्यूलर वेट पॉलीइथिलीन (वल्टहढए) और नायलॉन 66 जैसे उच्च प्रदर्शन वाले एयरोस्पेस अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक सामग्री की बढ़ती आवश्यकता को रेखांकित किया। उनका संदेश स्पष्ट थाः भारत को इस क्षेत्र में दूसरों पर निर्भरता को कम करने के लिए और हमारी वैज्ञानिक उन्नति के अगले स्तर के मार्ग को प्रशस्त करने के लिए इन क्षेत्रों में स्वदेशी क्षमताओं का निर्माण करना चाहिए। इस बातचीत के दौरान प्रयोगशालाओं से लेकर लॉन्चपैड तक भारत की विकास गाथा में तकनीकी वस्त्रों के रणनीतिक महत्व को भी रेखांकित किया गया।

**लैब से लेकर लॉन्चपैड व युद्ध के मैदान तक**

**रक्षा क्षेत्र ने भी इस परिवर्तन के रणनीतिक मूल्य को महसूस करना शुरू कर दिया है।**

उदाहरण के लिए हाल ही में हमारे सशस्त्र बलों द्वारा संचालित ऑपरेशन सिंदूर को लें, जहां सुरक्षात्मक कपड़ों और बैलिस्टिक गियर से लेकर छलावरण वाले कपड़ों और रासायनिक-जैविक सुरक्षा सूट तक तकनीकी वस्त्रों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चूंकि हमने घरेलू क्षमता निर्माण में जल्दी निवेश करना शुरू कर दिया था, इसलिए आज हम अपने रक्षा क्षेत्र को न केवल जनशक्ति के साथ, बल्कि वैश्विक मानकों को पूरा करने वाली सामग्री के साथ मदद पहुंचाने में सक्षम हैं, जिसे भारतीय धरती पर विकसित और निर्मित किया गया है।

तकनीकी वस्त्रों को समझें

तकनीकी वस्त्र वे विशेष प्रकार के कपड़े होते हैं, जो सौंदर्य की बजाय कार्यक्षमता के लिए बनाए जाते हैं जिन्हें अक्सर जीवन रक्षक या महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के तहत कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है। इनमें बुलेट-प्रतिरोधी जैकेट, अग्निरोधी वर्दी, सर्जिकल गाउन, किसानों के लिए एंटी-बैक्टीरियल शीट, सड़क-सुदृढ़ीकरण जियो-ग्रिड और बहुत कुछ शामिल हैं। यह क्षेत्र जियोटेक, मेडिटेक, प्रोटेक, एग्रोटेक और बिल्डटेक सहित 12 प्रमुख खंडों में फैला हुआ है। 2024 तक, भारत के तकनीकी वस्त्र बाजार का मूल्य 26 बिलियन अमरीकी डॉलर था। हम 2030 तक 40-45 बिलियन अमरीकी डॉलर को छूने की राह पर हैं, जो 10-12 प्रतिशत की आकर्षक वार्षिक दर से बढ़ रहा है। वैश्विक स्तर पर तकनीकी वस्त्र, कुल कपड़ा उत्पादन का लगभग 27 प्रतिशत है जबकि भारत में यह आंकड़ा केवल 11 प्रतिशत है। हालांकि सही दिशा में प्रयास करने से हम इस अंतर को तेजी से कम कर रहे हैं।

**विकास को गति देने के लिए प्रमुख सरकारी पहल**

इस क्षेत्र की वास्तविक क्षमता को उजागर करने के लिए, भारत सरकार ने दो प्रमुख पहलों- राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन



(एनटीटीएम) और वस्त्रों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के माध्यम से कुल 12,000 करोड़ रुपए का परिव्यय किया है। ये कार्यक्रम अलग-अलग काम करने के बजाय, साथ मिलकर, भारत को तकनीकी वस्त्रों के एक वैश्विक केंद्र के रूप में बदल रहे हैं।

एनटीटीएम के तहत, हम अनुसंधान और नवाचार में केंद्रित निवेश को बढ़ावा दे रहे हैं। 510 करोड़ रुपए की सरकारी मदद के साथ कुल 168 उच्च-प्रभाव वाली परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनमें से कई पहले ही प्रयोगशाला से बाजार में आ चुकी हैं जिनमें फायर एंट्री सूट का विकास और भू-वस्त्रों के लिए परिपत्र बुनाई तकनीक शामिल हैं।

**एनटीटीएमः नवाचार को बढ़ावा देना और कौशल प्रदान करना**

आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण से प्रेरित, राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन नवाचार और कौशल विकास के लिए मजबूत नींव रख रहा है। वहीं 17 स्टार्टअप को ग्रेट (तकनीकी वस्त्रों में महत्वाकांक्षी नवप्रवर्तकों के लिए अनुसंधान और उद्यमिता के लिए अनुदान) योजना के तहत सहायता मिली है। 2,000 से अधिक छात्र 41 शीर्ष संस्थानों में तकनीकी वस्त्र पाठ्यक्रम कर रहे हैं जो 16 उद्योग-आधारित कौशल मॉड्यूल द्वारा समर्थित हैं और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल को आकार दे रहे हैं।

**मांग पैदा करना, वैश्विक उपस्थिति को बढ़ावा देना**

मुख्य स्तंभ के रूप में बाजार विकास के साथ, एनटीटीएम घरेलू स्तर पर अपनाने के साथ-साथ वैश्विक पहुंच का भी विस्तार कर रहा है। स्वास्थ्य सेवा, कृषि, बुनियादी ढांचे और रक्षा जैसे क्षेत्रों में 73 तकनीकी वस्त्र सामग्रियों के अनिवार्य उपयोग ने उन्हें सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में एकीकृत किया है।

भारत टेक्स 2025 सहित 30 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों ने भारत की स्थिति को मजबूती दी है।

इस बीच, कुल मिलाकर मानव निर्मित कपड़ा निर्यात 2020-21 में 4.2 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 5.3 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया। वहीं आयात में कमी से बढ़ती आत्मनिर्भरता और प्रतिस्पर्धात्मकता का संकेत मिलता है।

**प्रदर्शन को नीति से जोड़नाः पीएलआई ढांचा**

**निजी क्षेत्र में, प्रदर्शन को पुरस्कृत किया जाता है।**

जो लोग लक्ष्य से अधिक प्रदर्शन करते हैं, उन्हें आगे बढ़ने और देश के रोजगार परिदृश्य को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यही सिद्धांत अब उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के माध्यम से हमारी औद्योगिक नीति को दशार्ता है। यानी प्रोत्साहन अब सब्सिडी नहीं, बल्कि प्रदर्शन से जुड़े पुरस्कार हैं। भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए, विनिर्माण को एक मिशन की तरह माना जाना चाहिए, जिसमें स्पष्ट मीट्रिक, वाणिज्यिक व्यवहार्यता और विकासोन्मुख मानसिकता हो।

एनटीटीएम और पीएलआई साथ मिलकर एक दोहरे इंजन का काम करते हैंः जहां एनटीटीएम अनुसंधान, शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से नींव रखता है, पीएलआई योजना विकास को गति दे रही है।

योजना के तहत चयनित 80 कंपनियों में से आधे से अधिक (ठीक 56.75 प्रतिशत) तकनीकी वस्त्र के क्षेत्र में काम कर रही हैं। यह उद्योग के आत्मविश्वास का एक मजबूत संकेतक है। इस समर्थन की बदौलत, हमने 7,343 करोड़ रुपए का नया निवेश देखा है जिससे 4,648 करोड़ रुपए का प्रभावशाली कारोबार और 538 करोड़ रुपए का निर्यात हुआ है।

सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, कपड़ा मंत्रालय ने सक्रिय कदम उठाए हैं। हमने तीन मौकों यानी जून 2023, अक्टूबर 2024 और फरवरी 2025 पर तकनीकी वस्त्रों के लिए एचएसएन कोड जारी किए और सीमा शुल्क और अनुपालन को स्पष्ट करने के लिए अक्सर पूछे जाने वाले सवाल भी जारी किए। फरवरी 2025 में हुए एक महत्वपूर्ण संशोधन के कारण कुल 54 करोड़ रुपए का प्रोत्साहन संवितरण समय से पहले संभव हुआ।

**हमारी महत्वाकांक्षाएं, घरेलू सीमाओं से कहीं आगे तक फैली हुई हैं।**

इन क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देकर, यह योजना भारत को चीन, वियतनाम और बांग्लादेश जैसे अग्रणी वैश्विक कपड़ा निर्यातकों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार कर रही है।

**अब तक का प्रभाव**

हमारी संयुक्त पहलों का असर पहले से ही दिखाई दे रहा है। तकनीकी वस्त्रों के लिए भारत का घरेलू बाजार 10 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में निर्यात 2.9 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा।

मार्च 2025 तक, हमने 5,218 करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित किया है और 8,500 से अधिक लोगों के लिए रोजगार सृजित किया है। अकेले तकनीकी वस्त्रों ने 3,242 करोड़ रुपए का कारोबार किया है जिसमें 217 करोड़ रुपए का निर्यात शामिल है। ये आंकड़े सिर्फ संख्याएं नहीं हैं, यह इस बात का प्रमाण है कि हमारी रणनीति काम कर रही है।

सतत और आत्मनिर्भर भविष्य की ओरस्थिरता और चक्रीयता भारत की तकनीकी वस्त्र रणनीति के केंद्र में हैं।

जूट, भांग, रेमी, कपास, रेशम और यहां तक कि मिल्कवीड जैसे प्राकृतिक रेशों को उच्च-प्रदर्शन अनुप्रयोगों के लिए फिर से तैयार किया जा रहा है, जो पर्यावरण को लाभ पहुंचाते हुए हमारे किसानों और उद्योगों को सशक्त बना रहे हैं।

## झारखंड लोक सेवा आयोग के इंटरव्यू के मूल तत्व को समझें


**रानी राज**

जेपीएससी (झारखंड लोक सेवा आयोग)के साक्षात्कार अभी चल ही रहे हैं। सिविल सेवा के किसी भी साक्षात्कार का मकसद अभ्यर्थी की नॉलेज टेस्ट नहीं बल्कि आंतरिक जांच से होता है, उसके सम्पूर्ण अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास की परीक्षा होती है ,सूझ-बूझ की परीक्षा होती है। चल रहे साक्षात्कार हेतु कुछ महत्वपूर्ण बातें जो अभ्यर्थियों को ध्यान में रखे जाने चाहिएः

1. समसामयिक घटनाएंः राज्य , देश और विश्व की वर्तमान घटनाओं से भिज्ञ रहें।

2.विषय की समझः अपने विषय अर्थात जिस विषय से डिग्री प्राप्त की हो ,की गहरी समझ होनी चाहिए साथ ही सेवा में आने पर उसके महत्व की जानकारी।

3.संवाद में निपुणताः जवाब सुस्पष्ट और आत्मविश्वास से भरा होना चाहिए न कि अति आत्मविश्वास।



4. नैतिक मूल्यों की महत्ताः सेवा में नैतिक मूल्य को केंद्र में रखकर ही कोई निर्णय लिए जाते हैं या कहें कि नियमों कानूनों के मूल भी नैतिक मूल्य ही हैं तो यह ध्यान रहे।

5राज्य और जिले से संबंधित मुद्दे : राज्य और जिले की ममहत्वपूर्ण समस्याओं और समाधानों पर आपकी समझ और निर्णायक दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है।

साक्षात्कार में सफलता के लिए अति आवश्यक बाते

-सच बोलें ,बनावटी जवाब न दें।

-परिचय संक्षिप्त और स्पष्ट बताएं जिसमें नाम,शिक्षा ,रुचि, बड़ी उपलब्धी और उद्देश्य बता सकते हैं।

- आत्मविश्वास और स्पष्टता से उत्तर दें।

- अपने अनुभवों और ज्ञान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करें।

- आयोग के सदस्यों के प्रश्नों को ध्यान से सुनें और समझें।

- सकारात्मक और सहयोगात्मक अभिवृत्ति प्रदर्शित करें।

इन बातों पर ध्यान केंद्रित करके, आप जेपीएससी साक्षात्कार में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

(धुमकुड़िया संस्थान से जुड़ी हैं।)

## 10 जून से आंरभ जेपीएससी इंटरव्यू में आपके धर्य, ज्ञान और व्यवहार की जांच

**रानी राज**

**(अंकेक्षक अधिकारी बिहार सरकार)**



**झारखंड पर करें फोकस**

संताली किस भाषा परिवार की भाषा है?

संताली मुंडारी खड़िया भाषा में क्या समानता है?

संताली और कुड़ुख भाषा में क्या अंतर है?

आपका पसंदीदा टूरिस्ट स्पॉट कौन - सा है?

आधुनिक भारत के इतिहास में दो विचारधाराएं हमें देखने को मिलती हैं - क्रांतिकारी तथा गांधीवादी विचारधारा आपको कौन-सी विचारधारा ज्यादा पसंद है?

आज झारखंड के सामने प्रमुख सामाजिक-आर्थिक चुनौतियाँ क्या हैं?

झारखंड अपनी उच्च गरीबी दर, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, का समाधान कैसे कर सकता है?

झारखंड में साक्षरता दर (2011 की जनगणना के अनुसार 66.41%) में सुधार के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं?

जनसंख्या की दृष्टि से झारखंड की सबसे बड़ी जनजाति का नाम बताइए तथा उसकी सांस्कृतिक प्रथाओं का वर्णन कीजिए।

उरांव जनजाति के बीच धुमकुरियाः सामाजिक संगठन का क्या महत्व है?

संथाल जनजाति के ह्लमांझीह्व की उनकी सामुदायिक व्यवस्था में भूमिका पर चर्चा करें।

बहा त्योहार क्या है और कौन सा जनजातीय समुदाय इसे मनाता है?

ड्ट करमा त्योहार झारखंड की जनजातियों की सांस्कृतिक पहचान को किस प्रकार प्रतिबिंबित करता है?

असुर जनजाति के पारंपरिक व्यवसाय क्या हैं?

झारखंड के विकास पर नक्सलवाद के प्रभाव और संभावित समाधान पर चर्चा करें।

झारखंड की खनिज संपदा का वहां के लोगों के लाभ के लिए स्थायी उपयोग कैसे किया जा सकता है?

झारखंड में प्रमुख पर्यावरणीय मुद्दे क्या हैं और उनसे कैसे निपटा जा सकता है?

झारखंड (वन क्षेत्र 29.54%) में वनों की कटाई से वहां के जनजातीय समुदायों पर क्या प्रभाव पड़ता है?

आप अपने शौक और व्यावसायिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन कैसे बनाते हैं?

क्या आपने कभी अपने शौक का उपयोग अपने समुदाय या समाज के लाभ के लिए किया है?

यदि आपका शौक कला या संगीत से संबंधित है, तो यह झारखंड की संस्कृति को कैसे दशार्ता है?

क्या आप अपने शौक से जुड़ी किसी प्रसिद्ध शख्सियत और उनकी उपलब्धियों का नाम बता सकते हैं?

आप अपने शौक में कैसे अपडेट रहते हैं या अपने कौशल में सुधार करते हैं?

ग्रामीण झारखंड में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच में सुधार के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं?

झारखंड में पुनर्वास और पुनर्स्थापन नीति के कार्यान्वयन की चुनौतियों पर चर्चा करें।

झारखंड की पर्यटन क्षमता (जैसे, हुंडरू जलप्रपात, नेतरहाट) का आर्थिक विकास के लिए किस प्रकार लाभ उठाया जा सकता है?

झारखंड की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में नवीकरणीय ऊर्जा क्या भूमिका निभा सकती है?

झारखंड कोयला आधारित उद्योगों पर अपनी निर्भरता कैसे कम कर सकता है?

झारखंड से अन्य राज्यों में पलायन के प्रभाव और संभावित समाधानों पर चर्चा करें।

झारखंड जलवायु परिवर्तन कार्य योजना के कार्यान्वयन में क्या चुनौतियाँ हैं?

एक जेएएस अधिकारी के रूप में आप झारखंड में कुपोषण के मुद्दे को कैसे संबोधित करेंगे?

झारखंड के ग्रामीण जिलों में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच में सुधार के लिए आप क्या कदम उठाएंगे?

एक जिला मजिस्ट्रेट के रूप में आप जनता की शिकायतों का निपटारा कैसे करेंगे?

झारखंड के शासन में पंचायती राज संस्थाओं के महत्व पर चर्चा करें।

औद्योगिक परियोजनाओं के कारण विस्थापित परिवारों के पुनर्वास में जेएएस अधिकारी किस प्रकार सहयोग कर सकते हैं?

झारखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने में जेएएस क्या भूमिका निभा सकता है (जैसे, नेतरहाट, हुंडरू जलप्रपात)?

झारखंड में अवैध खनन के मुद्दे को आप कैसे सुलझाएंगे?

झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए आप कौन सी रणनीति अपनाएंगे?

झारखंड को 100 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में जेएएस अधिकारी किस प्रकार योगदान दे सकते हैं?

राज्य अपनी व्यवसाय करने की सुगमता रैंकिंग (2016 में 7वीं) में किस प्रकार सुधार कर सकता है?

झारखंड के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में जल की कमी को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं?

उत्पादकता बढ़ाने के लिए झारखंड के कृषि क्षेत्र का आधुनिकीकरण कैसे किया जा सकता है?

झारखंड में केरोसिन वितरण में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) योजना की भूमिका पर चर्चा करें।

झारखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास में क्या चुनौतियां हैं?

झारखंड अपने युवाओं में बेरोजगारी की समस्या का समाधान कैसे कर सकता है?

झारखंड की जनजातीय भाषाओं, जैसे असुरी, पर आधुनिकीकरण के प्रभाव पर चर्चा करें।

मुंडा जनजाति की भुईहारी-परहा प्रणाली कैसे काम करती है

झारखंड की आदिवासी संस्कृति को संरक्षित करने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं?

छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम (सीएनटी) के तहत जनजातीय भूमि अधिकार स्वदेशी समुदायों की सुरक्षा कैसे करते हैं?

झारखंड के इतिहास में 1855 के संथाल विद्रोह के महत्व पर चर्चा करें।

तिलका मांझी कौन थे और आदिवासी आंदोलन में उनका क्या योगदान था?

सनातन आदिवासी महासभा आदिवासी समुदायों का समर्थन कैसे करती है?

झारखंड के आदिवासी समुदायों को शिक्षा प्राप्त करने में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है?

आर्थिक सशक्तिकरण के लिए आदिवासी कला और शिल्प (जैसे, सोहराई, खोवर) को कैसे बढ़ावा दिया जा सकता है?

जनजातीय भूमि की सुरक्षा में संताल परगना काश्तकारी अधिनियम (एसपीटी) की भूमिका पर चर्चा करें।

झारखंड के वन संरक्षण प्रयासों में आदिवासी समुदाय किस प्रकार योगदान देते हैं?

# उतराचंल के चारधाम यात्रा में मौत के उड़नखटोले!

**एडवोकेट डॉ श्रीगोपाल नारसन**

उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में 15 जून को तड़के एक हेलीकॉप्टर (उड़नखटोला) फिर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इस हेलीकॉप्टर में पायलट समेत 7 लोग सवार थे, जिनमें एक 2 वर्ष का बच्चा भी था। इन सभी की मौके पर ही मौत हो गई है। खराब मौसम के कारण यह हादसा गौरीकुंड और त्रिजुगीनारायण के मध्य गौरीकुंड के जंगलों के ऊपर हुआ। सुबह लगभग साढ़े पांच बजे हेलीकॉप्टर ने केदारनाथ से गुप्तकाशी के लिए उड़ान भरी और अचानक यह हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। खराब मौसम के कारण दृश्यता कम होने की वजह से इस हादसे का होना माना जा रहा है। तत्काल राहत और बचाव दल भेजे गए। रास्ते में मौसम खराब होने के कारण अन्य स्थान पर हार्ड लैंडिंग करने से हेलीकाप्टर क्षतिग्रस्त हुआ है। इसी जून के पहले सप्ताह में भी एक हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी के कारण उसकी बीच सड़क पर इमरजेंसी लैंड कराना पड़ा था। यह हेलीकॉप्टर केदारनाथ धाम यात्रियों को लेकर जा रहा था। हेलीकॉ?टर में पांच यात्री, पायलट और सह-पायलट सवार थे।

इस दौरान सह-पायलट को मामूली चोटें आई थीं। यह हेलिकॉप्टर बड़ासु हेलीपैड से उड़ान भरने के तुरंत बाद आपातकालीन लैंडिंग करने पर मजबूर हुआ था। इस साल मई में केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद से छह सप्ताह में यह पांचवां हेलिकॉप्टर हादसा है। उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर सेवा से केदारनाथ धाम में यात्रा करने वालों की संख्या हर साल लगभग 90 हजार से एक लाख श्रद्धालुओं की है। प्रतिदिन लगभग 1500 श्रद्धालु हेलीकॉप्टर से केदारनाथ दर्शन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन मौजूदा समय में हेलीकॉप्टर की उड़ान कम होने और कुछ एजेंसियों को सस्पेंड किए जाने के बाद टिकट रद्द भी किए जा रहे हैं। टिकट रद्द के बाद श्रद्धालुओं को उनके पैसे वापस करने होंगे। अपनी व्यवस्थाओं से चारधाम यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को लेकर मायूसी है।



उत्तराखंड सरकार ने 15 जून के इस हादसे के बाद उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर सेवाओं को अनिश्चितकाल के लिए रोक दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर मुख्य सचिव इन दुर्घटनाओं को लेकर बैठक भी कर रहे है।उत्तराखंड में 7 जून को 253 हेलीकॉप्टर शटल सेवा चली, जिसमें 1404 श्रद्धालुओं ने केदारनाथ तक का सफर तय किया। 8 जून को 208 हेलीकॉप्टर शटल सेवा चली, जिसमें 1161 श्रद्धालुओं ने केदारनाथ तक का सफर तय किया। 9 जून को हेलीकॉप्टर 186 शटल सेवा चली जिसमें 1043 भक्तों ने बैठकर केदारनाथ के दर्शन किए। 10 जून को मात्र 143 उड़ान केदारनाथ के लिए भरी गई। इसमें 741 श्रद्धालुओं ने सफर किया। 11 जून व 12 जून को केदारनाथ धाम में मौसम खराब होने के कारण कुछ ही हेलीकॉप्टर सुबह उड़ पाए। वास्तविकता यह है कि हेलीकॉप्टर उड़ान के दौरान अब इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा कि कहीं अत्यधिक वजन ढोने, कम निचाई पर हेलीकॉप्टर की उड़ान और एक के बाद एक उड़ान भरने के साथ-साथ दूसरी कोई लापरवाही तो नहीं बरती जा रही है।

हेलीकॉप्टर के इंजन को आराम मिल सके, साथ ही पायलट को भी बीच में अच्छा खासा ब्रेक मिले, इस बात को भी सुनिश्चित किया जाना जरूरी है।

उत्तराखंड चारधाम यात्रा के दौरान पिछले दिनों हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं के बाद डीजीसीए ने हेली संचालन से संबंधित कुछ पाबंदी लगाई हैं। चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या हर साल बढ़ रही है। चारधाम यात्रा में खासकर केदारनाथ धाम में हेली सर्विस के माध्यम से लगातार श्रद्धालु केदारनाथ के दर्शन कर रहे हैं। हेलीकॉप्टर का सबसे ज्यादा संचालन केदारनाथ धाम के लिए ही हो रहा है। लेकिन हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं में इजाफा होने से सरकार और श्रद्धालु दोनों चिंतित है।

बीती 8 मई 2025 को उत्तरकाशी के गंगनानी के पास हेलीकॉप्टर क्रैश में 6 लोगों की मौत हुई। इस साल की इस यात्रा के दौरान 30 दिनों के भीतर चार हेलीकॉप्टर हादसों में 13 लोगों की जान और करोड़ों रुपये के हेलीकॉप्टर क्षतिग्रस्त हो गए है। पर्यटन नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने भी इस बात की पुष्टि की है कि डीजीसीए हेली सर्विस पर रिव्यू कर रहा है। इस रिव्यू के तहत कई तरह की रोक व पाबंदियां भी चारधाम यात्रा पर चल रही हैं। केदारनाथ के लिए उड़ने वाली हेलीकॉप्टर सेवा को रेग्युलेट भी किया गया है। हादसे से पहले एक घंटे में यात्रियों को लेकर हेलीकॉप्टर 25 से 30 बार उड़ा करते थे, यह उड़ान तीन अलग-अलग जगह से होती थी। लेकिन अब अब मात्र 1 घंटे में 9 से 10 उड़ान भरी जा रही हैं। डीजीसीए ने यह भी साफ किया है कि जिस हेलीकॉप्टर में छह सवारियां यात्रा कर रही थी, उन हेलीकॉप्टर में अब सिर्फ 3 से 4 सवारियां ही यात्रा कर पाएंगी।

इसके साथ ही वजन और मौसम का भी ध्यान रखा जाएगा। साथ ही मौसम जरा भी खराब होता है तो कोई भी हेली एजेंसी हेली के संचालन को लेकर दबाव नहीं बनाएगी। डीजीसीए हर एक उड़ान और एविएशन की सारी एक्टिविटी पर नजर रख रहा है। ताकि इस रिव्यू को बेहतर तरीके से किया जा सके और आगे का फैसला लिया जा सके। लेकिन इन पाबंदियों के बावजूद खराब मौसम में हेलीकॉप्टर ने 15 जून की सुबह उड़ान भरी जो दुर्घटना का कारण बन गई और 7 जिंदगियां खत्म हो गईं।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

स्पीड न्यूज



## 21 को बिरसा स्टेडियम में मुख्य योग समारोह

**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला समाहरणालय कक्ष में मंगलवार को 21 जून को आयोजित होने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल संचालन को लेकर डीसी नितीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसपी मुकेश लुणायत, डीडीसी आशीष अग्रवाल, निदेशक डीआरडीए डॉ. अजय तिर्की सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। डीसी ने बताया कि जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम बिरसा मुंडा स्टेडियम, सरायकेला में प्रातः 6 बजे से आयोजित किया जायेगा।

## चांडिल डैम में नहाने के दौरान डूबा साहिल, मौत

**चांडिल।** रविवार को चांडिल डैम में नहाने के दौरान अल कबीर पॉलिटेक्निक के छात्र मोहम्मद साहिल (21) की डूबने से मौत हो गयी। मृतक साहिल रामगढ़ जिले के बरकाकाना का निवासी था। वह कपाली स्थित अल कबीर-पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। रविवार की शाम को मोहम्मद साहिल अपने आठ दोस्तों के साथ चांडिल डैम घूमने आया था। सभी डैम में नहा रहे थे, इसी दौरान साहिल गहरे पानी में चला गया और उसका संतुलन बिगड़ने से डूब गया। घटना के समय उसके साथी उसे बचा नहीं सके।

## समाज के नगीने सम्मान समारोह का आयोजन आज

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन ने समाज के प्रतिभावान बच्चों और युवाओं को सम्मानित करने हेतु समाज के नगीने सम्मान समारोह का भव्य आयोजन दिनांक 17 जून 2025, मंगलवार को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रामगढ़िया सभा भवन, ताम्री रोड, साकची में सायं 5 बजे से आयोजित किया जायेगा। सम्मेलन के अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल गोल्डी ने बतलाया कि इस समारोह में उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने 10वीं एवं 12वीं (सीबीएसई/आइसीएसई) की परीक्षा में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित किए हैं, साथ ही 2025 में, डॉक्टर, इंजीनियरिंग या अन्य प्रतिष्ठित डिग्रियां प्राप्त करने वाले समाज के युवा भी समाज के नगीनेश की उपाधि से नवाजे जायेंगे। सम्मेलन के महासचिव मंटू अग्रवाल ने जानकारी दी कि यह आयोजन स्व रानी देवी चौधरी को समर्पित श्रद्धांजलि भी है, जिनके जीवन-मूल्य आज भी समाज को प्रेरणा देते हैं। इस गरिमामयी आयोजन को सरलाल ग्रुप द्वारा प्रायोजित किया गया है, एक ऐसा औद्योगिक समूह, जो केवल व्यापार नहीं, समाज सेवा को भी अपना धर्म मानता है।

## साकची में मायुमं का रक्तदान शिविर आज

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच, स्टील सिटी टाटानगर शाखा द्वारा मंगलवार 17 जून को रक्तदान शिविर का आयोजन श्री अग्रसेन भवन, साकची में किया जा रहा है। प्रातः10 से अपराह्न 4 बजे तक रक्तदान शिविर चलेगा। इसमें सहयोगी एवं प्रायोजक श्री अग्रसेन भवन (राजस्थान कल्याण परिषद) हैं। यह जानकारी अध्यक्ष अनंत मोहनका एवं सचिव कौशिक चौधरी ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि रक्तदाताओं को मंच की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# कृषि विभाग ने राज्य के हाट बाजारों को आधुनिक कृषि बाजार के तौर पर विकसित करने का लक्ष्य रखा है: शिल्पी नेहा तिर्की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चान्हो/मांडर।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को चान्हो प्रखण्ड के टांगर कृषि हाट बाजार और मांडर प्रखण्ड के टांगर बसली हाट बाजार में शेड निर्माण योजना का शिलान्यास किया। दोनों बाजार में शेड निर्माण पर करीब 1 करोड़ 73 लाख रुपये लागत से बनाया जायगा। इस शेड का क्षेत्रफल 23 सौ स्क्वायर फीट का होगा। बाजार परिसर में सोलर लाइट सहित पुरुषों और महिलाओं के लिए शौचालय के साथ-साथ शुद्ध पेय जल की व्यवस्था होगी।

कृषि विभाग ने राज्य के हाट बाजारों को आधुनिक कृषि बाजार के तौर पर विकसित करने का लक्ष्य रखा है। शिलान्यास के मौके पर शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ग्रामीण हाट, बाजार को सुदृढ़ करना जरूरी है। उन्हों ने कहा कि अब ऐसे हाट, बाजारों में किसानों को अपने उत्पाद को बेचने के लिए मौसम की मार का सामना नहीं करना पड़ेगा। बारिश के मौसम में किसानों और विक्रेताओं को सबसे ज्यादा परेशानी होती थी। कृषि विभाग का उद्देश्य किसानों के उत्पाद का सही मूल्य दिलाना और उनके उत्पाद के रख रखाव की व्यवस्था करना है। उन्होंने कहा कि सरकार और विभाग जनता के लिए योजना तैयार करती है। योजना हुबहू धरातल पर कैसे उतरे इसकी निगरानी खुद जनता को करनी होगी। चुनावबाज नेता सिर्फ धर्म के नाम पर समाज को बांटने का काम करते है। जनता का विकास कैसे हो इस पर उनकी गंभीरता नहीं दिखती। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने योजनाओं की सही जानकारी के लिए पत्रिका तैयार की है। इस पत्रिका में विभाग के द्वारा संचालित योजना का उद्देश्य, योजना का लाभ और योजना का लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी विस्तार से दी गई है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा गांव के भोलेभाले लोगों को सरकार की योजना की जानकारी तक नहीं होती है। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े ऐसे लोगों तक सरकार की योजना पहुंचानी है।

शिलान्यास कार्यक्रम में मोहम्मद इस्तियाक, शिव उरांव, अजीत सिंह, मंगल उरांव, महादेव उरांव, जुल्फेकार, प्रियंका उरांव, इरशाद खान, शशि साहू, मंगा उरांव, आबिद अंसारी, बंधु टोप्पो, तस्लीम अंसारी, असलम अंसारी, होसे उरांव, बेलस टोप्पो, सेराफिना मिंज, बेरनादेत सहित कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# खुशखबरी : एमजीएम डिमना में लेबर रूम का उद्घाटन, पहले दिन जन्म लिये दो शिशु

- नवनिर्मित एमजीएम अस्पताल में ओटी का शुभारंभ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग पूरी तरह शिफ्ट
- स्त्री, प्रसूति रोग से जुड़ी चिकित्सा सेवाओं के लिए मरीज नवनिर्मित अस्पताल में ही भर्ती लिये जायेंगे
- नवनर्मित अस्पताल के माध्यम से नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : डीसी



1. लेबर रूम में आज पहली महिला का सफल प्रसव के बाद खुश नर्स और डॉक्टर्स। 2. एमजीएम डिमना में नये ओटी के उद्घाटन के अवसर पर नर्सों से बनाया आकर्षक रंगोली। 3. लेबर रूम में जन्मे पहले दो शिशु।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत एमजीएम अस्पताल (डिमना परिसर) के नवनिर्मित भवन में आज ऑपरेशन थिएटर (ओटी) का विधिवत शुभारंभ किया गया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के मार्गदर्शन और परियोजना निदेशक आईटीडीए के कुशल नेतृत्व में अस्पताल की शिफ्टिंग प्रक्रिया तेजी से पूर्णता की ओर अग्रसर है। इसके तहत स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग को पूरी तरह पुराने अस्पताल से नवनिर्मित भवन में शिफ्ट कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि नवनिर्मित अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के सभी नए एडमिशन इसी भवन में लिए जाएंगे। आज नए ओटी में दो सफल ऑपरेशन संपन्न हुए, जिनमें एक सामान्य प्रसव और एक सिजेरियन डिलीवरी की गयी।

नवनिर्मित एमजीएम अस्पताल अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस है। यहां एनआईसीयू (नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई), पीआईसीयू (बाल गहन चिकित्सा इकाई), पीडियाट्रिक वार्ड तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित सभी तरह के चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं सुसज्जित एवं सुचारु रूप से चालू की जा रही हैं। अस्पताल के अधीक्षक, उपाधीक्षक एवं प्राचार्य सहित चिकित्सा पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी से शिफ्टिंग कार्य पूरा किया जा रहा है।

मौके पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जिलेवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नवनिर्मित एमजीएम अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा सेवाओं के संचालन से मरीजों को एक ही स्थान पर सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जिला प्रशासन अस्पताल प्रबंधन के साथ मिलकर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है कि वे अब स्त्री, प्रसूती रोग से जुड़ी चिकित्सा सेवाओं के लिए नवनिर्मित एमजीएम अस्पताल का ही रूख करें।

एक नजर में

## मासांत पर्व पर चक्रधरपुर के मोहुलबोराई, सिमिदीरी और चंद्री गांव के छऊ नृत्य में शामिल हुई सांसद



**चक्रधरपुर, पश्चिम सिंहभूम।** सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र की सांसद जोबा माझी सोमवार को मासांत पर्व पर चक्रधरपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों में आयोजित छऊ नृत्य सह मेला कार्यक्रम में शामिल हुई। इस दौरान सांसद ने छऊ नृत्य का आनंद उठाया और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद जोबा माझी ने कहा कि छऊ हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, इसे विकसित और संजोय रखना हमारी सामूहिक दायित्व बनता हैं। उन्होंने स्थानीय कलाकारों की कला की प्रशंसा करते हुए कहा कि पर्व-त्योहार के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम से आपसी मेलजोल को बढ़ावा मिलता है। सांसद मोहुलबोराई, सिमिदीरी, चन्द्री कार्यक्रम में शिरकत की। चन्द्री कार्यक्रम में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सन्नी उरांव, जिला परिषद सदस्य मीना जोंकों, बाईपी की मुखिया पिंकी जोंको, प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम अध्यक्ष ताराकांत सिजुई, विधायक प्रतिनिधि पीरू हेंब्रम, प्रदीप महतो ने सांसद के साथ मंच साझा की।

## मोदी सरकार के 11 वर्षों में नारी शक्ति को मिला सम्मान, सुरक्षा और नेतृत्व का अवसर : पूर्णिमा



**जमशेदपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों और विकास योजनाओं पर चर्चा हेतु सोमवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अंतर्गत पूर्वी विधानसभा में गोलमुरी मंडल की ओर से टुइलाडूंगरी स्थित सी पी कबीर क्लब में विकसित भारत संकल्प सभा की गयी। मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित सभा में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक पूर्णिमा साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। जबकि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवेंद्र सिंह मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार, प्रदेश कार्य समिति सदस्य मिथिलेश सिंह यादव, वरिष्ठ नेता खेमलाल चौधरी, भाजपा जमशेदपुर महानगर के जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा मौजूद रहे। इससे पहले, सभा की विधिवत शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से की गयी। विधायक पूर्णिमा साहू ने पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों को ऐतिहासिक उपलब्धियों और जनसेवा से परिपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने बीते 11 वर्षों में देश को नयी दिशा दी है। आज का नया भारत आत्मनिर्भर, सशक्त और सुरक्षित है। जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नेतृत्व और एनडीए सरकार की स्पष्ट नीति को जाता है। कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में आये दिन देश बम धमाकों और आतंकी हमलों से कांपता था। लेकिन मोदी सरकार के 11 वर्षों में राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर ने स्पष्ट किया कि भारत अब चुप नहीं बैठता है बल्कि घर में घुसकर मुँहतोड़ जवाब देता है। इस दौरान मंच संचालन अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, स्वागत संबोधन सतीश शर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन अमिश अग्रवाल ने किया।

## अनुग्रह नारायण सिंह सेवा संस्थान में जयंती सह प्रतिभा सम्मान समारोह कल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित डॉ कविता परमार व अन्य पदाधिकारी।

**जमशेदपुर।** अनुग्रह नारायण सिंह शिक्षण एवं सेवा संस्थान, बागबेड़ा कॉलोनी द्वारा बिहार विभूति अनुग्रह नारायण सिंह के जन्मदिन के अवसर पर 18 जून को जयंती सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन संस्थान में किया जायेगा। इस अवसर पर अनुग्रह बाबू के कीर्ति को स्मरण करते हुए बागबेड़ा क्षेत्र के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया जायेगा। बागबेड़ा क्षेत्र के सभी समाज एवं वर्ग के वैसे मेधावी छात्र छात्राएं जिन्होंने दसवीं और बारहवीं कक्षा में 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं उन्हें चयनित का सम्मान दिया जाता है। यह सम्मान आइसीएसई, सीबीएसई एवं जैक बोर्ड सभी के लिए होता है। अभी तक 9 विद्यालयों के 24 बच्चों की सूची तैयार कर ली गयी है। यह जानकारी अध्यक्ष अखिलेश्वर सिंह, महासचिव सीएसपी सिंह और सचिव डा कविता परमार ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में दी।

# शहीद गणेश हांसदा की स्मृति में 70 लोगों ने किया रक्तदान

- ट्राइबल ब्लड मैन राजेश मार्डी ने 78वीं बार किया रक्तदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




शहीद गणेश हांसदा के बड़े भाई दिनेश हांसदा ब्लड बैंक, जमशेदपुर में रक्तदान करते हुए। साथ में शहीद के माता-पिता।

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था नयी जिंदगी परिवार और जमशेदपुर ब्लड सेंटर के सौजन्य से गलवान वीर शहीद गणेश हांसदा की पांचवीं शहादत दिवस पर धातकीडीह ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 70 युवाओं ने आकर स्वेच्छा से रक्तदान किया और सभी रक्तदाता अपनी अपनी पारंपरिक परिधान में रक्तदान करने पहुंचे थे। मौके पर बहरागोड़ा से आए शहीद की माता कापरा हांसदा एवं पिता सुगदा हांसदा ने जमशेदपुर ब्लड सेंटर में जीएम संजय चौधरी के साथ अपने लाल के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया और सभी रक्तदाताओं को अंग वस्त्र और उपहार देकर सम्मानित किया।

## गांव से प्रदेश स्तर पर कांग्रेस को सशक्त करना लोकतंत्र की रक्षा के लिए जरूरी है : बन्ना गुप्ता



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से मध्यप्रदेश के छतरपुर जिला में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त पूर्व मंत्री झारखंड सरकार बन्ना गुप्ता का विधानसभा वार बैठक जारी है। छतरपुर अंतर्गत बड़ामलहरा विधानसभा के नगर पालिका भवन में ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम् अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बी एल ऐ एवं जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक कर वे संगठनात्मक मजबूती, पार्टी को मजबूत बनाने, नये सदस्यों को जोड़ने, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील कर रहे हैं। साथ ही जिलाध्यक्षों के चयन, ब्लॉक से लेकर मंडलम, पंचायत, सेक्टर, वार्ड, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पार्टी की जड़ों को सशक्त करने के लिए संवाद कर रहे हैं। बैठक के बाद प्रेस से बात करते हुए पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि गांव, ब्लॉक और पंचायत स्तर तक कांग्रेस को सशक्त करना ही सफलता की कुंजी है। कांग्रेस पार्टी केवल चुनावी दल नहीं, बल्कि विचारधारा और जनता की आवाज है।

## हेवी ब्लास्टिंग को लेकर तुमांग ढुब के ग्रामीणो की बैठक, प्रबंधन पर जताई नाराजगी, होगी आंदोलन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खलारी।** तुमांग ढुब पेटपेट के ग्रामीणो की बैठक कर्मा स्थल में किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया मुकद्दर लोहरा व संचालन अमृत भोगता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से तुमांग पंचायत के मुखिया संतोष कुमार महली एव पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली उपस्थित थे। बैठक में ग्रामीणो ने ढुब बस्ती के निकट रोहिणी खदान चल रहा है और प्रतिदिन हेवी ब्लास्टिंग किया जा रहा। जिससे आसपास के घरों को क्षतिग्रस्त होने का खतरा लगा रहता है। प्रबंधन को पूर्व में ही ढुब पेटपेट गांव के पुनर्वास को लेकर एक मांग पत्र सौंपा गया था। लेकिन कोई पहल नहीं होने से ग्रामीणो ने प्रबंधन के प्रति काफी आक्रोश व्याप्त किया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों नद आंदोलन करने की तैयारी में भी है। मौके पर रमेशर भोगता, उमेश लोहरा, सूरज लोहरा, शिवनाथ भोगता, राजेंदर भोगता, मुरारी, मरकंडे मेहता, संतोष मेहता, संतोष गंझू, बीफा गंझू, मनीचर भोगता, विजय भोगता, अरुण भोगता, रवि भोगता, रघुनाथ लोहरा, किशुन लोहरा, लालमणी भोगता, सहित अन्य बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पुष्पक वाहन पर नगर भ्रमण में निकल भक्तों को दिया दर्शन

- ब्रह्मोत्सव का ग्यारहवां दिन भक्तिमय वातावरण में संपन्न
- 17 जून के कल्याण महोत्सव की तैयारी पूरी, सभी भक्तों को है सादर आमंत्रण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** आंध्र भक्त श्री राम मंदिरम, बिष्टुपुर में चल रहे भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के 56वें ब्रह्मोत्सव के 11वें दिन की धार्मिक गतिविधियां भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुईं। सुबह 6 बजे पंडित कोंडामचारुलु जी ने नित्यकत्ल पूजा के साथ दिन की शुरुआत हुई। इसके पश्चात 8 बजे भगवान बालाजी का अभिषेक किया गया, जिसमें दूध, दही, मधु, गंगाजल, पंचामृत, गन्ने का रस और डाब का पानी आदि से अभिषेकम किया गया। आंध्र भक्त श्री राम मन्दिरम समिति के डेप्युटी प्रेसीडेंट जम्मी भास्कर ने सभी श्रद्धालु भक्तों से 17 जून को शाम 5:30 बजे कल्याण महोत्सव में भाग लेने की अपील की।

## विकसित भारत संकल्प सभा में संकल्प से सिद्धि अभियान को मिला नया आयाम : डॉ जटाशंकर




**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी मानगो मंडल के तत्वावधान में संकल्प से सिद्धि अभियान के अंतर्गत आज विकसित भारत संकल्प सभा का भव्य आयोजन साउथ प्वाइंट स्कूल, पोस्ट ऑफिस रोड, मानगो में संपन्न हुआ। इसके मुख्य वक्ता संकल्प से सिद्धि अभियान के प्रदेश सह-संयोजक एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ जटाशंकर पांडेय ने अपने संबोधन में विकसित भारत के विजन को विस्तार से समझाया। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों की जानकारी दी।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष रेनू शर्मा, जिला कार्यसमिति सदस्यगण, मंडल पदाधिकारीगण, भाजपा के मोर्चा अध्यक्ष, वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकर्ता, एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभा के दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को दोहराया और घर-घर तक मोदी सरकार की योजनाओं को पहुँचाने का संकल्प लिया।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरूआत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शिविर में योजना की जानाकरी देते बीडीओ कामेश्वर बेदिया।

**ओरमांझी।** प्रखंड के सदमा पंचायत में शिविर लगाकर जनजातीय समाज के लोगों को सरकारी योजना से जोड़ने का अभियान चलाया गया। बताया गया कि भारत सरकार द्वारा ओरमांझी प्रखंड के 23 गांव को जनजातीय बाहुल गांव के रूप में चयनित किया गया है। इन गांवों के सभी लोगों को सरकारी योजना से अच्छादित करने के लिए 16 जून से 30 जून तक (कार्य दिवस पर) प्रत्येक दिन शिविर लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने व लाभ देने का कार्य किए जाएगें। सोमवार को शिविर में प्रखंड के सभी विभाग द्वारा स्टोल लगाया गया था। वहीं योजना का लाभ लेने वाले का फार्म भरने के साथ योजनाओं की जानाकारी भी दी जा रही थी। शिविर में पहुंचे लोगों द्वारा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, जीवन ज्योति योजना, सुरक्षा बीमा योजना, वृद्धा, विधवा व दिव्यांग पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं का आवेदन जमा किए। इसके अलावा आंचल से संबंधित भी कई आवेदन जमीन के रसीद काटने, जातीय, आवासीय प्रमाण पत्र सहित काफी दिनों लंबित कार्यों के लिए भी आवेदन जमा किए गए। वहीं शिविर में बीडीओ कामेष्वर बेदिया व सीओ उज्जवल सोरेन भी उपस्थित थें, और प्रखंड व अंचल कर्मियों को निर्देश दे रहे थें। बीडीओ ने बताया भारत सरकार की धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत प्रखंड के जनजातीय बहुल क्षेत्र में शिविर लगाकर जनजातीय समाज के पिछड़े लोगों को सरकारी योजना का लाभ देना है। उन्होने लोगों से जनजाति समाज के लोगों से शिविर में आकर योजना का लाभ उठाने की अपील किया। मंगलवार को सदमा में शिविर लगेगा। वहीं 18 जून को कुच्चू, 19 जून को हेंदेबिल्ली, 20 जून को गगारी, 23 को टुंडाहुली, 24 को ईचादाग, 26 को चुटूपालू व 28 को जयडीहा पंचायत सचिवालय में शिविर लगेगी। जिसमें सबंधित पंचायत के गांव होचई, दुनदुन, जीराबार, जावाबेड़ा, हेसातु, खटंगा, उलातु, बजांग, बरगाईंबंडा, जापे, पिस्का, पुंदाग, मनातु, पालु, बरतुआ व गणेषपुर आदि जनजातीय बाहुल गांव के लोगों को लाभ होगा।

## स्पीड न्यूज

### बरवाडीह : शिव चर्चा में उमड़े श्रद्धालु




**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत आदर्श नगर स्थित उत्तम मैरेज हॉल में रविवार को शिव चर्चा का भव्य आयोजन भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन विनोद प्रसाद के सौजन्य से कराया गया था। सुबह से ही शिवभक्तों का तांता लग गया और देखते ही देखते सैकड़ों श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हो गए। शिव चर्चा की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और शिव महिमा से ओतप्रोत प्रवचनों का आनंद लिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई धार्मिक व्यक्तित्वों और गणमान्य लोगों ने भाग लिया। आयोजन स्थल भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। कार्यक्रम की सफलता में कुटमू की टीम का विशेष योगदान रहा। इस टीम में नुनु मलार, शिव प्रसाद और सुरेंद्र जी ने मुख्य भूमिका निभाई। उनकी सक्रिय सहभागिता से आयोजन अनुशासित और भावनात्मक रूप से समृद्ध रहा। शिव चर्चा के उपरांत दोपहर 3 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित सभी की सहभागिता सराहनीय रही। इस अवसर पर विनोद प्रसाद ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक उन्नति के लिए आवश्यक हैं। श्रद्धालुओं ने आयोजन के लिए आयोजकों और टीम का आभार व्यक्त किया।

### लातेहार विधायक ने परिजनों को 50 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की



**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र के आरा ग्राम के रहने वाले विजयपथ नामक युवक के हत्याकांड मामले को लेकर लातेहार विधायक प्रकाश राम ने सोमवार को मगध परियोजना के महाप्रबंधक निपेंद्र नाथ से मुलाकात कर विजयपथ के परिजनों को 50 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग किया। वहीं इससे पूर्व विधायक प्रकाश राम ने आरा ग्राम स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र में ग्रामीणों के साथ एक बैठक की। जहाँ चयनित 41 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों के साथ जीएम कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने सीसीएल के महाप्रबंधक से पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को स्थाई नौकरी, वहीं मगध खदान क्षेत्र में सुरक्षा एवं प्रकाश की व्यवस्था देने की मांग किया इस दौरान विधायक प्रकाश राम ने जीएम निपेंद्र नाथ को बताया कि विजयपथ पिता बसंत आनंद ग्राम आरा की निर्मम हत्या कर उसके शव को खदान में फेंक दिया गया था। घटना मगध कोल परियोजना अंतर्गत हुई है। जिसको लेकर परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाये। जहां महा प्रबंधक निपेंद्र नाथ ने कहां की पुलिस के अनुसार यह हत्या दूसरे स्थान पर किया गया है। तथा सिर्फ शव को खादान में फेंका गया है इसलिए यह घटना सीसीए के अधीन नहीं आता है। और ऐसी घटना पर सीसीएल में कोई भी मुआवजा का प्रावधान नहीं है फिर भी सीसीएल सीएमडी से बात करूंगा। वहीं जीएम ने कहा कि मृतक के पिता को आउटसोर्सिंग कंपनी पर दैनिक भत्ते पर रोजगार दिया जाएगा। मौके पर कई अन्य ग्रामीणों ने भी पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग रखा। मौके पर भाजपा नेता उपेंद्र यादव, कृष्णा यादव, संजीव सिन्हा, सुनील पांडेय व कई लोग मौजूद थे।

### हुसैनाबाद के होम्योपैथी चिकित्सक के पोते ने नीट यूजी में पायी सफलता, हर्ष




**हुसैनाबाद।** शहर के होम्योपैथी चिकित्सक व अहमद नगर निवासी डॉ शिव प्रसाद मेहता के पोता एवं निरंजन कुमार के पुत्र अभिषेक रंजन ने नीट मेडिकल प्रवेश परीक्षा में 530 अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता व परिजनों सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अभिषेक ने ऑल इंडिया रैंकिंग (ओबीसी) में 10961वीं स्थान प्राप्त किया है। अभिषेक रंजन की इस शानदार सफलता पर परिवार, मोहल्ले और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। रिश्तेदारों, शुभचिंतकों द्वारा उन्हें बधाइयों और शुभकामनाएं दी जा रही है। अभिषेक की इस कामयाबी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि लगन, परिश्रम और परिवार का सहयोग मिल जाए तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। उनकी सफलता पर अभिषेक के दादा डॉ शिव प्रसाद मेहता, चाचा आलोक मेहता समेत क्षेत्र वासियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### प्रखंड प्रमुख ने किया धोबी घाट का उद्घाटन



**हुसैनाबाद, पलामू।** प्रखंड के दक्षिणी क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोशी में सोमवार को प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी समेत समक्ष पंचायत समितियों ने धोबी घाट का उद्घाटन किया। मौके पर दर्जनों से ज्यादा पंचायत के ग्रामीण जनता भी मौजूद थे इस दौरान राजकुमारी ने कहा कि यह गांव अति सुदूरवर्ती हैं जहां की अधिकांश लोगों कामगार मेहनत मजदूरी के लिए बाहर जाते हैं इसी उद्देश्य 15 वित्त की राशि से धोबी घाट व बनाया गया जिससे धोबी समाज के लोगों के साथ अन्य समाज के लोग कपड़ा धोने व अपनी रोजमर्रा के दैनिक उपयोगिता में ला सके तथा क्षेत्र से कामगार व श्रामिक व्यक्तियों का पलायन रुक सके। मौके पर पंसस राजवंश यादव, सुरेंद्र चौधरी, मंटू मेहता, अमन कुमार, पवन पटेल, स्थानीय वार्ड सदस्य, जगदीश बैठा, मुरारी बैठा, मुख्तार बैठा, प्रमोद पासवान, शैलेंद्र बैठा, कुमार विजय उपस्थित थे।

### विहिप के नेतृत्व में पांकी में मेडिकल कैंप

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद सेवा कार्य को निरंतर अपनी प्राथमिकता में रखती है। परिषद के युवा शाखा बजरंगदल सेवा सप्ताह मना रहा है। इस दौरान बूढ़ा अमरनाथ यात्रा और मेडिकल सहायता कैंप लगवाने का निर्णय लिया गया है। जिला के पांकी प्रखंड के ताल पंचायत मुख्यालय में विश्व हिंदू परिषद के पलामू जिला संगठन मंत्री संतोष प्रसाद यादव के नेतृत्व में स्थानीय उच्च विद्यालय में चिकित्सा शिविर आयोजित कर जन मानस का चिकित्सीय जांच करा रही है।

## आइएसएसएफ वर्ल्ड कप में भारत का कमाल

# 2 गोल्ड, 2 ब्रॉन्ज मेडल के साथ तीसरा स्थान किया हासिल




**एजेंसी**

**म्यूनिख।** भारत ने अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के वार्षिक कैलेंडर में सबसे प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण टूनामेंटों में से एक म्यूनिख विश्व कप में अपने प्रदर्शन में सुधार कर दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। पिछले चार विश्व कप में यह तीसरा मौका है जब भारत ने तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया है।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव के. सुल्तान सिंह ने कहा, हमारे निशानेबाजों ने एक बार फिर से म्यूनिख विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस आयोजन से पहले कहा जा रहा था कि भारत के लिए यह टूनामेंट चुनौतीपूर्ण होगा। इसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी भाग ले रहे थे जबकि हमारे कुछ सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज इसमें नहीं खेल रहे थे। हमारे निशानेबाजों ने हालांकि यह साबित कर दिया कि भारतीय निशानेबाजी में विकल्प पहले से कहीं अधिक है।

**इन्होंने जीता मेडल**

इस सत्र की शुरूआत से शानदार लय में चल रही पिस्टल निशानेबाज सुरुचि सिंह ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। हरियाणा की इस 19 साल की निशानेबाज ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में विश्व कप का अपना लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। आर्या बोसरे और अर्जुन बबूता की मिश्रित जोड़ी ने ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्डधारी चीन की एस जीएल आई और वांग जी फी की जोड़ी को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में हराकर बड़ा उलटफेर किया। दो बार की ओलंपियन इलावेनिल वलारिवान (महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल) और ओलंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्त कौर सामरा (महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन) ने भी म्यूनिख में कांस्य पदक जीतने वाले अपने प्रदर्शन से विश्व स्तरीय निशानेबाजों के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की। वलारिवान ने कांस्य पदक जीतने से पहले 635.9 के स्कोर के साथ नया क्वालीफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया, जबकि सुरुचि ने महिला एयर पिस्टल में मनु भाकर के 588 के क्वालीफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की। प्रतियोगिता की 10 स्पधाओं में भी भारतीय खिलाड़ी सात के फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे।

टॉप पर रहा चीन, नोर्वे दूसरे नंबर-चीन चार स्वर्ण सहित सात पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा।

नार्वे दो स्वर्ण और एक रजत के साथ दूसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट समूह सहित कुल 11 देशों ने म्यूनिख में पदक जीते।आईएसएसएफ का वर्ष का चौथा शॉटगन विश्व कप चरण अगले महीने इटली के लोनाटो डेल गार्डा में आयोजित होगा, जबकि चौथा और अंतिम राइफल/पिस्टल विश्व कप सितम्बर में चीन के निंग्बो में होगा।

## इंग्लैंड दौरे के लिए भारत अंडर-19 टीम में दो बदलाव

# चोटिल आदित्य राणा और खिलन पटेल टीम से बाहर



**नई दिल्ली।** आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए भारत अंडर-19 टीम में दो अहम बदलाव किए गए हैं। जूनियर क्रिकेट समिति ने आदित्य राणा और खिलन पटेल के स्थान पर डी. दीपेश और नमन पुष्पक को टीम में शामिल किया है। दोनों खिलाड़ी पहले से ही स्टैंडबाय सूची में शामिल थे। बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में चल रहे हाई परफॉर्मेंस कैंप के दौरान आदित्य राणा को पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर हुआ, जबकि खिलन पटेल के दाहिने पैर में स्ट्रेस रिएक्शन की समस्या पाई गई। चिकित्सा टीम की सलाह के अनुसार, दोनों खिलाड़ियों को आराम की आवश्यकता है, जिसके चलते उन्हें दौरे से बाहर कर दिया गया। भारत अंडर-19 टीम का यह दौरा इंग्लैंड में युवा खिलाड़ियों के अनुभव और कौशल को निखारने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। चयनकर्ताओं का मानना है कि दीपेश और नमन जैसे होनहार खिलाड़ी टीम को मजबूती प्रदान करेंगे।

**अंडर-19 भारतीय टीम**

आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्याराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (उप-कप्तान और विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आर. एस. अम्ब्रीश, कनिष्क चौहान, हेनिल पटेल, युधाजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, अनमोलजीत सिंह, डी. दीपेश, नमन पुष्पक।

## सासंग में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



उत्कर्ष अभियान शिविर में शामिल लोग।

**चंदवा।** प्रखंड अंतर्गत सासंग पंचायत सचिवालय परिसर में सोमवार को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान कार्यक्रम के तहत 50% से अधिक जनसंख्या वाले अनुसूचित जनजाति ग्रामों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी चन्दन प्रसाद, मुखिया पुष्पा देवी ने संयुक्त रूप से दिप जलाकर शिविर का शुभारंभ किया। बीडीओ श्री प्रसाद ने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान, जन धन खाता, विकलांग पेंशन, पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रचार प्रसार करने एवं लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर स्थल में सभी विभागों के स्टाल लगाए गए है। ग्रामीण अपने अपने आवेदन स्टॉल में जमा करे ताकि उनके आवेदन पर अग्रतर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने सरकार द्वारा चलाये जा रहे शिविर में विशेष योजनाओं का लाभ लेने की भी अपील की। कहा कि बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार का लक्ष्य है। इसलिए ग्रामीण इसका लाभ अवश्य उठावे। मुखिया पुष्पा देवी ने भी ग्रामीणों से शिविर के माध्यम से लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान सभी विभागों के स्टाल में ग्रामीणों ने अपने अपने आवेदन जमा किये। बीडीओ ने बताया कि मंगलवार को सेरक के एसटी बहुल ग्रामो के लिए शिविर का आयोजन पंचायत सचिवालय सेरक में होना तय हुआ है। ग्रामीण इस शिविर का लाभ उठावे। मौके पर एमओ चंदन कुमार कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार पाठक कर्मी अमित गुप्ता जगा उराँव अर्जुन लोहरा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### जंगली हाथियों के झुंड ने दो घरों को किया क्षतिग्रस्त



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित टमटमटोला ग्राम में रविवार की देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। जंगली हाथियों के झुंड ने टमटमटोला ग्राम निवासी लक्ष्मण साव एवं छोटेलाल साव के मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बारे में जानकारी देते हुए लक्ष्मण साव ने बताया कि वह अपने पूरे परिवार के साथ घर में सोए हुए थे। इसी दौरान जंगली हाथियों का झुंड एकाएक आ धमका और घर को तोड़ने लगा। घर के परिवार के लोगों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। वहीं घटना की सूचना पाकर बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा ने घटनास्थल का जायजा लिया और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की बात कही। मुखिया नरेश लोहरा ने इस दौरान वन विभाग के पदाधिकारीयो को दूरभाष पर सूचना देकर नुकसान का आकलन करके पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की बात कही।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ 24 जून को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में होगा धरना प्रदर्शन : मंदीप कुमार



**मनिका।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत थाना चौक स्थित शिव मंदिर के समीप ग्राम प्रधान रजत कुमार के आवास पर विकसित भारत संकल्प सभा अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के द्वारा दिन सोमवार को मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सह मंडल प्रभारी व जिलामंत्री ईश्वरी सिंह मौजूद रहे। वहीं बैठक में भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत के संकल्प को मजबूती से दोहराया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियां को ग्रामीणों तक पहुंचाना और विकसित भारत अभियान को गति देना था। साथ ही बैठक में उपस्थित भाजपा के सभी कार्यकताओं को सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने की जिम्मेवारी दी गयी। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार ने बताया कि आगमी 24 जून दिन मंगलवार को प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर मनिका में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष छोटू राजा, रामलाल तिवारी, गंगेश्वर यादव, नंदन यादव व कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चंदवा: बाइक सवार दंपति को टक्कर मार बोलेरो फरार, महिला रिम्स रेफर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चंदवा।** एनएच 75 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत थाना क्षेत्र के इंदिरा गांधी चौक के समीप सोमवार की सुबह एक तेज रफ्तार बोलेरो जेएच 03 ए एच 6491 ने बाइक जेएच 08 जे 1047 पर सवार दंपति अमीर खान व तस्मी परवीन को चपेट में ले लिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को चपेट में लेने के बाद बोलेरो मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया, यहां डॉ तरुण जोश लकड़ा की देख रख में मेडिकल टीम ने प्राथमिक उपचार किया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला तस्मी परवीन की गंभीर स्थिति को देखने हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार अमीर खान अपनी गर्भवती पत्नी तस्मी परवीन को इलाज के लिए लेकर लोहरदगा जा रहा था, इसी दौरान इंदिरा गांधी चौक के समीप के समीप उक्त हादसा हुआ।

### महजोर : सामाजिक कार्यकर्ता इरशाद की पहल पर बिजली उपभोक्ताओं से वसूली गयी राशि हुई वापस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चंदवा।** प्रखंड के पतराटोली में टेक्नो कंपनी के कर्मियों ने स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर अवैध वसूली करने का मामला प्रकाश में आया था। ग्रामीणों की शिकायत पर युवा सामाजिक कार्यकर्ता इरशाद मुन्ना ने इस संबंध में विधायक प्रकाश राम के जनता दरबार में आवेदन देकर उपभोक्ताओं के पैसे वासप दिलाने की मांग की थी। जिसपर विधायक श्री राम ने उपभोक्ताओं की सूची बनाकर बीडीओ को उपलब्ध कराने को कहा गया। इरशाद मुन्ना ने बताया कि रविवार को उपभोक्ताओं से लिये गए पैसे उन्हें लौटा दिए गए हैं। पैसे वापस मिलने के बाद ग्रामीणों ने विधायक प्रकाश राम, बीडीओ चंदन प्रसाद, समाजसेवी इरशाद मुन्ना समेत अधिकारियों को साधुवाद दिया है। उन्होंने बताया कि टेक्नो इंडिया के कर्मचारियों ने मीटर स्थापित करने के बदले पतराटोली गांव के हरिचंद मुंडा से तीन सौ रुपये, गोविंद गंझु से एक सौ, सरहूला गंझु से दो सौ, रिझु गंझु से एक सौ, सचिन गंझु, सूरज गंझु, सुधीर उरांव, बबन मुंडा व भोला उरांव से 200-200 रुपये की वसूली की गयी थी।

## जामताड़ा में द्वितीय झारखंड स्टेट सब जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# लातेहार के बच्चों ने लहराया परचम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोग।

**महुआडांड़।** जामताड़ा में 14 और 15 जून 2025 को आयोजित द्वितीय झारखंड स्टेट सब जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का समापन शानदार प्रदर्शन के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता में लातेहार जिले के 26 युवा एथलीटों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। इन होनहार बच्चों ने न केवल अपनी उपलब्धियों से जिले का गौरव बढ़ाया, बल्कि अपनी मेहनत और लगन से अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा भी स्थापित की। ओवरऑल प्रतियोगिता में लातेहार रनर अप बना। प्रतियोगिता में लातेहार के एथलीटों ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें अनित उरांव ने 60 मीटर दौड़ में मात्र 7.11 सेकंड का समय निकालकर प्रथम स्थान हासिल किया और इस स्पर्धा में नया स्टेट रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया। इसके अलावा, उन्होंने 80 मीटर हर्डल्स में 11.25 सेकंड का समय निकालकर एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनित की यह दोहरी उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। शिवम कुमार ने हाई जंप स्पर्धा में 1.69 मीटर की छलांग लगाकर द्वितीय स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि ने उनकी तकनीकी दक्षता और समर्पण को दशार्या। विनीता लकड़ा ने ट्रायथलॉन (सी) स्पर्धा में 1768 अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन युवा एथलीटों की शानदार उपलब्धियों पर लातेहार जिले के गणमान्य व्यक्तियों और प्रशिक्षकों ने उन्हें बधाई दी। आईपीएस अधिकारी सरोजिनी लकड़ा ने बच्चों की मेहनत और उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ये युवा भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी झारखंड का नाम रोशन करेंगे। लातेहार जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष रॉबर्ट मिंज, उपाध्यक्ष सुशांत उज्ज्वल कुजूर, तनवीर अहमद, सचिव अनुभा खाखा, कोषाध्यक्ष अमित रंजन मिंज ने भी इन बच्चों को बधाई दी।

## धरती आबा अभियान के तहत मंगरा में बहुद्देशीय शिविर, ग्रामीणों ने उठाया योजनाओं का लाभ

- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की मरीजों की जांच, मुफ्त में बांटी दवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



संबोधित करती बीडीओ।

**बरवाडीह।** धरती आबा जनजागृति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत सोमवार को बरवाडीह प्रखंड के मंगरा पंचायत सचिवालय में एक दिवसीय बहुद्देशीय शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का उद्घाटन बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, मुखिया बिपिन बिहारी सिंह और पशुपालन पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। बीडीओ ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे जरूरी दस्तावेजों के साथ आगे आएं और शिविर का लाभ लें। विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह ने बताया कि एक ही स्थान पर आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति व निवास प्रमाण-पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम-किसान, जन-धन खाता, पेंशन और पीएम-विश्वकर्मा योजना जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

**स्वास्थ्य शिविर में दिखा उत्साह :** स्वास्थ्य विभाग की टीम का शिविर में योगदान सराहनीय रहा। डॉ. प्रभात कुमार के नेतृत्व में टीम ने न सिर्फ चिकित्सा सेवा दी, बल्कि हर मरीज को उचित परामर्श भी दिया। टीम की तत्परता और सेवा भावना की ग्रामीणों ने खुले दिल से सराहना की। टीम में सीएचओ शगुफ्ता खातून, एलटी संगीता कुमारी, एएनएम संगीता कुमारी, एमपीडब्लू गुलाम सरवर और अनिल कु.सिंह शामिल रहे। उन्होंने 40 मरीजों की जांच कर 55 लोगों के बीच मुफ्त दवाओं का वितरण किया।

# स्वच्छता पखवाड़ा 2025 की कथारा क्षेत्र में शुरूआत





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** कोल मंत्रालय एवं सीसीएल के मार्गदर्शन में सीसीएल, कथारा क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ उत्साहपूर्वक हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 'शपथ से शुरूआत' अभियान के तहत सामूहिक संकल्प के साथ हुई, जिसमें महाप्रबंधक कार्यालय, कथारा क्षेत्र के सभी कर्मचारियों व अधिकारियों ने स्वच्छ भारत के निर्माण हेतु सक्रिय भागीदारी की शपथ ली। इस अवसर पर महाप्रबंधक कार्यालय के निकट बायो टॉयलेट निर्माण कार्य का भूमि पूजन भी विधिवत रूप से संपन्न हुआ, जो क्षेत्र को स्वच्छ एवं पर्यावरण-संवेदनशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पखवाड़ा केवल सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि यह जन-जागरूकता, व्यवहार परिवर्तन और सामुदायिक भागीदारी का समग्र अभियान है।

पखवाड़े के पहले सप्ताह में जूट बैग वितरण, विभिन्न कार्यालयों तथा निकटवर्ती गांवों में नुक्कड़ नाटक का मंचन तथा स्वच्छता रथयात्रा के माध्यम से जनजागरूकता को प्राथमिकता दी गई है। दूसरे सप्ताह में डस्टबिन स्थापना, विद्यालय व स्वास्थ्य केंद्रों की सफाई तथा परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने जैसे ठोस कार्य किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण, छात्रों हेतु रचनात्मक प्रतियोगिताएं तथा कचरे से खाद निर्माण की कार्यशाला जैसे नवाचारों को भी शामिल किया गया है।

30 जून को 'कर्मवीर सम्मान' के साथ समापन समारोह आयोजित होगा, जिसमें सफाईकर्मियों के योगदान को सम्मानित किया जाएगा। स्वच्छता पखवाड़ा 2025 कथारा क्षेत्र में न केवल एक कार्यक्रम, बल्कि स्थायी जीवन शैली परिवर्तन की शुरूआत हुई।

### दुमका डीसी ने प्लस टू नेशनल उच्च विद्यालय का किया निरीक्षण, कहा

# मूलभुत सुविधा छात्रहित में पूरी करें प्राचार्य





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** प्लस टू नेशनल उच्च विद्यालय का डीसी अभिजीत सिन्हा ने सोमवार को निरीक्षण किया। डीसी ने निरीक्षण कर विद्यालय के प्राचार्य एवं संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालयों में करियर काउंसलिंग कराने का निर्देश दिया। कहा कि इससे विद्यालय के बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ेगा। विद्यालय के कुछ छात्रों के द्वारा छात्रवृत्ति नहीं मिलने की शिकायत की गई। जिस पर जिला शिक्षा पदाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही अन्य विद्यालयों में छात्रवृत्ति की भुगतान की जांच करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्रों ने डीसी को बताया कि विद्यालय में पुरुष शौचालय नहीं होने के कारण काफी परेशानी होती है। इस संबंध में प्राचार्य को शौचालय का प्रबंध करने का निर्देश डीसी ने दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को कार्य पूर्ण होने तक अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। डीसी ने अध्ययन कक्ष में एजुकेशनल कंटेंट से संबंधित पेंटिंग कराने का निर्देश दिया। पूरे विद्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया गया। 11 वीं कक्षा के छात्रों को पाठ्यक्रम के अनुसार पुस्तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी अध्ययन कक्ष में समुचित प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही क्षतिग्रस्त दीवाल, छत आदि का मरम्मती एवं साफ सफाई की व्यापक व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने फिजिक्स केमिस्ट्री तथा बायोलॉजी हेतु लैब 15 दिनों के अंदर अधिष्ठापित करने का निर्देश दिया। 15 दिनों के उपरांत वीडियो कॉल के माध्यम से लैब का निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### भारत विकास परिषद जिला इकाई ने बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा पर किया चर्चा



दुमका। भारत विकास परिषद जिला इकाई के तत्वाधान में शाखा के पदाधिकारी की बैठक सदस्य संगीता अग्रवाल के आवास दुधानी में आयोजित हुई। बैठक में क्षेत्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी के द्वारा परिषद के क्रियान्वित एवं निर्धारित कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा किया गया। बैठक कर सेवा संपर्क पर्यावरण महिला सहभागिता एवं संस्कार निर्माण के लिए 5-5 सदस्यों का एक समूह बनाया गया। जिसके माध्यम से विभिन्न प्रकल्प के कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जाने का जिम्मेदारी सौंप गई। जिसमें कई वरिष्ठ एवं नए सदस्यों को समाहित कर परिषद के कार्यक्रम को क्रियान्वित करने का संकल्प लिया गया। बैठक में एक भारत श्रेष्ठ भारत के जन्मजयक कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में लोगों की भूमिका पर विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए परिषद के कार्यों द्वारा राष्ट्रहित के कार्य करने के लिए प्रेरित किया। संरक्षक के रूप में उपस्थित डॉ अनुज आर्य ने कार्यक्रम की रूपरेखा निर्माण में महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। क्षेत्रीय पदाधिकारी भारतीय शर्मा ने कार्यक्रमों को क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित करने के लिए प्रस्ताव दिए। परिषद के प्रांतीय पदाधिकारी डॉ मधुर कुमार सिंह ने सभी प्रकल्प के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर वार्षिक कार्य योजना में समाहित करने के लिए वार्षिक कैलेंडर निर्माण चर्चा करते हुए अगले माह के कार्यक्रम भारत को जानो गुरु वंदन छात्र अभिनंदन महापुरुषों का सम्मान की बात कही। सचिव जितेंद्र कुमार साह ने कार्यक्रमों के लिए इकाई के सदस्यों से बात कर उनसे एक-एक सदस्य जो परिषद के लिए महत्वपूर्ण योगदान देते हुए निर्माण के लिए सहयोग देने की बात कही। सदस्य योगाचार्य सोना शर्मा ने 21 जून को योग दिवस के अवसर पर सदस्यों एवं सहयोगियों को लेकर योग के प्रति कार्यक्रम करने के लिए अपनी योजना बताया। जिससे दुमका एवं आसपास के क्षेत्र में योग के प्रति जन मानस को प्रेरित किया जा सके। इस अवसर पर सदस्यों ने अपनी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन देकर रूपरेखा निर्माण के लिए अपनी योगदान दिए। बैठक के अंत में अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश हादसा में मृत व्यक्तियों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख ईश्वर से प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में शाखा के सचिव जीतेन्द्र कुमार साह, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, क्षेत्रीय पदाधिकारी भारती शर्मा, योगाचार्य सोना शर्मा, संगीता सिन्हा, सदस्य किशोर प्रसाद साह, सतीश कुमार, संगीता अग्रवाल, सरोज साह, सरिता अग्रवाल, राजकुमारी गुप्ता, ज्योति हिम्मत सिह, सजंती कुमारी, धर्मेन्द्र कुमार सिंह भी उपस्थित रहें।

### बोकारो जैविक उद्यान में बीमार मादा तेंदुआ की मौत

बोकारो। बोकारो जैविक उद्यान में जन्मी एक मादा तेंदुआ की मौत हो गई। छह वर्षीय इस तेंदुए की तबीयत पिछले कुछ दिनों से खराब चल रही थी। 2019 को बोकारो जैविक उद्यान में जन्मी यह तेंदुआ वन्यजीव प्रेमियों के बीच आकर्षण का केंद्र रही थी। उसकी मृत्यु से जू में सन्नाटा पसर गया है। इसकी पुष्टि करते हुए बोकारो स्टील के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने आधिकारिक तौर पर बताया कि मृत्यु को प्राप्त उक्त मादा तेंदुआ का जैविक उद्यान के निधन की सूचना जैविक उद्यान द्वारा वन विभाग को दे दी गई है। इसका इलाज रांची वेटरनरी कॉलेज एवं अस्पताल के विशेषज्ञ पशु चिकित्सक द्वारा 6 जून से कराया जा रहा था। रांची में कराई गई जांच के बाद चिकित्सक की सलाह के अनुसार तेंदुआ का इलाज लगातार चल रहा था।

## स्पीड न्यूज

### बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत, जाम

दुमका। जिला के हंसडीहा थाना क्षेत्र के दुमका-भागलपुर स्टेट हाईवे पर चम्पातरी आश्रम के समीप बाइक और कंटेनर में जोरदार टक्कर हो जाने से बाईक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार कंटेनर (डीडी 01 एक्स 9670 ) जो की हंसडीहा से दुमका की ओर जा रही थी। वही दूसरी ओर से बाईक सवार व्यक्ति दुमका से हंसडीहा की ओर जा रहा था। उसी क्रम में चम्पातरी आश्रम के समीप कंटेनर एक दूसरे से ओवरटेक करने के क्रम मे बाइक सवार व्यक्ति कंटेनर के चपेट में आ गया। बाइक सवार व्यक्ति चपेट में आने से कंटेनर वाहन से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर होते ही बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से बाईक सवार व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के लिए नोनीहाट स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार कर स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि बाइक सवार व्यक्ति दुमका से अपनी बहन का इलाज का रिपोर्ट लेकर अपने घर थाना क्षेत्र के जियाजोर जा रहा था। मृतक की पहचान अमित कुमार कोडा (20) जो हंसडीहा थाना क्षेत्र के जियाजोर ग्राम निवासी बताया जा रहा है। मृतक अमित कोड़ा दुमका एसपी कॉलेज मे इंटर का अध्यनरत छात्र था। युवक की मौत की सूचना पर आक्रोशित ग्रामीणों ने दुमका-भागलपुर मुख्य को लकड़ाटाड (कुंजी ) के समीप मुख्य मार्ग को करीब एक घंटे तक जाम रखा। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी प्रकाश कुमार सिंह दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

### टोटो चालक की इलाज के दौरान मौत

दुमका। शहर के टावर चौक के पास एक टोटो के दुर्घटनाग्रस्त होने से चालक की पीजेएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह घटना सोमवार को दोपहर की है। मृतक गणेश पुजहर (28) जामा के बांदो हरिपुर गांव का निवासी था। वह दुमका में ही टोटो चलाकर अपने परिवार वालों का भरण पोषण किया करता था। उसकी शादी नहीं हुई थी। परिजनों ने बताया कि वह घर से प्रतिदिन दुमका आ जाया करता था और टोटो चलाया करता था। दोपहर में टोटो पलट गया। संयोग से टोटो में कोई पैसेंजर सवार नहीं था। टोटो के पलटने के बाद एक अज्ञात वाहन ने स्पीड से आकर धक्का मार दिया। इस घटना में वह गंभीर रुप से घायज हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### झामुमो बोकारो जिला कमेटी में सह-सचिव बनाये गये अमित



गोमिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कमेटी द्वारा झामुमो बोकारो जिला कमेटी का विस्तार किया गया है। इसकी घोषणा पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने किया। पार्टी के बोकारो जिला कमेटी में गोमिया के अमित पासवान को सहसचिव के पद का दायित्व सौंपा गया है। सहसचिव बनाए जाने के बाद झामुमो कार्यकताओं ने खुशी व्यक्त किया। अमित पासवान ने कहा कि पार्टी ने मुझपर भरोसा जताकर इस दायित्व को सौंपा है, मैं पूरी निष्ठा के साथ इसका निर्वहन करुंगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा को ओर अधिक मजबूत व गतिशील बनाया जाएगा। राज्य सरकार और पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व मंत्री योगेंद्र प्रसाद के प्रति आभार प्रकट किया। श्री पासवान को जिला कमेटी में सहसचिव बनाए जाने के बाद झामुमो गोमिया प्रखंड कमेटी समेत पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

# बोकारो : जमीन विवाद में मारपीट, एक की मौत

## आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव के साथ किया सड़क जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुकरपुर पीपल चौक के सामने जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट की घटना में भुवनेश्वर महतो की मौत के बाद सोमवार को परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर मधुकरपुर पीपल चौक को जाम कर दिया।

घटना की सूचना पाकर जेएलकेएम नेत्री पूजा कुमारी मृतक के परिजनों से मिलकर स्थानीय पुलिस प्रशासन से आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की बात की। बता दें कि दोनों पक्षों के दर्जन भर लोग घायल हुए हैं जिनमें खतियानी पक्ष की महिलाएं भी शामिल है। कसमार थाना में दोनों पक्षों की ओर से परस्पर विरोधी मामला दर्ज कराया गया है। मधुकरपुर निवासी निर्मल स्वर्णकार ने जहां गणपत महतो सुरेन्द्र महतो ठाकुर दास महतो रंजीत महतो समेत अन्य दर्जन भर महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से गणपति महतो ने निर्मल स्वर्णकार हीरालाल स्वर्णकार राहुल स्वर्णकार सिध्देश्वर स्वर्णकार महेश स्वर्णकार आदि के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। गणपति महतो के अनुसार जानकी स्वर्णकार ने भुवनेश्वर महतो को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे सीएचसी कसमार में प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गणपति महतो वगैरह के अनुसार मधुकरपुर मौजा के खाता संख्या-113 के प्लॉट संख्या-3822 रकवा-54 डीसमिल गणपति महतो वगैरह के पूर्वज रेंगटु कुर्मी के नाम से खतियानी भूमि है। जिसे कभी बिक्री नहीं किया गया है। लेकिन निर्मल स्वर्णकार के पूर्वज अवैध तरीके रजिस्टर टू में नाम दर्ज कराकर रसीद कटाकर जमीन को हड़पना चाहता है। उक्त जमीन पर जबरन चहारदीवारी देने का प्रयास कर रहा था इस बीच धारा 144 लगाया गया जिसका उल्लंघन कर पुनः चहारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं निर्मल स्वर्णकार आदि का कहना है कि वह जमीन हमारे पूर्वज मोती सोनार द्वारा खरीदगी जमीन है। आश्चर्य की बात है कि निर्मल स्वर्णकार वगैरह द्वारा खरीदगी पट्टा को कहीं प्रस्तुत नहीं किया जा सका है जिससे संदिग्धता की स्थिति बनती है। वहीं सीएनटी एक्ट 1908 के तहत कुर्मी महतो की जमीन अन्य कोई अगड़ी जातियां खरीद नहीं सकती है। खबर लिखे जाने तक स्थानीय पुलिस परिजनों को समझाने का प्रयास कर रही है। वहीं परिजन अड़े हुए हैं कि जब तक आरोपीयों की गिरफ्तारी नहीं की जाती है तब तक सड़क जाम नहीं हटाया जायेगा।



शव के साथ सड़क जाम करते परिजन एवं ग्रामीण।

## मजदूरों के हक अधिकार के लिए एजेकेएसएस लड़ाई लड़ेगी : सतीश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के क्षेत्रीय समिति का एक बैठक सांसद आवासीय कार्यालय मकोली में क्षेत्रीय अध्यक्ष महेन्द्र चौधरी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय सचिव नरेश प्रसाद महतो ने किया। इस अवसर एसडीओसीएम परियोजना के बीएलए आऊटसोर्सिंग के दर्जनों श्रमिको ने मुख्य अतिथि केन्द्रीय महासचिव सह सीसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्य सतीश सिन्हा के समक्ष सदस्यता ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में 2 जुलाई को विभिन्न मांगो को लेकर एसडीओसीएम परियोजना कार्यालय के सामने धरना व प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। केन्द्रीय महासचिव ने ढोरी क्षेत्र के सभी यूनिट के अध्यक्ष व सचिव को सदस्यता बढ़ाने एवं मजदूर के हर समस्या को प्रबंधन द्वारा निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। संघ में मिथलेश कुमार महतो, आनन्द महतो, सन्नी कुमार, रंजन कुमार, बिमलेश गिरी, श्रीकांत सिंह, रामकिशुन गिरी, शंकर गिरी, बीरु हरि सदस्यता ग्रहण किया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि दीपक महतो, अशोक चौहान, सुरेश महतो, संतोष रजक, गोपाल कुमार, प्रेमचन्द महतो, देवानन्द राम, कृष्णा महतो, बबलु महतो, विक्की मेहता, महेश देशमुख, हिमराज विद्यार्थी, पप्पु सिंह व अनंतलाल उपस्थित थे।

## बीएसएल की क्वालिटी सर्किल टीमों का राष्ट्रीय सम्मेलन में हुआ उत्कृष्ट प्रदर्शन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** केएलएन इंजीनियरिंग कॉलेज मदुरै में क्यूसीएफआई द्वारा आयोजित-कार्यस्थल प्रबंधन की 5-एस प्रणाली के राष्ट्रीय सम्मेलन में बोकारो स्टील प्लांट की क्वालिटी सर्किल टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है।

इस सम्मेलन में बीएसएल की प्रतिभागी 14 क्वालिटी सर्किल टीमों में 11 टीमों ने प्रतिष्ठित पार-एक्सीलेंस अवार्ड तथा 03 टीमों ने एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर बोकारो स्टील का मान बढ़ाया है। बीएसएल के पीईबी विभाग की टीम जिज्ञासा बीजीएच की टीम गौतम क्षितिज तथा रूपांतर हॉट स्ट्रिप मिल की टीम रेडियंस हैवी मेंटेनन्स विभाग की टीम उद्योग सीआरएम-थ्री की टीम प्रयास तथा टीम स्तंभ ईटीएल विभाग की टीम संकल्प सीओ एंड सीसी विभाग की टीम प्रगति तथा ट्रैफिक विभाग की टीम सृजन-ज्योति के साथ कुल 11 टीमों ने कार्यस्थल प्रबंधन की 5-एस प्रणाली के पुरस्कार की सर्वोच्च श्रेणी पार-एक्सीलेंस अवार्ड जीता। पुरस्कार की दूसरी सर्वोच्च श्रेणी एक्सीलेंस अवार्ड बीएसएल के नगर प्रशासन के जलापूर्ति विभाग की टीम आकर्षक एचआरसीएफ विभाग की टीम हिमालय तथा आरसीएल विभाग की टीम कर्ण को मिला। राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में बीएसएल टीमों की तैयारी और सफल भागीदारी की सुविधा बिजनेस एक्सीलेंस विभाग ने प्रदान की थी।

बोकारो स्टील प्लांट के शीर्ष प्रबंधन ने सभी पुरस्कार विजेता टीमों को अपने संबंधित कार्य क्षेत्रों और विभागों में कार्यस्थल प्रबंधन की 5-एस प्रणाली की संस्कृति को मजबूत करने में उनके सार्थक प्रयासों की सराहना के साथ बधाई दी है।

## माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करते हुए लक्ष्य के प्रति रहें समर्पित : विकास कुमार





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** आप जीवन में लाख सफलता पा लें लेकिन अगर अपने माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान नहीं किया तो सच्ची खुशी कभी नहीं पा सकते। विद्यार्थी यदि शालीनता व अनुशासन और कठिन परिश्रम के साथ लगातार प्रयास जारी रखें तो न सिर्फ अपना लक्ष्य पा सकेंगे बल्कि जीवन में हर प्रसन्नता भी उन्हें मिलेगी। उक्त उद्गार व्यक्त किया है काउंसलर एवं द साइकोग्राफिक सोसाइटी करियर काउंसलिंग सेंटर रांची के संस्थापक सह निदेशक विकास कुमार ने। सोमवार को डीपीएस बोकारो में 11वीं कक्षा के नवनामांकित विद्यार्थियों के लिए आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम को वह बतौर अतिथि वक्ता संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस विद्यालय से निकलकर आज विभिन्न क्षेत्रों में ऊंची मुकाम पर बैठे कई विद्यार्थियों की सफलता-गाथा सुनाते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। कहा कि अगर वे भी अभी से ही पूरी निष्ठा के साथ तैयारी में लग जाएं तो कल यकीनन उनकी भी सक्सेस स्टोरी सुनाई जाएगी। इसके पूर्व कुमार का स्वागत करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने विद्यालय को ज्ञान का मंदिर बताया। उन्होंने डीपीएस बोकारो में प्रत्येक विद्यार्थी की गहन देखभाल विद्यालय-अवधि के बाद भी शिक्षकों के मित्रवत सहयोग उन्नत संसाधनों की उपलब्धता आदि के बारे में भी प्रकाश डाला। सत्र के दौरान इस वर्ष 12वीं एवं जेईई एडवांस्ड में अव्वल रहे विद्यार्थियों में बारुनी अग्रवाल व आरुष बनर्जी एवं प्रिंस कुमार पांडेय ने भी अपने अनुभवों से नए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया।

## गोड्डा एसपी के निर्देश पर चला एस ड्राईव अभियान, 52 गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** एसपी मुकेश कुमार के निर्देश पर जिले भर में एस ड्राईव अभियान चलाया गया। शनिवार को देर रात चलाये गये एस ड्राईव अभियान में 52 से अधिक विभिन्न कांडो में फरार चल रहे आरोपियो को पुलिस के द्वारा पकड़ा गया तथा जेल भेजा गया। इसमें वैसे लोगो को भी पकड़ा गया जो विभिन्न कांडो में या तो फरार हैं या फिर कई लंबित मामले में स्थायी व अस्थायी वारंटी हैं। पुलिस ने देर रात सबों को पकड़कर जेल भेज दिया। जिले भर में यह अब तक सबसे बड़ा एस ड्राईव अभियान हैं। जिसमें इतने बड़ी संख्या में विभिन्न कांडो में फरार चल रहे आरोपियों को पकड़ा गया है। इस बार एसपी के द्वारा सभी पुलिस पदाधिकारी जो थाने में पदस्थापित हैं को इस कार्य में बड़े पैमाने पर लगाया गया था तब जाकर इतने बडीं संख्या में फरार आरोपियों को गिरफतार किया गया। नए पुलिस अधीक्षक अपने पदभार ग्रहण के पश्चात ही अपराधिक एवं सामाजिक तत्वों के लोगों के ऊपर सख्ती बने हुए हैं, जिस कारण से अपराधी कर्मियों में काफी खौफ है पुलिस विभाग भी अपने नए कप्तान के निर्देश का पालन सख्ती के साथ कर रही है। इस संबंध में एसपी के द्वारा बताया गया कि आगे भी अपराधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## पेज एक का शेष

### जाति गणना के ...

इसके लिए अत्याधुनिक मोबाइल डिजिटल गैजेट का इस्तेमाल किया जायेगा। पूरे देश में जनसंख्या संबंधी आंकड़े जुटाने के लिए लाखों कर्मचारियों व अधिकारियों को शामिल किया जायेगा। इसके लिए उन्हें अत्याधुनिक डिजिटल उपकरणों से लैस किया जायेगा। दो चरणों में होनेवाली के पहले चरण में हाउसलिस्टिंग ऑपरेशन होगा। इसके तहत प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जायेगा। वहीं दूसरे चरण में जनसंख्या गणना, जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी जुटायी जायेगी। इसके लिए प्रत्येक घर में हरएक व्यक्ति का विवरण लिया जायेगा।

### बिना अनुमति आइपीएस ...

जामताड़ा एसपी राजकुमार मेहता को आईआरबी-1 का भी प्रभार, चतरा एसपी सुमित अग्रवाल को आईआरबी-3 की अतिरिक्त जिम्मेदारी, गुमला एसपी हरीश बिन जमा आईआरबी-5 का भी दायित्व सौंपा था। गोड्डा एसपी मुकेश कुमार को आईआरबी-8 का प्रभार, धनबाद के सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव को रेल एसपी धनबाद की भी जिम्मेदारी और जमशेदपुर ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग रेल एसपी जमशेदपुर का प्रभार दे दिया गया था।

### दिल्ली-रांची फ्लाइट...

विमान हादसे की जांच में जुटे बोइंग एक्सपर्ट : गुजरात के अहमदावाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे की जांच करने उच्च स्तरीय इंटरनेशनल एविएशन इन्वेस्टिगेटर्स और बोइंग के प्रतिनिधि भारत के एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) अहमदाबाद पहुंचे हैं। वे जांच करने में मदद करेंगे। सूत्रों अनुसार हादसे की के लिए जांच प्रतिनिधिमंडल में यूएस नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (ठळरइ), फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (ऋअअ) और ब्रिटेन की सिविल एविएशन अथॉरिटी (उअअ) के अधिकारी शामिल हैं। इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑगेर्नाइजेशन के अनुसार है, जो विमान के निर्माता देश और हादसे से पीड़ित देशों के बीच सहयोग को अनिवार्य बनाता है। एयर इंडिया का विमान अहमदाबाद से लंदन जाने के उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। वहीं पीएम मोदी के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने रविवार को विनान दुर्घटनास्थल और सिविल अस्पताल का भी दौरा किया, जहां पीड़ितों के शवों की पहचान की जा रही है।

### ईरानी परमाणु ठिकान...

ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई हमने ने सोमवार को घोषणा की कि ईरानी संसद जल्द ही एनपीटी से हटने के लिए एक विधेयक लाने की योजना बना रही है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान सामूहिक विनाश के हथियारों के खिलाफ है और उनका देश परमाणु हथियार बनाने का पक्षधर नहीं है। इससे पहले राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने भी कहा था कि ईरान का इरादा परमाणु हथियार विकसित करने का नहीं है, लेकिन न्यूक्लियर तकनीक और शोध में वह पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने देश के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के उस फतवे को दोहराया जिसमें परमाणु हथियारों के निर्माण को इस्लाम के खिलाफ बताया गया था। ईरान की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय में आयी, जब इजरायल ने उसके कई सैन्य अड्डों के साथ-साथ परमाणु स्थलों पर भी हमले शुरू कर दिये हैं। इजरायल ने इन आसपास रहने वाले लोगों को पहले ही चेतावनी जारी कर दी है कि वे क्षेत्र खाली कर दें। एनपीटी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दुनिया में परमाणु हथियारों का प्रसार न हो। ईरान ने इस संधि पर हस्ताक्षर किये थे और यह वादा किया था कि वह परमाणु हथियार नहीं बनायेगा। अगर ईरान अब आधिकारिक रूप से इससे बाहर आता है, तो उसके लिए परमाणु हथियार बनाना आसान हो जाएगा और इससे पश्चिम एशिया में परमाणु युद्ध की आशंका बढ़ सकती है।

**-ट्रंप को मारना चाहता है ईरान : नेतन्याहू :** इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के एक बयान ने दुनियाभर में हलचल मचा दी है। उन्होंने दावा किया है कि ईरान के इस्लामी शासन ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपने परमाणु कार्यक्रम के लिए सबसे बड़ा खतरा माना था, और उनकी हत्या की साजिश भी रची थी। नेतन्याहू ने कहा कि, 'ईरान ट्रंप को मारना चाहता था, वह उसे अपना दुश्मन नंबर वन मानता है।' यह दावा अमेरिका के समाचार चैनल फॉक्स न्यूज को दिए गए इंटरव्यू में सामने आया है, जिसकी जानकारी अठक ने साझा की है। नेतन्याहू ने डोनाल्ड ट्रंप की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें एक मजबूत और निर्णायक नेता बताया। उन्होंने कहा, 'ट्रंप ने कभी भी कमजोर सौदेबाजी नहीं की और न ही दूसरों की शर्तों पर चला।

स्पीड न्यूज

## महाराष्ट्र में वर्षाजनित घटनाओं में 18 लोगों की मौत, 65 घायल

मुंबई। महाराष्ट्र में गत एक जून से अब तक वर्षाजनित घटनाओं में कम से कम 18 लोगों की मौत हुई और 65 लोग घायल हुए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार भारी बारिश के कारण सड़क दुर्घटनाएं, पुल से गिरना, डूबना, बिजली गिरना और आग लगने जैसी विभिन्न घटनाओं में 18 लोगों और छह मवेशियों की मौत हुई है। प्राधिकरण के सूत्रों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में मुंबई शहर, मुंबई उपनगर, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग और रायगढ़ जिलों जैसे विभिन्न स्थानों पर बहुत भारी बारिश दर्ज की गयी। पिछले 24 घंटों से महाराष्ट्र में हो रही भारी बारिश के कारण मुंबई और आसपास के अन्य शहरों में निचले इलाकों में भारी जलभराव के साथ-साथ यातायात जाम और उपनगरीय ट्रेन के साथ-साथ मेट्रो रेल सेवाएं बाधित हो रही हैं।

## पहलगाम हमले को लेकर टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी का केंद्र पर हमला

कोलकाता। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के 55 दिनों के बाद सोमवार को तृणमूल कांग्रेस सांसद एवं पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए पांच सवाल पूछे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट के जरिए उन्होंने पूछा कि इस घटना के 55 दिन बीत जाने के बाद भी न तो सरकार ने स्पष्ट जवाब दिया और न ही मुख्यधारा मीडिया या विपक्ष ने इस पर सवाल उठाए। अभिषेक बनर्जी ने आतंकियों के भारतीय सीमा में दाखिल होने को लेकर सवाल करते हुए पूछा कि चार आतंकवादी सीमा पर घुसपैठ करने और हमला करने में कैसे सफल हो गए, जिसमें 26 निर्दोष नागरिक मारे गए? उन्होंने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा में बड़ी चूक बताते हुए पूछा कि इस विफलता की जिम्मेदारी कौन लेगा?

## विमान दुर्घटना में 92 मृतकों के डीएनए सैंपल का हुआ मिलान

अहमदाबाद। अहमदाबाद विमान दुर्घटना में अब तक 92 मृतकों के डीएनए सैंपल का मिलान हो चुका है। सोमवार सुबह तक कुल 47 मृतदेह परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। इसके अलावा 87 और परिजनों से संपर्क किया गया है। सिविल अस्पताल के सर्जरी विभाग के प्राध्यापक डॉ. रजनीश पटेल ने बताया कि फिलहाल सिविल अस्पताल में 13 परिजन मौजूद हैं, जिन्हें उनके परिजनों के मृत शरीर सम्मानपूर्वक सौंपे जाएंगे। इसके अलावा 87 और परिजनों से संपर्क किया गया है। डॉ. पटेल ने बताया कि 12 ऐसे परिवार हैं, जो अपने अन्य परिजनों के डीएनए मैचिंग के परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं, ताकि वे एक साथ सभी मृतकों के शव स्वीकार कर सकें।उन्होंने बताया कि 16 जून की सुबह 9:30 बजे तक कुल 47 मृतदेह सौंपे जा चुके हैं, जिनमें खेड़ा, अहमदाबाद, बोटाद, महेसाणा, भरूच, अरावली, वडोदरा, जूनागढ़, आणंद, महीसागर, गांधीनगर और भावनगर जिलों के निवासी शामिल हैं।

## 'हाउसफुल-5' ने बॉक्स ऑफिस पर 150 का आंकड़ा पार किया

नयी दिल्ली। अक्षय कुमार की बहुचर्चित फिल्म 'हाउसफुल-5' देखने के लिए सिनेमाघरों में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी है। तरुण मनसुखानी के निर्देशन में बनी यह कॉमेडी एंटरटेनर 6 जून को रिलीज हुई थी। अब रिलीज के 10वें दिन की कमाई सामने आ गई है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक 'हाउसफुल 5' ने अपनी रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे रविवार को 11 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इस फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 153.75 करोड़ रुपये हो गया है। इस फिल्म को करीब 225 करोड़ रुपये के बजट में तैयार किया गया है। बॉक्स ऑफिस पर 'हाउसफुल 5' का सामना कमल हासन की 'ठग लाइफ' और राजकुमार राव की 'भूल चूक माफ' से हो रहा है।

# इजराइली हमले में मारे गये ईरान के तीन शीर्ष खुफिया अधिकारी

### सर्वोच्च नेता खामेनेई को भूमिगत बंकर में ले जाया गया



एजेंसी

तेहरान। इजराइल के मिसाइल हमले में ईरान के तीन शीर्ष खुफिया अधिकारी मारे गए। इनके नाम मोहम्मद काजमी, हसन मोहक्कक और मोहसेन बाकरी हैं। इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई का कोई अता-पता नहीं है। समझा जा रहा है कि उन्हें ईरान के सबसे सुरक्षित भूमिगत बंकर में छुपा दिया गया है।

इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कोर से संबद्ध ईरान की सरकारी संवाद समिति 'तस्नीम न्यूज' ने तीन शीर्ष खुफिया अधिकारियों के मारे जाने की पुष्टि की है। 'तस्नीम' की खबर के अनुसार, 15 जून को हुए इजराइल के मिसाइल हमले में इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स इंटेलिजेंस ऑर्गनाइजेशन के प्रमुख जनरल मोहम्मद काजमी, उप प्रमुख जनरल हसन मोहक्कक और जनरल मोहसेन बाकरी शहीद हो गए।

इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स इंटेलिजेंस ऑर्गनाइजेशन ने बयान में तीनों अधिकारियों की मौत पर शोक जताया है। बयान में आरोप लगाया है कि इजराइल आवासीय क्षेत्रों को निशाना बना रहा है। आवासीय क्षेत्रों पर हमला आतंकवादी प्रवृत्ति है। इजराइली हमलों में 13 जून से अब तक सैन्य अधिकारियों, परमाणु वैज्ञानिकों और आम लोगों सहित दर्जनों ईरानियों की जान जा चुकी है।

इस बीच, इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा है कि उसके सुरक्षा बलों ने ईरान में हथियार बनाने वाले कई कारखानों को मिट्टी में मिला दिया। साथ ही ईरानी सेना के तीन आला अफसरों को मार गिराया। एक अन्य खबर में कहा गया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई को शुक्रवार को इजराइली हमलों के शुरू होने के कुछ घंटों बाद तेहरान के उत्तर-पूर्वी इलाके लवीजान में एक भूमिगत बंकर में ले जाया गया। खामेनेई और उनका परिवार इस बंकर में मौजूद है। टाइम्स ऑफ इजरायल की खबर के अनुसार, खामेनेई ने अप्रैल 2024 और अक्टूबर में भी ईरान के इजराइल पर हमलों के दौरान इसी बंकर में पनाह ली थी।

## ईरान ने इजराइल पर मिसाइलों की बौछार की हाइफा बिजली संयंत्र आग की लपटों में घिरा

तेहरान। प्रतिशोध की आग में जल रहे ईरान ने आज सूरज निकलने से पहले इजराइल पर मिसाइलों की बौछार कर दी। इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स की यह बैलिस्टिक मिसाइलें इजराइल के तेल अवीव और हाइफा में लक्ष्यों पर गिरीं। इससे पहले रात को भी ईरान ने मिसाइलों से हमला किया। ईरान 13 जून को हुए इजराइली हवाई हमले में अपने सैन्य अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों की मौत से बौखलाया हुआ है।

ईरान की न्यूज एजेंसी तस्नीम, सरकारी एजेंसी इरना और तेहरान टाइम्स अखबार की खबरों में ईरान के इजराइल के खिलाफ हवाई हमले की जानकारी दी गई है। खबरों के अनुसार, ईरान ने ताजा हमले में तेल अवीव, हाइफा, बेन गुरियन हवाई अड्डे और नेवातिम एयरबेसल गोलान हाइट्स में लक्ष्यों को निशाना बनाया। ईरान ने पिछले तीन दिनों में कई इजराइली सैन्य इमारतें जमींदोज कर दी हैं। ईरानी सशस्त्र बलों ने सोमवार सुबह फिलिस्तीन के कब्जे वाले इजराइली क्षेत्रों में ड्रोन और मिसाइलों की बौछार की है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने घोषणा की कि इस बार दुश्मन की रक्षा प्रणालियों को निशाना बनाया गया। ईरानी मिसाइलों ने हाइफा बिजली संयंत्र को नुकसान पहुंचाया है।

खबरों के अनुसार, इजराइली आर्मी रेडियो ने आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया कि इजराइली वायुरक्षा कम से कम 10 ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने में असमर्थ रही। ईरानी ड्रोन हमले के बाद कब्जे वाले क्षेत्रों के उत्तर में चेतावनी सायरन बजने शुरू हो गए। अल जजीरा की खबर के अनुसार, ईरानी मिसाइल हमलों की आठवीं लहर इजराइल के लिए विनाशकारी रही। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, ऑनलाइन प्रसारित फुटेज में हाइफा बिजली संयंत्र आग की लपटों में घिरा रहा। इसके बाद व्यापक बिजली कटौती की सूचना मिली।

### ईरान-इजराइल संघर्ष पर यूरोपीय संघ चिंतित

ब्रसेल्स। ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते सैन्य टकराव को लेकर यूरोपीय संघ (ईयू) ने गहरी चिंता जताई है। इसी सिलसिले में यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कैलास ने मंगलवार को ईयू के सभी विदेश मंत्रियों की एक आपातकालीन वीडियो कांफ्रेंस बैठक बुलाई है। यूरोपीय संघ के प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि मध्य पूर्व की वर्तमान स्थिति अत्यंत गंभीर है। इसी को ध्यान में रखते हुए उच्च प्रतिनिधि काजा कैलास ने मंगलवार को यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों की वर्चुअल बैठक बुलाई है। प्रवक्ता के अनुसार, इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ईरान और इजराइल के बीच चल रहे संघर्ष पर चर्चा, तेहरान और तेल अवीव के साथ कूटनीतिक संपर्क के प्रयासों का समन्वय तथा संभावित अगले कदमों की रणनीति तय करना है।

## आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भारत विश्व में अग्रणी बनने की ओर :अमित शाह



एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत आपदाओं के प्रबंधन में क्षमता, दक्षता, गति और सटीकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल कर विश्व में अग्रणी देश बनने की दिशा में बढ रहा है।

श्री शाह ने सोमवार को यहां राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों तथा आपदा मोचन बलों के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने पिछले दो वर्षों में राहत तथा आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी एजेंसियों की विभिन्न कार्यशालाओं को एक ही बैठक के तहत लाकर संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण के साथ एक वैचारिक मंच बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इससे कमियों को दूर करने औ? पूरे देश को आपदा से लड़ाई के लिए तैयार करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि इससे सभी हितधारक और एजेन्सियां मिलकर अच्छे तालमेल से काम कर पाती हैं।

गृह मंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण पूरा विश्व आपदाओं से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के लिए राष्ट्रीय गठबंधन (सीडीआरआई) के योगदान के कारण भारत आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की दिशा में अग्रसर है।

श्री शाह ने कहा कि जब भी भारत के आपदा प्रबंधन का इतिहास लिखा जाएगा तो मोदी सरकार के ये दस वर्ष परिवर्तनकारी दशक के रूप में दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने क्षमता, गति, दक्षता और सटीकता के चारों क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि न सिर्फ क्षमता को बढ़ाया गया बल्कि उसे संवर्धित कर तहसील तक पहुंचाने का काम किया गया है। गति का भी ध्यान रखा गया है क्योंकि समय पर आपदा से लोगों को बचाना सबसे महत्वपूर्ण होता है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का साइप्रस में जोरदार स्वागत

# दोनों देशों के सीईओ फोरम की बैठक में की भारत के सुधार पथ पर बात

एजेंसी

निकोसिया (साइप्रस)। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साइप्रस की दो दिवसीय (15-16 जून) आधिकारिक यात्रा पर पहुंच चुके हैं। यहां पहुंचने पर प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। भारतीय समुदाय ने भी उनसे मुलाकात कर ऑपरेशन सिंदूर पर खुशी जताई। उन्होंने साइप्रस के लिमासोल में भारत-साइप्रस सीईओ फोरम की बैठक को संबोधित किया।

भारत-साइप्रस सीईओ फोरम की बैठक पर प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा, " राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस और मैंने भारत और साइप्रस के बीच वाणिज्यिक संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए अग्रणी सीईओ के साथ बातचीत की। नवाचार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। मैंने पिछले दशक में भारत के सुधार पथ के बारे में भी बात की। भारत, साइप्रस के साथ दोस्ती को और गहरा करने के लिए तत्पर है।

भारतीय समुदाय से मुलाकात पर प्रधानमंत्री मोदी अन्य पोस्ट में लिखा, मैं भारतीय समुदाय को इस स्नेह के लिए धन्यवाद देता हूं। भारत आने वाले समय में साइप्रस के साथ संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए काम करता रहेगा।"

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-साइप्रस सीईओ फोरम में कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। आज, भारत के पास एक स्पष्ट नीति है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने महत्वपूर्ण डिजिटल क्रांति का अनुभव किया है। इसमें दुनिया भर में 50 फीसद डिजिटल लेनदेन यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से हो रहे हैं। यह डिजिटल परिवर्तन भारत के लिए गेम चेंजर रहा। इसने वित्तीय समावेशन और नवाचार को बढ़ावा दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा, ₹यह छह दशक बाद हुआ है कि लगातार तीसरी बार एक ही सरकार चुनी गई है। पिछले 10 साल में डिजिटल क्रांति हुई है। प्रधानमंत्री ने फ्रांस की तरह साइप्रस को भी यूपीआई में शामिल करने की बातचीत का स्वागत किया।

### मोदी को मिला साइप्रस का सर्वोच्च नागरिक अलंकरण



निकोसिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सोमवार को यहां साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने राष्ट्रपति महल में प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्वागत किया और द्विपक्षीय बैठक के बाद एक संक्षिप्त समारोह में साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ह्यदि ग्रांड क्रॉस ऑफ दि ऑर्डर ऑफ मकारियोस-3ह्न से अलंकृत किया। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि यह किसी नरेन्द्र मोदी का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है और वह भारत के नागरिकों की ओर से पूरी विनम्रता से इस सम्मान को स्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने भारत एवं साइप्रस के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने पर भी बल दिया।

## मुंबई में भारी बारिश से सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित, ऑरेंज अलर्ट



मुंबई। समूचे महाराष्ट्र में सोमवार को बारिश से रेल सेवाओं सहित सड़क यातायात और कई उड़ानें भी प्रभावित हुई हैं। पिछले १५ दिनों में बारिश से जुड़ी घटनाओं से 18 लोगों की मौत, 65 घायल हुए हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करके शहर और उपनगरों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई है। इसलिए प्रशासन ने सिर्फ जरुरी काम होने पर ही लोगों को घर से निकलने की अपील की है।

आईएमडी ने अगले 24 घंटों में मुंबई शहर और उपनगरों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना के साथ बादल छाए रहने का अनुमान लगाया है। मुंबई, ठाणे और पालघर में भारी से बहुत भारी बारिश के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को सुबह 9.10 बजे 1.33 मीटर का निम्न ज्वार आने का और दोपहर 3.31 बजे 4.21 मीटर का उच्च ज्वार आने की संभावना व्यक्त की है। इसके बाद रात 9.41 बजे 1.86 मीटर का निम्न ज्वार आने की संभावना है।

## छपरा में पिकअप पलटी महिला समेत छह की मौत

एजेंसी

पटना। बिहार में सारण जिले के नयागांव थाना अंतर्गत बाजितपुर गांव के पास सोमवार सुबह पिकअप गाड़ी के पलटने से एक महिला समेत छह लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में कई लोग घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि पिकअप में 35 से 40 लोग सवार थे।

पुलिस के मुताबिक पिकअप गाड़ी दिघवारा से मक्का लोड करके हाजीपुर की तरफ जा रही थी। इसी दौरान बाजितपुर के निकट पिकअप का एक चक्का ब्लास्ट करने के बाद गाड़ी पलट गई। इसमें छह लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अनुमंडल अस्पताल सोनपुर ओर हाजीपुर सदर अस्पताल भेजा गया। घायलों में कई की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की पहचान बादल कुमार उम्र 18 वर्ष पिता सुरेन पासवान, ओहिला देवी पति भगवान मांझी, लक्ष्मी देवी उम्र 55 वर्ष पति योगेन्द्र भगत, गोलू कुमार उम्र 18 वर्ष पिता किशोरी राम, अरविंद कुमार उम्र 16 वर्ष पिता अरूण राम, फूलमती देवी पति चंदेश्वर पासवान के रूप में हुई है।

## अमरोहा पटाखा फैक्टरी विस्फोट में चार की मौत व आठ घायल

अमरोहा। उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में अतरासी गांव के खेत में संचालित पटाखा फैक्टरी में सोमवार को भीषण विस्फोट में चार महिलाओं की मौत हो गई है। जबकि आठ लोग घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विस्फोट के मृतकों की शिनाख्त हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।रजबपुर थाना क्षेत्र, अतरासी गांव के जंगल में अवैध तरीके से एक पटाखा फैक्टरी संचालित हो रही थी। रोजाना की तरह यह पर लोग काम कर रहे थे, इसी दौरान फैक्टरी में विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज था कि बिल्डिंग की टीनशेड और दीवारें गिर गई। इमारत के मलबे में कई लोग दब गए। इस घटना से पूर इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर फायर बिग्रेड, प्रशा??सनिक अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची और मलबे में दबे लोगों को निकाल घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया और राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया।

# सीएम ने मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना का किया लोकार्पण



एजेंसी

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना जिला के भूपतिपुर में आयोजित कार्यक्रम स्थल से मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना अंतर्गत 1105 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित भूपतिपुर से पुनपुन (एनएच-22) तक एलिवेटेड/एटग्रेड पथांश का लोकार्पण किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पथ के निर्माण से गयाजी, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद और राजगीर जाने में लोगों को सुविधा होगी। साथ ही दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों में आना-जाना भी अब बेहद आसान हो जाएगा।

मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि पटना को जाम मुक्त बनाने और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में यह एलिवेटेड सड़क काफी उपयोगी होगी। इस एलिवेटेड सड़क के शुरू होने से राजधानी के दक्षिणी इलाकों में रहनेवाले लाखों लोगों को यातायात में काफी सहूलियत होगी एवं आवागमन में समय की बचत होगी। मुख्यमंत्री लौटने के क्रम में सिपारा के पास रुके। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि मीठापुर-महुली एलिवेटेड का निर्माण सिपारा पुल के ऊपर से होगा और मीठापुर फ्लाईओवर गोलंबर पर आकर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस बचे हुये कार्य को दो माह में पूर्ण करें।सिपारा से महुली एलिवेटेड पथ पर जाने के लिए भूपतिपुर के पास बने रैंप से होकर लोग अब सफर कर सकेंगे और सिपारा से महुली की दूरी महज 5 से 6 मिनट में पूरी हो जाएगी। लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित एलिवेटेड/एटग्रेड पथांश का भूपतिपुर से पुनपुन तक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री पुनपुन में रुके और वहां उपस्थित लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा।

